


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बाल दिवस आज




अमोनियम नाइट्रेट, ऑक्साइड और फ्यूल ऑयल जैसे पदार्थों से तैयार किए जाने वाले विस्फोटक को आतंकी 'शिपमेंट' और 'पैकेज' जैसे कोडवर्ड से संबोधित करते थे




# जनवरी में लाल किले की कई बार की गई थी रेकी, आतंकी विदेशी हैंडलर्स से एन्क्रिप्टेड रूट के माध्यम से करते थे बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के फरीदबाद मॉड्यूल के संदिग्ध आतंकी यानी सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के संबंध में गिरफ्तार किए गए डॉ. मुजम्मिल गनई लालकिला क्षेत्र की पहले भी रेकी कर चुका है। उसके मोबाइल फोन के डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि उसने इस साल जनवरी में लाल किला क्षेत्र की कई बार टोह ली थी। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ▶▶ शेष पेज 6 पर



आतंकी उमर नबी

**आतंकी उमर का उसकी मां के सैंपल से डीएनए मैच, कार में वही था, उसने ही खुद को उड़ाया था**



फरीदाबाद में लाल कार की तलाशी

**जांच एजेंसियों ने आतंकियों के फोन से इन कोड वर्ड्स को बरामद किया, जिससे उनके संचार के तरीके का पर्दाफाश हुआ**

### ऐसी सजा देंगे कि भविष्य में कोई हमले के बारे सोच भी नहीं पाएगा : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में हुए विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

### अब एयर इंडिया की टोरंटो दिल्ली उड़ान में बम की अफवाह

पिछले दो दिनों से लगातार एयरपोर्ट से लेकर कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हैं। इसी बीच गुरुवार को भी कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रही उड़ान को बम की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अल फलाह यूनिवर्सिटी में खड़ी मिली ब्रेजा, गाड़ी शाहीन के नाम इस्तेमाल कर रहा था कोई और

फरीदाबाद के धौज में स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी से जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक और कार बरामद की है। ये ब्रेजा कार इस मामले में गिरफ्तार हो चुकी जैश की महिला विंग की कमांडर डॉक्टर शाहीन के नाम पर है। यह कार सितंबर 2025 में ही खरीदी गई थी। कार को यूनिवर्सिटी का एक अन्य डॉक्टर इस्तेमाल कर रहा था। उसे भी हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले जो एक डिजायर कार ▶▶ शेष पेज 6 पर



डॉक्टर शाहीन और उसकी कार

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रॉ प्रमुख जैन को सुरक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के प्रमुख पराग जैन को कैबिनेट सचिवालय में सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन ने एक जुलाई को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए देश की बाह्य खुफिया एजेंसी का कार्यभार संभाला था। कैबिनेट समिति ने आदेश जारी किया है।



### गूगल मैप्स बताएगा एयर क्वालिटी इंडेक्स

**नई दिल्ली।** सर्दियों के मौसम में कई शहरों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। गूगल ने इसी समस्या को हल करने के लिए एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) फीचर लॉन्च किया है। अब आप अपने मोबाइल या कंप्यूटर पर ही किसी भी जगह की रियल टाइम हवा की स्थिति देख सकते हैं। इससे तय कर सकते हैं कि जाना ठीक रहेगा या नहीं।



### पंचायत सचिव 50 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बालाघाट।** जिले में लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत परसवाड़ा के ग्राम पंचायत खरपड़िया सचिव और ग्राम पंचायत उकवा के प्रभारी सचिव योगेश हिरवाने को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जमीन पर भवन निर्माण की एनओसी देने के नाम पर दो लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।



**बिहार चुनाव** के आज आएंगे नतीजे, 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

# एग्जिट पोल की असली परीक्षा...पास होंगे या फेल या देखने को मिलेगा कोई नया खेल



नीतीश कुमार



तेजस्वी यादव

*बिहार विधानसभा की 243 सीटों के मतदान प्रतिशत 67.13% रहा, जो 1951 के बाद से अब तक का सर्वोच्च स्तर है*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में एनडीए या महागठबंधन की सरकार? यह आज साफ हो जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे शुक्रवार को आएंगे। राज्य के 38 जिलों के 46 मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, जो 8 से 8:30 बजे के बीच स्कैनर से स्कैन करके की जाएगी।

अगर पोस्टल बैलेट की गिनती 8:30 बजे तक पूरी नहीं भी हुई, तब भी ईवीएम से वोटों की गिनती समानांतर रूप से शुरू हो जाएगी। बिहार विधानसभा की 243 सीटों के मतदान प्रतिशत 67.13% रहा, जो 1951 के बाद से अब तक का सर्वोच्च स्तर है। आयोग ने 14 नवंबर 2025 को सुचारू रूप से मतगणना प्रक्रिया के लिए भी प्रावधान किए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बिहार का अगला सीएम कौन आज बताएगी ईवीएम**





भाजपा के लिए हलवाइयों ने लड्डू बनाने का काम पहले से ही शुरू कर दिया है

- ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत का अनुमान सिर्फ एक में महागठबंधन आगे
- 38 जिलों के 46 केंद्रों पर मतगणना होगी एक राउंड में 14 ईवीएम खुलेंगी
- किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में वीवीपैट की पर्चियों की गिनती की जाएगी
- मतगणना परिसर में मोबाइल ले जाने पर पूरी तरह से रोक

### भाजपा दफ्तर पर पोस्टर लगा- बिहार है तैयार 14 नवंबर को फिर आ रही एनडीए सरकार

### एकमात्र एग्जिट पोल जो बिहार में बना रहा महागठबंधन की सरकार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जारी हुए अधिकतर एग्जिट पोल के नतीजों में एनडीए को भारी बढ़त के साथ बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, एक एग्जिट पोल ऐसा है जिसमें तेजस्वी यादव के महागठबंधन को जीत मिलते हुए दिखाई गई है। इस एजेंसी का नाम जर्नो मिरर है। इस एग्जिट पोल में महागठबंधन को 243 में से 130 से 140 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। वहीं, एनडीए को बहुमत से दूर रखते हुए 100 से 110 सीटों के बीच सिमटते हुए दिखाया गया है।

### मनेर से 500 किलो लड्डू का ऑर्डर, कोलकाता से मंगाए फूल

नतीजे को लेकर दोनों गठबंधनों के दलों ने अपने-अपने तरीके से जश्न मनाने की तैयारी पहले से ही कर रखी है। पटना की अधिकतर बैंड पार्टी बुक हैं और मिठाइयां बनाई जा रही हैं। प्रत्याशी के समर्थक कोलकाता से फूल मंगा रहे हैं। जदयू प्रदेश कार्यालय में अभी से खुशी का माहौल दिख रहा है। प्रदेश मुख्यालय को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारी है। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी कहा गया है कि अपने घरों को वे सभी सजा लें। जदयू प्रदेश कार्यालय को बिजली के झालर और फूलों से सजाया जाएगा। पटना स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मतगणना से ठीक एक दिन पहले ही सजावट, मिठाइयों के ऑर्डर और जश्न की तैयारियां चल रही हैं। कार्यकर्ता लगातार पोस्टर, बैनर और झंडे लगा रहे हैं। कार्यालय की दीवारों पर नए पोस्टर चिपकाए जा रहे हैं, जिन पर लिखा है- 'बिहार है तैयार, 14 नवंबर को फिर आ रही एनडीए सरकार'। इसके लिए कोलकाता से विशेष फूल मंगवाए जा रहे हैं, जबकि मनेर से 500 किलो लड्डू का ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है। उधर, राजद के समर्थक भी लड्डू का ऑर्डर दे चुके हैं। पार्टी कार्यालय में जश्न की तैयारियां हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

**सीएम ने 1.33 लाख किसानों को अंतरित किए भावांतर योजना के 233 करोड़, कहा**

# योजना की 'शुरुआत के 15' दिन में ही निभाया किया वादा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोयाबीन भावांतर योजना में राशि अंतरित की

**15 जनवरी तक सोयाबीन विक्रय कर सकेंगे पंजीकृत किसान**

**देवास जिले में 183.25 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को देवास में आयोजित कार्यक्रम में एमएसपी की गारंटी की पूर्ति करते हुए सोयाबीन भावांतर योजना में 1 लाख 33 हजार किसानों के खाते में 233 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर दी। उन्होंने कहा कि इस तरह हमारी सरकार ने योजना की शुरुआत करने के 15 दिन में ही किसानों से किया वादा पूरा कर दिया है। डॉ. यादव गुरुवार को देवास में राशि अंतरित करने के बाद बड़ी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना के तहत पंजीकृत किसान 15 जनवरी तक अपनी सोयाबीन मंडियों में बेच सकेंगे। पूरे प्रदेश में 220 से अधिक मुख्य मंडियों और 80 उप मंडियों में खरीदी की जा ▶▶ शेष पेज 6 पर

### देवास में भावांतर योजना के लिए सर्वाधिक पंजीयन

मुख्यमंत्री के देवास पहुंचने पर रोड-शो में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और किसानों सहित नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सभी का अभिवादन करते हुए किसानों को भावांतर योजना में मिले लाभ की बधाई दी। कार्यक्रम में कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि मध्यप्रदेश किसानों के लिए भावांतर योजना संचालित करने वाला देश का ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पुणे में भीषण सड़क हादसा**

# ट्रक का ब्रेक फेल, कई गाड़ियों को मारी टक्कर, 9 लोगों की मौत

टक्कर के बाद कार और ट्रक में आग लगी, 5 लोग जिंदा जले | आग लगने के दौरान कार सवार बाहर नहीं निकल पाए

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे के नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम बड़ा हादसा हो गया। एक ट्रक का ब्रेक फेल होने से ट्रक ने कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद एक कार में आग लग गई, जिसमें एक ट्रक भी जल गया। हादसे ▶▶ शेष पेज 6 पर



आग लगने के बाद उठी लपटें

**एसीबी की बड़ी कार्रवाई**

## क्लर्क 15 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार, जज भी फंसे

एजेंसी ▶▶ मुंबई



■ पक्ष में फैसला सुनाने के लिए मांगे थे 25 लाख

मुंबई में एक दीवानी अदालत से हाल ही में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां अदालत में क्लर्क के पद पर तैनात एक शख्स को एक जमीन विवाद मामले में पक्ष में फैसला दिलाने के लिए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की ओर से 15 लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार ▶▶ शेष पेज 6 पर

**ईडी की बड़ी कार्रवाई:** दिल्ली से मुंबई तक 15 ठिकानों पर छापेमारी

# 12 हजार करोड़ रु. के घोटाले में जेपी इंफ्राटेक के एमडी मनोज गौड़ अरेस्ट

"हजारों खरीदारों ने अपने घरों की डिलीवरी न मिलने की शिकायत की थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर के हजारों होमबायर्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ग्रेटर नोएडा के नामी बिल्डर जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस 12,000 करोड़ रुपए के मनी लांड्रिंग और फ्रॉड केस से जुड़ी है जिसमें हजारों खरीदारों ने अपने घरों की डिलीवरी न मिलने की शिकायत की थी। ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) 2002 के तहत इस केस की जांच शुरू की थी। मई में एजेंसी ने दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई समेत करीब 15 ठिकानों ▶▶ शेष पेज 6 पर



मनोज गौड़



फाइल फोटो

**धर्मेंद्र को देखने आए लोगों पर भड़के सनी देओल**

**वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

# शर्म नहीं आती...तुम्हारे घर में मां-बाप नहीं हैं?




एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र इन दिनों स्वास्थ्य समस्याओं के चलते चर्चा में हैं। हाल ही में सांस लेने में दिक्कत होने के कारण उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, लेकिन अब वह सुरक्षित रूप से घर लौट चुके हैं। घर पर ही उनका इलाज जारी है और डॉक्टर्स की निगरानी में वो रिकवर कर रहे हैं।

इस दौरान उनकी सेहत का हाल जानने के लिए उनके करीबी घर पहुंच रहे हैं। इस बीच पैपराजी का घर के बाहर तांता लगा हुआ है। गुरुवार सुबह एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सनी देओल काफी गुस्से में नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि सनी देओल अपने घर से बाहर निकलते हैं और सामने खड़े पैपराजी को देखते ही आगबबूला हो जाते हैं। उन्होंने जोर-जोर से चिल्लाते हुए कहा कि आप लोगों को शर्म नहीं आती? आपके घर में भी मां-बाप और बच्चे होंगे, और आप वीडियो बना रहे हैं। शर्म नहीं आती। इस दौरान सनी ने हाथ जोड़ते हुए पैपराजी को कड़ी नसीहत दी। एक अन्य वीडियो में सनी देओल, बॉबी देओल और उनकी मां प्रकाश कौर नजर आ रही हैं। धर्मेंद्र की पहली पत्नी को फूट फूटकर रोते ▶▶ शेष पेज 6 पर



लोगों पर नाराज होते सनी देओल

**तीसरे दिन भी प्रदेश में राजगढ़, इंदौर और भोपाल रहेंगे ठंडे**

रात का तापमान इंदौर में 7.4 राजगढ़ 7.6 और भोपाल में 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा

# भोपाल, इंदौर व राजगढ़ में बढ़ेगी ठिठुरन एक दर्जन जिलों में चलेगी 'शीतलहर'

हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होने की वजह से प्रदेश ठिठुरन बढ़ गई है। अनूपपुर और बालाघाट में पिछले 2 दिन से दिन ठंडा होने के बाद गुरुवार को यहां दो डिग्री तापमान में उछाल आया। जबकि भोपाल, राजगढ़ और इंदौर में सीवियर कोल्ड वेव रही। यहां शुक्रवार को भी सीवियर कोल्ड वेव रहेगी। यहां रात का तापमान इंदौर में 7.4, राजगढ़ 7.6 और भोपाल में 8.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया ▶▶ शेष पेज 6 पर



रंगमहल रोड, रात 7:15 बजे कोहरे का दृश्य

### इस बार टूट गया 25 साल का रिकॉर्ड

प्रदेश में नवंबर के दूसरे ही सप्ताह में कड़ाके की ठंड से कई शहरों में रिकॉर्ड टूट गए हैं। भोपाल में नवंबर का पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री पहुंच चुका है, जो साल 2015 के बाद सबसे कम है। इंदौर में पारा 7 डिग्री तक जा चुका है। इंदौर में पिछले 25 साल में नवंबर में इतनी सर्दी कभी नहीं पड़ी।

### पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवा

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि इस बार हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ एक सप्ताह पहले ही सक्रिय हो गया। उत्तर से दक्षिण की ओर बहने वाली हवा का असर प्रदेश में भी पड़ रहा है। जिससे ठंड का असर तेज हो गया है। नवंबर के दूसरे सप्ताह में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। पारे में खासी गिरावट देखने को मिल रही है। खासकर ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में इसका सीधा असर है। दरअसल, यहां उत्तरी हवाएं सीधी आती हैं।

15 हजार 896 करोड़ रुपए का निवेश और 64 हजार से अधिक के रोजगार, 22 नई इकाइयों का लोकार्पण, 4 प्रमुख परियोजनाओं का भूमिपूजन किया

### इंदौर में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों ने निवेश के प्रति जताई रुचि

# शीघ्र लागू होगी स्पेस टेक पॉलिसी-2025 मप्र भरेगा नई उड़ान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



कॉन्क्लेव में निवेशकों को संबोधित करते सीएम डॉ. यादव।

- इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर स्थापित होंगी इकाइयां
- एआई-संचालित ड्रोन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की जाएगी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में एक नई उड़ान भरने जा रहा है। हम बहुत जल्द स्पेस टेक पॉलिसी-2025 लागू करने जा रहे हैं, जिससे राज्य में सैटेलाइट डेटा, रिमोट सेंसिंग और स्पेस स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन मिलेगा। डॉ यादव गुरूवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में शामिल निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इन्दौर में मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में कुल 68 कार्य हुए जिनमें उद्घाटन, भूमि-पूजन, आवंटन-पत्र वितरण, एग्रीमेंट, एमोयू, नीति एवं पोर्टल लॉन्च सहित उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग हुई। इनसे प्रदेश में कुल 15 हजार 896 करोड़ का निवेश आएगा साथ ही 64 हजार 85 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह आयोजन प्रदेश की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।



कॉन्क्लेव में सीएम डॉ. यादव और मंत्री सिलावट की उपस्थिति में मध्यप्रदेश में निवेश के लिए महत्वपूर्ण एमओयू हुए।

### इकाइयों का लोकार्पण, परियोजनाओं का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राज्य के औद्योगिक और तकनीकी विकास को नई गति प्रदान करते हुए 22 नई औद्योगिक, तकनीकी एवं नवाचार-आधारित इकाइयों का लोकार्पण किया। इनमें 257.46 करोड़ रुपए का निवेश होगा और लगभग 2125 नए रोजगार सृजित होंगे। ये अत्याधुनिक इकाइयां मुख्य रूप से इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के आईटी पार्क में स्थापित की जाएंगी जिनमें ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, स्टार्ट-अप्स के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर, ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट तथा अन्य हाई-टेक कंपनियाँ शामिल हैं। डॉ यादव ने कॉन्क्लेव में वर्चुअली 4 नई परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया, जिनसे 1346.75 करोड़ रुपए का निवेश और लगभग 21,150 नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। ये परियोजनाएं इंदौर, भोपाल, जबलपुर एवं ग्वालियर में प्रमुख आईटी पार्क, ड्रोन टेक्नोलॉजी और ईएसडीएम क्षेत्र से जुड़ी हैं।

### 9 कंपनियों को भूमि आवंटन के आशय-पत्र प्रदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में निवेश और उद्योग संवर्धन के लिए 9 कंपनियों को भूमि आवंटन के लिए आशय पत्र जारी किए। इन इकाइयों से प्रदेश में 10.61 करोड़ रुपए का निवेश और लगभग 740 नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। इन आशय पत्रों से विभिन्न टेक्नोलॉजी, आईटी और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की कंपनियों को निवेश के लिए आवश्यक भूमि और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे मध्यप्रदेश में उद्यमिता और औद्योगिक विकास को और मजबूती मिलेगी। टॉस, इजीसॉफ्ट कंपनी, ओम्निस बिल्डकेयर एलएलपी, फ्लैट ट्रेडब्रोकिंग सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, असिस्ट क्लिक प्राइवेट लिमिटेड, लॉजिमोंक, मैमथ एग्जॉस्ट्स इंडिया, एमपी ऑनलाइन, रिद्धि एंटरप्राइज को भूमि आवंटन पत्र जारी किए गए हैं।

## भोपाल में 2000 एकड़ में नॉलेज एंड एआई सिटी विकसित होगी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य की राजधानी के लिए एक युगान्तकारी घोषणा करते हुए कहा कि भोपाल में 2000 एकड़ भूमि पर नॉलेज एण्ड एआई सिटी विकसित की जाएगी। यह सिटी आधुनिक हाईटेक मॉडल पर आधारित होगी, जहां विश्वस्तरीय संस्थान, अनुसंधान केन्द्र, एआई फैक्ट्री, टेक-स्टार्ट-अप्स और टेक्नोलॉजी आधारित स्मार्ट इंडस्ट्रीज एकीकृत रूप से स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री इंदौर में आयोजित टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में इसकी घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य जल्द ही स्पेस टेक पॉलिसी-2025 लागू करने जा रहा है, जिससे सैटेलाइट डेटा, रिमोट सेंसिंग और स्पेस-स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन मिलेगा। इसी के साथ 25 एकड़ में साइंस सिटी परियोजना के लिए भूमि आवंटित की जा रही है, जो आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों और युवाओं के लिये विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनेगी।

### 'कमाल का भोपाल' अभियान की दृष्टि को रेखांकित किया

*राजधानी में एआई सिटी की यह घोषणा सरकार को सौंपी गई 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट का हिस्सा है उन विचारों के अनुरूप है जिन्हें पिछले एक वर्ष से 'कमाल का भोपाल' अभियान के माध्यम से लगातार रेखांकित किया गया। अभियान के फाउंडर मनोज मीक ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रस्तुत यह विजन राजधानी के भविष्य को नई दिशा देता है। 'कमाल का भोपाल' अभियान की ओर से हम मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव के दूरदर्शी नेतृत्व के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। यह घोषणा भोपाल को भारतीय टेक्नोलॉजी मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाएगी।*

## नए निवेश प्रस्तावों और औद्योगिक क्लस्टरों की स्थापना पर हुई बातचीत




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा की। इससे मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं, औद्योगिक क्लस्टरों, तकनीकी केंद्रों और नवाचार आधारित परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। वन-टू-वन में आईटी, ड्रोन, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, रक्षा, ईवी मैन्युफैक्चरिंग, फिल्म टेक्नोलॉजी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे क्षेत्रों में निवेश, भूमि आवंटन, नीति प्रोत्साहन और प्रशिक्षण सुविधाओं को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सेना के मेजर जनरल गौतम महाजन, ब्रिगेडियर एम.एस. रंधावा, ब्रिगेडियर दीपक पुरी, कर्नल मनोजित सिन्हा, लेफ्टिनेंट कर्नल अरिजीत चंद्र सेन से मुलाकात की। इस दौरान राज्य सरकार और भारतीय सेना के मिलिट्री कॉलेज ऑफ़ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के बीच साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान एवं विकास के लिये एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। यह समझौता रक्षा एवं नागरिक तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ कर मध्यप्रदेश को तकनीकी नवाचार में अग्रणी बनाएगा।

### कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश में निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए 7 महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर

कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश में निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में 7 महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इन एमओयू से प्रदेश में लगभग 800 करोड़ रुपए का निवेश होगा तथा 10 हजार 500 से अधिक नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। ये एमओयू सिलिकॉन वेफर विनिर्माण संयंत्र, आईटी पार्क विकास, टेक्नोलॉजी रिसर्च, गेमिंग, स्किल डेवलपमेंट एवं नवाचार जैसे उभरते क्षेत्रों से जुड़े हैं। इस पहल में सोमवेदा एंटरप्राइज, डीएवीवी आईटी पार्क, एएनएसआर, गेम डेवलपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडस आंत्रप्रेन्योर्स राजस्थान, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग महू, कोडयोगी फाउंडेशन जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। डॉ. यादव की उपस्थिति में 85.51 करोड़ निवेश के महत्वपूर्ण एग्रीमेंट् पर हस्ताक्षर हुए। इसमें आईआईएसईआर भोपाल के सहयोग से एआई-संचालित ड्रोन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना शामिल है, जिसमें उन्नत प्रयोगशालाएं और स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सहायता प्रदान की जाएगी। एल एंड टी एड्यूटेक के साथ मिलकर प्रदेश में स्किल ट्रेनिंग हेतु मास्टर सर्विस एग्रीमेंट किया जाएगा, इससे नए तकनीकी क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत एलएनसीटी कॉलेज, ओरिएंटल ग्रुप, बंसल कॉलेज, सेज यूनिवर्सिटी, आईईएस यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

### इंदौर में इकाइयों की स्थापना से बड़ी तादाद में होगा रोजगार सृजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि एलटीआई इंडस्ट्री द्वारा 810 करोड़ रुपए की लागत से इंदौर के सुपर कॉरिडोर में 10 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक आईटी टेक्नोलॉजी कंसल्टिंग केंद्र स्थापित होगा, जिससे 10 हजार रोजगार सृजित होंगे। डीएनआर कॉर्पोरेशन द्वारा 524 करोड़ की लागत से इंदौर के सुपर कॉरिडोर में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट आईटी पार्क विकसित किया जाएगा। इससे 11 हजार रोजगार सृजित होंगे। मेसर्स इन्फिनी सेल्स कॉर्पोरेशन द्वारा भोपाल में 4 करोड़ की लागत से एलईडी विनिर्माण इकाई स्थापित होगी, जिससे 50 रोजगार सृजित होंगे। मेसर्स आरएआर इंजीनियरिंग द्वारा जबलपुर में 8.75 करोड़ की लागत से रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए इंटेलिजेंट मोशन और वाइब्रेशन कंट्रोल सिस्टम हेतु विनिर्माण हब स्थापित होगा, जिससे 100 रोजगार मिलेंगे।

### साइबर सुरक्षा सुदृढ़ करने सीआईएसओ पोर्टल लांच

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सरकारी विभागों में साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सीआईएसओ पोर्टल की शुरुआत की। यह सुरक्षित और केंद्रीकृत प्लेटफ़ॉर्म रीयल-टाइम मॉनिटरिंग, थ्रेट इंटेलिजेंस और अनुपालन प्रबंधन को सक्षम बनाएगा, जिससे सरकारी प्रणालियों में सुरक्षा, पारदर्शिता और दक्षता में अभूतपूर्व सुधार होगा। 'डिजिटल मध्यप्रदेश' की परिकल्पना को सशक्त करते हुए डॉ. यादव ने ड्रोन डेटा रिपॉजिटरी का भी शुभारंभ किया। यह पहल भूमि प्रबंधन, शहरी नियोजन, वन संरक्षण, सिंचाई और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में ड्रोन-आधारित डेटा के उपयोग को बढ़ावा देगी। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को तकनीकी और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के विजन को साकार करते हुए मध्यप्रदेश स्पेस टेक नीति-2025 के मसौदे का अनावरण किया। यह नीति राज्य को भारत की स्पेस टेक अर्थव्यवस्था में अग्रणी स्थान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, निवेश और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 6 प्रमुख औद्योगिक परियोजनाओं के लिए सीसीआईपी ऑर्डर जारी किए गए। इन परियोजनाओं से प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। कुल 2999.2 करोड़ के निवेश के साथ लगभग 6150 रोजगार अवसर सृजित होंगे।*

---

मुख्यमंत्री ने कहा- जल्द ही मुख्यमंत्री निवास में आयोजित की जाएगी सेन समाज की पंचायत

## समाजों के परिचय सम्मेलन मूल्यों और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में होते हैं सहायक

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन पारिवारिक मूल्यों, समाज की परंपराओं एवं संस्कृति को बनाए रखने में सहायक होते हैं। सेन समाज की पहचान श्रम, सेवा और संस्कार से रही है। संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रेरणा बताती है कि कर्म ही पूजा और सेवा ही सच्चा धर्म है।

गुजराती सेन समाज प्रदेश के विकास में इसी भावना से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवक-युवती परिचय सम्मेलन जीवन साथी खोजने के साथ ही, अलग-अलग परिवारों के बीच नए रिश्ते संजोने का भी अवसर है। यह सम्मेलन सामाजिक सुरक्षा, पारदर्शी संवाद और पारिवारिक विश्वास को मजबूत करने वाला सामूहिक उपक्रम है। समाज के ऐसे समागमों से हमें अपने शिल्प और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिलती है। डॉ. यादव ने घोषणा की कि जल्द ही मुख्यमंत्री निवास में सेन समाज की पंचायत आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री गुरूवार को मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज के उज्जैन में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन और परिचय सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

### सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समाज बंधुओं को राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे समागमों में व्यवस्था की जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू योजनाओं से समाज में बड़े पैमाने पर सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने लाड़ली बहना योजना और सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य शासन सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज के प्रदेश संरक्षक भरत भाटी, युवा प्रदेशाध्यक्ष बालकृष्ण वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी गौरीशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष जितेन्द्र सेन सारोला सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।*

भोपाल सॉ मिल एंड टिम्बर मर्चेंट एसोसिएशन
आलमी तबलीग़ी इज्तिमा
78 वां 2025
में आये तमाम लोगो का दिल से इस्तकबाल करती है

22वां अखिल भारतीय टीडीएस सम्मेलन शुरू

## सीबीडीटी अध्यक्ष अग्रवाल बोले कर के पालन में पारदर्शिता और डिजिटल रूपांतरण बना 'रीढ़'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने गुरुवार को भोपाल में आयोजित 22वें अखिल भारतीय टीडीएस सम्मेलन का शुभारंभ किया। यहां अग्रवाल ने कहा कि कर अनुपालन की दिशा में पारदर्शिता और डिजिटल रूपांतरण अब कर प्रशासन की रीढ़ बन चुके हैं।

टीडीएस व्यवस्था के माध्यम से न केवल कर संग्रहण होता है बल्कि भरोसेमंद राजस्व प्रणाली भी बनती है। इसका उद्देश्य करदाताओं और कर कटौतीकर्ताओं को टीडीएस अनुपालन और स्वैच्छिक कर भुगतान के महत्व से अवगत कराना है। यह सम्मेलन आयकर विभाग मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ क्षेत्र द्वारा प्रिंसिपल डायरेक्टर जनरल ऑफ इनकम टैक्स (एडमिनिस्ट्रेशन एंड टीपीएस) और सीबीडीटी के सहयोग से आयोजित किया गया है। सम्मेलन में देशभर के 18 जोनों के प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर्स, चीफ कमिश्नर्स, डायरेक्टर्स जनरल, आयकर आयुक्त और वरिष्ठ टीडीएस अधिकारी भाग ले रहे हैं।

### आयकर अधिनियम 2025 के संशोधनों पर चर्चा की

*सम्मेलन में आयकर अधिनियम 2025 में किए गए संशोधनों पर विस्तृत चर्चा की जा रही है। इसमें नई टीडीएस धाराएं, सीमा-सीमाओं में वृद्धि, कंपाउंडिंग दिशानिर्देशों और डेटा-आधारित अनुपालन रणनीतियों जैसे विषय शामिल हैं। साथ ही 17 अक्टूबर 2024 को जारी नई कंपाउंडिंग गाइडलाइंस पर भी विचार-विमर्श होगा, जिनका उद्देश्य लंबित मुकदमों को कम करना और कर विवादों के शीघ्र समाधान को बढ़ावा देना है।*

### सम्मेलन का उद्देश्यः पारदर्शी और प्रभावी कर प्रशासन

*दो दिवसीय सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य टीडीएस अनुपालन को सुदृढ़ बनाना, पारदर्शिता को बढ़ावा देना और डिजिटल नवाचारों के माध्यम से कर प्रशासन की दक्षता को और बेहतर बनाना है। कार्यक्रम के दौरान कई इंटरएक्टिव एवं ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए जाएंगे।*



4 मध्य प्रदेश के सबसे बड़े भोजपाल महोत्सव...



5 एक दिन पहले बंदों से भरा आधा पंडाल पहले दिन...





# कड़ी विपत्ति भी जिनके हौसले डिगा न सकी, ऐसे पंखों से भरी प्रदेश के बच्चों ने उड़ान...

**राष्ट्रीय बाल दिवस पर हरिभूमि ने तलाशे ऐसे तीन बालक, जिनके बुलंद हौसले ने दी उन्हें नई पहचान**

अलग खबर

*मधुरिमा राजपाल ⏩ भोपाल। कहते हैं यदि मन में कुछ कर गुजरने की चाहत हो तो कड़ी से कड़ी विपत्ति भी आपके कदम डगमगा नहीं सकती, बस जरूरत है तो अपने भीतर की इच्छाशक्ति को मजबूत बनाकर अपने निर्णय और अपने कृत्यों पर डटे रहने की... आज राष्ट्रीय बाल दिवस पर हरिभूमि ने मप्र के तीन ऐसे बालकों को चुना जिनके भीतर कुछ कर गुजरने की चाहत ने आज उन्हें प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश का हीरो बना दिया है।*

## डाउन सिंड्रोम से पीड़ित, लेकिन हौसला ऐसा कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर पाए दो राष्ट्रीय पुरस्कार

डाउन सिंड्रोम से पीड़ित इंदौर के अविनाश तिवारी ने अपनी हिम्मत और अपने पिता आदित्य तिवारी के दिए हौसले से समाज सेवा के क्षेत्र में दो राष्ट्रीय पुरस्कार जीते, जिसमें भारत के राष्ट्रपति से मिलने वाला राष्ट्रीय पुरस्कार और दूसरा, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार है। अविनाश के पिता आदित्य एक सिंगल पैरेंट हैं और उन्हें अविनाश को गोद लेने के लिए कई साल कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी। तब जाकर वो अविनाश को गोद ले पाए। आदित्य कहते हैं कि मुझे लोगों ने कहा कि इस बच्चे में इतने अधिक हेल्थ इश्यूज हैं कि ये चल भी नहीं पाता था, तो ट्रेकिंग तो बहुत दूर की बात है। लेकिन मेरी डिक्शनरी में असंभव कुछ भी नहीं, इसलिए मैंने अपनी हिम्मत अपने बेटे को दी और उसे ट्रेकिंग कराई, ताकि वो असंभव को भी संभव कर पाए। आदित्य ने कहा कि मात्र 7 साल की उम्र में अविनाश ने माउंट ऐवरेस्ट के बेस कैंप से भी 600 मीटर ऊपर तक की चढ़ाई की और इसके बाद उसने दो राष्ट्रीय पुरस्कार जीते जिसमें से पहला पुरस्कार दिव्यांग श्रेणी का था लेकिन दूसरा राष्ट्रीय पुरस्कार उसे नॉर्मल बच्चों की श्रेणी में ही दिया गया। इसके अलावा उसके पास अब करीब 50 से अधिक राज्य स्तरीय अवार्ड हैं।



जब मउंट एवरेस्ट की चढाई की, तब का चित्र। इनसेट में राष्ट्रपति से पुरस्कार लेते अविनाश और अदित्य तिवारी।

### कानूनी लड़ाई लड़कर अविनाश को पाया

आदित्य ने कहा कि दरअसल, अविनाश के जन्म लेते ही उसके माता-पिता को पता चला कि उनका बच्चा जेनेटिक क्रोमोसोम डिसऑर्डर डाउन सिंड्रोम से पीड़ित है तो वह उसे इंदौर के अनाथालय में छोड़कर चले गए, इसके बाद अनाथालय से अवनीश बाल तस्करी करने वाले गिरोह के चंगुल में फंस गया। इसी बीच मेरी मुलाकात अविनाश से हुई और उसके मासूम से चेहरे ने मुझे अपना बना लिया। अनाथालय में मुझे बताया गया कि यह एक पागल बच्चा है, जो कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित है, जिसकी कुछ महीनो में ही मौत हो जाएगी। लेकिन मुझे लगा कि मैं इसका सहारा बन सकता हूं और मैंने कई कानूनी लड़ाई लड़कर अविनाश को अपना बनाया और सिंगल पैरेंट के रूप में उसको पाल रहा हूं।

## 'किसान मित्र छड़ी' के लिए मिला 'विज्ञान मेला-महाप्रदर्शनी' में प्रथम पुरस्कार

दमोह जिले के समीर अहिरवार ने एक ऐसी 'किसान मित्र छड़ी' और स्वाइल टेस्टिंग मशीन बनाई है, जिसके लिए उन्हें मैपकास्ट द्वारा आयोजित विज्ञान मेले की महाप्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार भी मिला। समीर कहते हैं कि मैं एक किसान का पुत्र हूं तो मैंने देखा है कि कैसे किसानों को कई विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है ,जिससे उनकी मृत्यु तक हो जाती है। ऐसे में मैंने 'किसान मित्र छड़ी' बनाई है। इसकी खासियत है कि इसे हाथ में लेकर जब किसान चलता है तो इससे ऐसी वाइब्रेशन निकलती हैं जो सांप बिच्छू को दूर कर देती हैं, साथ ही इस छड़ी में सोलर लाइट और मोबाइल चार्जर के लिए भी आप्शन दिया है। समीर कहते हैं कि मुझे करीब 3 साल का वक्त लगा इस



सर्टिफिकेट के साथ समीर अहिरवार।

प्रोजेक्ट को पूरा करने में, वहीं मेरे द्वारा बनी स्वाइल टेस्टिंग मशीन से मात्र 60 सेकेंड में मृदा में प्रयुक्त होने के लिए आवश्यक पोषक तत्व का पता लगाया जा सकता है, जबकि स्वाइल टेस्टिंग के लिए किसानों को कई महीनों का भी इंतजार करना पड़ता है।

## ऐसा ड्रोन, जिसमें 80 किलो का व्यक्ति बैठकर हवा में भर सकता है उड़ान

ग्वालियर के द सिंधिया स्कूल के छात्र मेधांश त्रिवेदी ने एक ऐसा ड्रोन बनाया है, जिसमें एक व्यक्ति भी बैठकर उड़ान भर सकता है। मेधांश ने कहा कि कोरोना काल में 2020 में मैं 8वीं क्लास में था तब मैंने यूट्यूब पर एक वीडियो देखा जिसमें चाइना की एक एयर टेक्सी दिखी, जिसकी कीमत करीब 30 मिलियन डॉलर थी, मुझे लगा कि ऐसा कुछ मैं भी बना सकता हूं, और फिर मैंने ड्रोन बनाने के लिए काफी रिसर्च की, जिसमें मुझे चार साल लगे और फिर 2024 में मैंने तीन महीनों में ही इसे तैयार कर दिया। 45 हॉर्स पावर के इस ड्रोन की खासियत है कि यह ड्रोन 80 किलो के व्यक्ति को लेकर 6 मिनट तक लगातार हवा में उड़ान भर सकता है। ड्रोन की गति 60 किलो मीटर प्रति घंटा है। मेधांश कहते हैं



अपने डोन के साथ मेधांश त्रिवेदी।

कि अब मैंने अल्ट्रा लाइट इलेक्ट्रिक एयरप्लेन बनाया है, जो अपने आप का पहला इलेक्ट्रिक एयरप्लेन है जिसे डीजीसी की परमिशन की आवश्यकता है।

## सीएमआरएस की टीम ने सुभाष नगर मेट्रो डिपो में थर्ड वेल का किया निरीक्षण, ट्रेन संचालन, सुरक्षा प्रोटोकाल और तकनीकी व्यवस्थाओं की बारीकी से की जांच

# बस अब चलने ही वाली है भोपाल मेट्रो...

दोपहर करीब एक बजे टीम ने मेट्रो ट्रैक का किया निरीक्षण, मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण आज

किसी को भी आवाजाही की नहीं थी इजाजत, बेहद गोपनीय तरीके से किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राजधानी में मेट्रो के संचालन को लेकर सीएमआरएस (कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी) की टीम भोपाल पहुंच गई है। तीन दिवसीय दौरे पर आई टीम के सदस्यों ने गुरुवार को सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो में थर्ड वेल का निरीक्षण किया व अन्य तैयारियों को देखा। टीम ने ट्रेन संचालन, सुरक्षा प्रोटोकाल और तकनीकी व्यवस्थाओं की बारीकी से परखा। दोपहर करीब एक बजे मेट्रो ट्रैक का निरीक्षण किया। मेट्रो रेल प्रशासन के अफसरों का तर्क है कि फाइनल कामर्शियल रन की पूरी तैयारी है। टीम द्वारा एनओसी मिलते ही फाइनल शैडयूल जारी कर दिया जाएगा। तीन दिन के बाद सीएमआरएस पत्रकारों से भी चर्चा कर सकते हैं।

सुभाष नगर डिपो में टीम की विजिट के दौरान किसी भी अंदर आने की इजाजत नहीं थी। अधिकारियों ने बेहद गोपनीय निरीक्षण किया। मेट्रो कमिश्नर सेनगुप्ता पहली बार मेट्रो का निरीक्षण करने भोपाल पहुंचे। उन्होंने हाल ही में पदभार संभाला है।

शुक्रवार को टीम सभी मेट्रो स्टेशनों पर बारीकी से हर पहलू को जाचेगी। अधिकारी निरीक्षण के बाद समीक्षा बैठक करेंगे। गुरुवार को भी समीक्षा की गई। तीन दिवसीय दौरा पूरा होने के बाद कामर्शियल रन के लिए एनओसी मिलने की उम्मीद है। मेट्रो के अफसरों का कहना है कि हमारी कामर्शियल रन की पूरी तैयारी है केवल एनओसी का इंतजार किया जा रहा है।

### सुभाष नगर से एम्स तक संचालन व्यवस्था का लिया जायजा



एमपी नगर इलाके में मेट्रो ट्रैक का निरीक्षण करती सीएमआरएस की टीम।

निरीक्षण के दौरान टीम केंद्रीय विद्यालय (केवी) मेट्रो स्टेशन पर पांच मिनट रुकी और सुरक्षा मानकों का मूल्यांकन किया। इसके बाद बोर्ड आफिस मेट्रो स्टेशन पर करीब आधा घंटा रूके। इसके बाद एम्स मेट्रो स्टेशन तक टीम ने रुककर ट्रैक की तकनीकी खामियों और संचालन व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कमिश्नर सेनगुप्ता भी टीम के साथ मौजूद रहे।

**सरकार को देगी रिपोर्ट**

*सीएमआरएस का दौरा पूरा होने के बाद वह अपनी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को देगी। यहां से ओके मिलने के बाद कमर्शियल रन के लिए तारीख तय होगी। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल मेट्रो को हरी झंडी दिखाने आ सकते हैं। हालांकि अभी तीन स्टेशनों के बाहरी क्षेत्र में अधूरे काम को जल्द पूरा करने पर फोकस है। यहां टीम के आने के बाद से काम की गति तेज कर दी गई है।*

### तीन सदस्यीय टीम कर चुकी है निरीक्षण


15-16 अक्टूबर को मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त की टीम ने भोपाल मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर की मुख्य लाइन, ट्रैक एवं सभी स्टेशन का निरीक्षण किया था। निरीक्षण का फोकस मुख्य लाइन, स्टेशनों, ट्रैक, विद्युत एवं यांत्रिक (ईएंडएम) सिस्टम एवं अन्य परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं पर रहा था।

### किराया सिलेक्शन कमेटी तय करेगी

मेट्रो में यात्रा करने के लिए किराया सिलेक्शन कमेटी तय करेगी। दूरी के मान से यह तय होगा। फाइनल एप्रूव्यल मिलने के बाद किराया और स्टापेज का समय तय होगा।

### आज होगी आठ मेट्रो स्टेशन की जांच

तीन दिवसीय इस दौरे में सीएमआरएस टीम 15 नवंबर तक पूरे प्रायोरिटी कारिडोर की जांच करेगी। शुक्रवार को टीम आठ मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण करेगी, जबकि 15 नवंबर को प्रोजेक्ट से जुड़ी फाइलों की परखा जाएगा।



सुभाष नगर-एम्स रेल खण्ड का ट्रॉली से निरीक्षण करते अफसर।

### लोनिवि को रोड हैंडओवर करना बाकी

सुभाष नगर और केंद्रीय विद्यालय के मेट्रो रेलवे स्टेशन के नीचे मुख्य रोड को नीचे करने का काम चल रहा है। यहां काम पूरा होने के बाद यह सड़कें लोक निर्माण विभाग के हैंडओवर की जाना हैं। अभी यह सड़कें लोनिवि को हैंडओवर नहीं हुई हैं। एमपी नगर में भी स्टेशन के बाहरी काम को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

## विभाग ने किए 3 स्कूली वाहन जब्त

# बिना फिटनेस, परमिट-टैक्स दौड़ रही स्कूल बसों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

एक बार फिर परिवहन विभाग ने स्कूली वाहनों की चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) भोपाल ने सख्त कार्रवाई की है। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने परिवहन आयुक्त के आदेशानुसार गुरुवार को आरटीओ अमले ने विशेष चेकिंग अभियान में दो बसे व एक अन्य स्कूली वाहन बिना फिटनेस, बिना परमिट और बकाया टैक्स के चलते हुए मिले। चेकिंग के दौरान इन बसों को मौके पर ही जब्त कर आरटीओ कार्यालय भोपाल में खड़ा कराया गया है। इनमें जहां 2 बसें सेंट थेरेसा स्कूल की पाई गई ।

### बिना परमिट और बिना फिटनेस के संचालन

सेंट थेरेसा स्कूल की बस एमपी 04 पीए 3073 बगैर फिटनेस संचालित की जा रही थी तो वहीं दूसरी बस यूपी 75एम 5957 बगैर परमिट बगैर इंश्योरेंस संचालित की जा रही थी। एक अन्य बस एमपी 04 एच 8956 बगैर परमिट इंश्योरेंस के संचालित की जा रही थी । इसके अलावा चेकिंग के दौरान 15 चालान किए गए, जिसमें 88000 रुपए समन शुल्क वसूला गया। आरटीओ जितेंद्र शर्मा के अनुसार स्कूल बसों की नियमों की अनदेखी बच्चों की जान के साथ गंभीर खिलवाड़ है। विभाग आगे भी ऐसे स्कूल वाहनों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाता रहेगा।







## टीएल की बैठक में लगी इंजीनियरों की क्लास

बताएं, किस मद में किया गया कितना भुगतान

# इंजीनियर 15 दिन बाद भी नहीं दे पाए निर्माण कार्यों और वित्तीय स्थिति की रिपोर्ट, आयुक्त ने फटकारा

निगम आयुक्त ने मांगा था लेखा जोखा, फार्मेट में देना थी जानकारी

इंजीनियरों के आठ दिन के वेतन पर आयुक्त ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

नगर निगम में सभी विभागों के इंजीनियर एक निर्धारित प्रारूप में आयुक्त द्वारा मांगी गई जानकारी तय समय में नहीं दे पाए। इस पर गुरुवार को निगम आयुक्त ने टीएल की बैठक में उन्हें जमकर फटकार लगाई। उन्होंने सभी विभागों से निर्माण कार्यों और वित्तीय स्थिति की रिपोर्ट एक तय फार्मेट में मांगी थी, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी इंजीनियर यह रिपोर्ट नहीं दे पाए। टीएल बैठक में आयुक्त ने रिपोर्ट मांगी तो ज्यादातर इंजीनियर जवाब देने से कतराते नजर आए। इस पर वे नाराज हुईं और निर्देश दिए कि जब तक रिपोर्ट नहीं दी जाती, तब तक आठ दिन का वेतन जारी नहीं किया जाएगा। जानकारी के अनुसार एचएफए, यांत्रिक, सीवेज, जलकार्य, एसबीएम और उद्यान शाखा में चल रहे निर्माण कार्य किस मद में हो रहे हैं और वित्तीय शाखा में कितनी राशि उपलब्ध है और अब तक कितना भुगतान किया गया है, का ब्यौरा मांगा गया था। आयुक्त ने इसके लिए एक सप्ताह का समय भी दिया था, लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी रिपोर्ट नहीं दी गई।

समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार, तन्मय वशिष्ठ शर्मा, मुकेश शर्मा, वरूण अवस्थी, हर्षित तिवारी, गुणवंत सेवतकर, उपायुक्त दिनेश सिंह, हीरेन्द्र कुशवाह, चंचलेश गिरहारे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



टाइम लिमिट बैठक में अधिकारियों से चर्चा करती निगम आयुक्त।

### कम वसूली पर भी हुईं नाराज, थमाए नोटिस

आयुक्त ने बैठक में राजस्व विभाग की कम वसूली पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में मेन रोड पर चल रही दुकानों से भी रेसिडेंशियल टैक्स वसूला जा रहा है, जबकि इन पर कमर्शियल टैक्स लगना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संपत्तिकर खातों में सुधार कर जहां व्यावसायिक गतिविधियां हो रही हैं, वहां व्यावसायिक कर ही वसूला जाए। उन्होंने जेडओ और वार्ड प्रभारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### फील्ड पर रहें अपर आयुक्त

श्रीमती जैन ने कहा कि अपर आयुक्त अपने-अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र में सप्ताह में कम से कम चार दिन फील्ड पर रहें। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक कचरा कैफे की स्थापना के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### साइंस एग्जीविशन और फूड फेस्ट का आयोजन

**औबेदुल्लागंज।** क्राइस्ट विद्या भवन में गुरुवार को बच्चों के द्वारा साइंस एग्जीविशन और फूड फेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि धर्म प्रांत (सागर) के बिशप जेम्स रहे। विशेष अतिथि बीईओ शिवनारायण चौहान एवं नगर परिषद अध्यक्ष रहे। इस आयोजन में बच्चों ने अपना हुनर दिखाकर अतिथि और अभिभावकों का मन मोह लिया। फुट फेस्ट में भी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अभिभावकों को भरपूर मनोरंजन करने का अवसर दिया।

### पूजा कर हनुमान मंदिर का पुनः निर्माण कार्य शुरू




**औबेदुल्लागंज।** पुराने रेलवे फाटक के पास विशाल हनुमान मंदिर निर्माण का पुनः पूजन काम शुरू किया गया। इसके लिए कमेटी के पंचू पांडे, राजेंद्र गुड्डू साहू, संतोष जोशी, हरनाम सिंह नायक, रुपेश लोधी, महेश ड्राइवर आदि सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह मंदिर न केवल एक पूजा स्थल होगा, बल्कि हमारी संस्कृति, अध्यात्म, सामुदायिक एकता का प्रतीक भी बनेगा। यह भावी पीढ़ियों के लिए हमारी धार्मिक और संस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने का महत्वपूर्ण केंद्र भी होगा।

### रवि कमल का हर्षोल्लास से मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रवि कमल का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा, अशोक मित्तल, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, नपा उपाध्यक्ष नमिता बागिश अग्रवाल, पंकज कोठारी, पार्षद दीपू परमार, बल्लु अरोरा, सचिव प्रदीप अरोरा, राजू भाई पटेल, नीरज चावला, विवेक मित्तल, सुधीर कमल, रतन मेघानी, रमेश वासवानी, दिलीप मेघानी, कमलेश मेघानी आदि ने बधाई दी।

### छात्राएं अपने सपनों को ऊंचाइयां दें: जोई गोरेलिक



**संतनगर।** गांधी नगर स्थित चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में सीएचआई-यूएसए की मुख्य विकास अधिकारी जोई गोरेलिक का स्नेहपूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, अकादमिक निदेशक गोपाल गिरधानी तथा विद्यालय प्राचार्या प्रिया जैन शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथि का आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रा जुबिया जमील के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इसके पश्चात छात्राओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। महेश दयारामानी बालिका शिक्षा के क्षेत्र में गोरेलिक द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। जोई गोरेलिक ने छात्राओं से अपने सपनों के प्रति समर्पित रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने और जीवन में ऊंचाइयां प्राप्त करने का आह्वान किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 5027 | | |
| दिन: | 129 | 20 | 370 |
| रात: | 780 | 59 | 559 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 355 | 32 | 246 |
| रात: | 780 | 58 | 567 |

सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर होगी शुरुआत

# मध्य प्रदेश के सबसे बड़े भोजपाल महोत्सव मेला का आज से होगा भव्य आगाज, सुरक्षा के लिए लगाए गए 150 सीसीटीवी कैमरे

## 49 दिनों तक चलने वाले मेले में लोगों को भक्ति, मनोरंजन के साथ मिलेगा खरीदारी का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजा भोज की स्मृति में राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा भोजपाल महोत्सव मेला' शुरू होने जा रहा है। 14 नवंबर शुक्रवार शाम 7 बजे से सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर मेले का शुभारंभ किया जाएगा। 49 दिनों तक चलने वाले इस मेले में सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक गतिविधियों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि विगत 11 वर्षों से मेले का सफल आयोजन किया जा रहा है, मेले का यह 12वां वर्ष है। 14 नवंबर से 1 जनवरी तक 49 दिन चलने वाले इस मेले में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे।

मेले में 60 बाय 40 का ट्रेडिशनल मंच, 200 मीटर लंबा भव्य स्वागत द्वार और ट्रेडिशनल सेल्फी जोन बनाया गया है। जहां लोग अपने परिजनों और दोस्तों के साथ सेल्फी लेकर मेले को यादगार बना सकेंगे। सांस्कृतिक आयोजनों में विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकारों के साथ ही बॉलीवुड के कलाकार और सिंगर भी अपनी प्रस्तुति देंगे।


मेले का फाइल फोटो

### लोगों की सुरक्षा के लिए बनाई पुलिस चौकी

संयोजक विकास विरानी ने बताया कि यह मेला सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक आयोजन का पारिवारिक संगम है। लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी, 50 प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड, 100 से ज्यादा वलंटियर, फायर ब्रिगेड, लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य केंद्र, फीडिंग सेंटर, दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए व्हील चेयर, वाहनों के लिए बड़ी पार्किंग के साथ ही पूरा मेला परिसर करीब 150 सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा।

### 400 दुकानों में होंगे विभिन्न प्रकार के स्टाल

महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि 14 एकड़ क्षेत्र में फैले इस मेले में विभिन्न प्रकार की करीब 400 दुकानें संचालित होंगी। मेले में ऑटोमोबाइल, इलेक्टॉनिक, टेलीकॉम, फर्नीचर, कपड़े सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें होंगी।

### इस बार मेले में यह होगा खास

49 दिनों तक चलने वाले भोजपाल महोत्सव मेले में शहरवासियों को इस बार बहुत कुछ खास देखने को मिलेगा। इसमें बर्ष से ढंके कश्मीर का नजारा देखने को मिलेगा तो दूसरी ओर बाबा अमरनाथ के भव्य दर्शन होंगे। लोगों के मनोरंजन के लिए जलपरियां होंगी, तो युवा जादूगर प्रिंस अपनी टीम के साथ परफार्मेंस देंगे। रोबोटिक एनीमल, डंकी शो के साथ ही रफ्तार की दुनिया का बादशाह, रोलर कोस्टर, टॉवर, रेंजर, ऑक्टोपस, ब्रेक डांस जैसे बच्चों और बड़ों के लिए अत्याधुनिक रोमांचक झूले होंगे।

पुलिस ने दो नाबालिग सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

# ईरानी गैंग के नाबालिगों ने अपने साथी के साथ लूटा था डिप्टी सीएम के पीए का मोबाइल


जय प्रकाश अस्पताल के पास की थी वारदात, पुलिस उनसे अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर पुलिस ने डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल के निज सहायक (पीए) सुधीर कुमार दुबे से मोबाइल झपटने वाले दो नाबालिग सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों ने झपटमारी के बाद मोबाइल लखनऊ अपने किसी परिचित के माध्यम से भेज दिया था। पुलिस झपटा गया मोबाइल लखनऊ से बुलवा रही है। इसके बाद मामले का खुलासा किया जा सकता है। यह भी बताया जा रहा है कि झपटमारी करने वाली इस इरानी गैंग के पास से झपटमारी में हाथ लगे अन्य मोबाइल भी बरामद हुए है। पुलिस उनसे अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार तुलसी नगर निवासी सुधीर कुमार दुबे मंगलवार रात अपने घर से टहलने के लिए निकले थे। वे मोबाइल पर बात करते हुए जय प्रकाश अस्पताल तक पहुंच गए। इस बीच बाइक सवार बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। सुधीर कुमार दुबे ने शोर किया, लेकिन झपटमारी के बाद आरोपी तेजी से बाइक चलाकर भाग निकले।

### सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण से लगा सुराग



थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण से पुलिस को बदमाशों की पहचान के सुराग मिले। जांच के दौरान पता चला कि वारदात में ईरानी गैंग के दो नाबालिगों ने अपने साथी युवक के साथ मिलकर झपटमारी की वारदात को अंजाम दिया था। संदेह के आधार पर नाबालिगों और उसके साथी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने मोबाइल झपटने की बात स्वीकार ली। उन्होंने बताया कि मोबाइल झपटने के बाद उसे एक रिश्तेदार के हाथ लखनऊ भेज दिया था। अब उक्त मोबाइल पार्सल के माध्यम से भोपाल बुलवाया जा रहा है।

### वीआईपी रोड पर महिला ने तालाब में लगाई छलांग, मौत

तलैया थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड स्थित राजाभोज की प्रतिमा के पास गुरुवार दोपहर एक महिला ने बड़े तालाब में छलांग लगा दी। वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने डायल 112 को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही तलैया पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से महिला का शव पानी से बाहर निकाला। महिला की तलाश करते-करते परिजन भी पहुंच गए थे। परिजन ने बताया कि महिला का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। उसका मनोचिकित्सक के पास इलाज भी चल रहा था। पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे सूचना मिली कि वीआईपी रोड स्थित राजाभोज की प्रतिमा के पास से एक महिला ने तालाब में छलांग लगा दी है। नगर निगम के गोताखोरों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने महिला का शव बाहर निकाला। परिजन ने मृतका की शिनाख्त तरन्नुम उर्फ जिकरा पत्नी अमजद खान (34) निवासी जोगीपुरा बुधवारा के रूप में की। परिजन ने पुलिस को बताया कि तरन्नुम की शादी सागर में हुई थी। उनकी तीन साल की एक बेटी है। कुछ समय से तरन्नुम की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह जोगीपुरा स्थित मायके में रह रही थी। एक मनोचिकित्सक के पास उनका इलाज भी चल रहा था। गुरुवार सुबह महिला ने परिवार के साथ नाश्ता करने के बाद महिला अचानक कहीं चली गई। परिजन उनकी तलाश करते हुए तलैया थाने पहुंचे थे। पुलिस उन्हें हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची और मृतका की शिनाख्त कराई।

**सुबह परिजन के साथ नाश्ता करने के बाद निकली थी महिला**

### एलएलबी के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित सुरेंद्र पैलेश में एलएलबी के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने आत्महत्या की वजह नहीं लिखी है। उसने लिखा है कि मैं अपने आप को साबित नहीं कर सका। इसके अलावा किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए हैं। सुसाइड नोट से अनुमान लगाया जा रहा है कि सफलता हाथ नहीं लगने से वह दुखी था। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार कृष्णकांत कौरव (23) मूलतः गाडरवाड़ा, जिला, नरसिंहपुर का रहने वाला था और सुरेंद्र पैलेश में रहता था। वह बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में एलएलबी सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। उसके साथ दो रूम पार्टनर रहते थे। एक रूम पार्टनर गुजराज गया हुआ है, जबकि दूसरा रूम पार्टनर साहिल श्रीवास्तव भोपाल में था। साहिल ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात करीब सवा 9 बजे वह रूम पर पहुंचा। दरवाजा लगा हुआ था। उसने दरवाजा खोला तो अंदर हॉल में कृष्णकांत का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला।

## भाई से कहासुनी होने पर बहन ने पीया मॉस्किटो लिक्विड, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता दौलतपुरा में एक युवती ने मॉस्किटो लिक्विड पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां हालत बिगड़ती देख परिजन ने हमीदिया अस्पताल भेज दिया था।

परिजन अपनी मर्जी से हमीदिया अस्पताल से भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल ले गए, वहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसकी भाई से कहासुनी हुई थी और गुस्से में उसने मॉस्किटो लिक्विड पी लिया। पुलिस के अनुसार नेहा यादव पिता राजमल यादव (18) कोकता, दौलतपुरा में रहती थी। पढ़ाई छोड़ कर घर के कामकाज संभालती थी। दो नवंबर को किसी बात को लेकर भाई से कहासुनी हो गई, जिसके बाद घर में रखा मॉस्किटो लिक्विड पी लिया।

शीघ्र समाधान करने का सरवटे ने दिया अश्वासन

## कृषि उपज मंडी में व्याप्त समस्या पर तहसीलदार ने किसानों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज


किसानों से चर्चा करते तहसीलदार।

कृषि उपज मंडी में किसानों को आ रही समस्या को लेकर मंडी प्रशासक तहसीलदार निलेश सरवटे ने चर्चा की। चर्चा के उपरांत तीन-चार दिन पहले मंडी से जुड़ी समस्याओं के जो मुद्दे उठाए थे उसमें से लाइट की संख्या बढ़ा दी गई है। अब और भी लाइट बढ़ाई जाएगी। पानी की व्यवस्था भी कर दी गई। रात्रि में अलाव जलाने के लिए लकड़ी की व्यवस्था भी की गई।

नायब तहसीलदार ने अश्वासन दिया है कि जो भी समस्या हैं उन्हें जल्दी सुलझा दिया जाएगा। किसानों ने बताया कि मंडी में धान और गेहूं की ट्रॉली मंडी लाते समय कुछ लोग ट्रॉली से गेहूं और धान चुरा लेते हैं। किसान नेता राजमल नागर ने तहसीलदार से मांग की है कि कृषि उपज मंडी में धान की तुलाई पर 1 किलो से लेकर डेढ़ किलो प्रति क्विंटल धान काटी जा रही है, यह बंद किया जाए। किसानों को नगद भुगतान दिया जाए, किसानों को बैठने के लिए प्रतीक्षालय बनाया जाए।

5 जिलों के छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

## मंडीदीप में संभाग स्तरीय डॉज बॉल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप


खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि।

औद्योगिक नगर में बुधवार को सभांग स्तरीय डाज बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संभाग के 5 जिलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जानकारी देते हुए खेल प्रशिक्षक जितेन्द्र मैना ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, सेवा समिति अध्यक्ष जीवन सिंह, स्वामी विवेकानंद स्पोंटस अकादमी के अध्यक्ष विनोद जैन, शासकीय बालक उच्चतर विद्यालय की प्राचार्य नीरज श्रीवास्तव व जिला खेल अधिकारी राजेश यादव, भाजपा मंडल महामंत्री अमित जैन ने किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, व राजगढ़ जिले की खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। अतिथियों ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक हैं।

### पहाड़ी क्षेत्र में 3,200 गांजे के पौधे और 1 करोड़ 78 लाख रुपए का गांजा जब्त

**भोपाल।** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जारी धरपकड़ के तहत खरगोन पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने जिले के पहाड़ी और नो नेटवर्क जोन क्षेत्र में की जा रही गांजे की अवैध खेती का भंडाफोड़ करते हुए 3,200 गांजे के पौधे बरामद कर लगभग 35.51 क्विंटल (3,551 किलो) गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ 77 लाख 56 हजार 200 रुपए आंकी गई है। बरामद पौधों की ऊंचाई औसतन 5 से 7 फीट के बीच पाई गई। पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर टिडीया के खेत पर दबिश दी। आरोपी टिडीया के विरुद्ध थाना चैनपुर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

ग्राम सभा स्तर पर प्रेरणादायक प्रशिक्षण बैठक का किया आयोजन

## कुमडी बिठौरी और निसान खेड़ा में वन अधिकार को लेकर एकजुट हुए ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

ग्राम कुमडी बिठौरी और निसान खेड़ा में शुक्रवार को ग्राम सभा स्तर पर वन अधिकार समिति की एक प्रेरणादायक प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया। दोनों हो गांवों में लोगों ने सरकार के मंशा के अनुरूप व्यक्तिगक्त और समुदायिक दावों के महत्व को समझा।

इस पहल से स्पष्ट है कि ग्रामवासियों की एकता, जागरूकता और उत्साह कुमडी बिठौरी और निसान खेड़ा को आत्मनिर्भरता और हरियाली की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। यह बैठक केवल एक बैठक नहीं, बल्कि गांव के विकास की नई दिशा की शुरुआत थी। संस्था के आशीष कीर ने बताया कि रविवार को मेहरमांगा गांव में वन अधिकार कानून को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।


ग्राम कुमडी बिठौरी में बैठक में चर्चा करते ग्रामीण।


ग्राम निसान खेड़ा में आयोजित कार्यशाला में ग्रामीणों को वन अधिकार कानून की जानकारी देते हुए।

### विधायक प्रतिनिधि बनने लगी होड़


सुरेंद्र पटवा
विधायक

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा भोजपुर क्षेत्र की चारों नगर परिषद एवं दो जनपद क्षेत्र औबेदुल्लागंज और बाड़ी में विकास की लहर लाने के लिए विधायक प्रतिनिधि बनने की होड़ लगी है। औबेदुल्लागंज के नगर परिषद अध्यक्ष पति प्रतिनिधि बने। ऐसे ही सुल्तानपुर नप विधायक प्रतिनिधि हेमराज मीणा बने। बाड़ी नपं के अध्यक्ष पति विधायक प्रतिनिधि बने। धर्मेंद्र चौहान स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र नागर बने। अब जनपद के विधायक प्रतिनिधि का नाम चल रहा है। हरगोविंद वर्मा या सुलेखा चौहान दोनों में से एक विधायक प्रतिनिधि बन सकते हैं। भोजपुर क्षेत्र में लगभग 7-8 विधायक प्रतिनिधि अलग-अलग विभाग के बनने की संभावना है। विधायक पटवा की मनसा है कि ज्यादा से ज्यादा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जोड़ने की संभावना है।

तीन दिन पहले साकेत नगर के होटल में आकर रुकी थी युवती

# कोलकाता से सहेली के साथ भोपाल आई युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी


हाथ पर मिले निडिल के निशान, अनुमान लगाया जा रहा है कि ड्रग लेने की आदी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित होटल एसजी में कोलकाता से आकर रुकी युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह तीन दिन पहले ही अपनी सहेली के साथ कोलकाता से भोपाल आई थी और होटल में रुकी थी। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। गुरुवार को उसका एम्स में पीएम कराया गया। पीएम के समय डॉक्टर की नजर उसके हाथों पर पड़ी तो उसमें निडिल चुभने के निशान मिले। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि ड्रग लेने की आदी थी। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार 25 साल की प्रत्युषा गुप्ता, अमृतलाल मुखर्जी रोड, बरिशा पोस्ट ठाकुरपुर साउथ 24 कोड, पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। तीन दिन पहले वह अपने सहेली के साथ कोलकाता से भोपाल आई थी। सहेलियों ने साकेत नगर के होटल एसएसजी में कमरा बुक किया और वहीं रुकी हुई थी।

**पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का कर रही इंतजार**



### जांच के बाद ब्लड में इंफेक्शन की बात सामने आई

प्रत्युषा जब कोलकाता से भोपाल आई तो उसकी तबीयत बिगड़ी हुई थी। उसे बुखार था। वह एम्स गई और वहां अपना इलाज कराया। उसने ब्लड टेस्ट कराया था। इस दौरान ब्लड में इंफेक्शन की बात डॉक्टर ने बताई थी। इलाज कराने के बाद उसकी सहेली उसे होटल ले आई थी। होटल में तबीयत बिगड़ने के बाद वह उसे एम्स लेकर पहुंची, वहां बुधवार सुबह डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत चुकी है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रत्युषा का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया था। गुरुवार को प्रत्युषा का पीएम कराया गया।

साधु वासवानी स्कूल में नूरीग्रंथ पाठ साहिब का किया शुभारंभ

## नूरी ग्रंथ में गुरुदेव के होने का अहसास होता है: डॉ. राजकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में गुरुवार नूरीग्रंथ पाठ साहिब का शुभारंभ दादा टीएल वासवानी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि दादा टीएल वासवानी ऐसे महान संत थे, जिन्होंने हमें सिमरन, समर्पण व सेवा का मार्ग दिखाया। नूरीग्रंथ पाठ का का उद्देष्य नूरी जैसे विनम्र व निर्मल बनो है।

यह ग्रंथ हमें निर्मल जीवन जीने का पाठ सिखाता है, साथ ही भाउजी ने बताया कि दादा टीएल वासवानी ने जो जीव दया की, ज्योति जलायी है, उस ज्योति को सदैव कायम रखेंगे। मांसाहार का त्याग कर शाकाहार भोजन अपनाएंगे। कार्यक्रम में सुधार सभा के अध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी ने बताया कि दादा टीएल वासवानी बहुत बड़े संत हैं। ऐसे संतों का जीवन परोपकार के लिए समर्पित होता है, ऐसे महान संत को मेरा नमन।


नूरीग्रंथ पाठ साहिब का शुभारंभ करते बच्चे और मुख्य अतिथि।

कन्हैयालाल रामनानी ने कहा कि संतजन सदैव मानव मात्र के लिए ही कार्य करते हैं। उनके किए गए कार्य मानव कल्याण के लिए होते हैं। डॉ. राजकुमारी चोटरानी ने बताया कि नूरी ग्रंथ अनमोल ग्रंथ है और उसमें संतजी की अनमोल वाणी है। नूरी ग्रंथ में गुरुदेव के होने का अहसास होता है। कार्यक्रम में बसंत चेलानी, आइलदास साधवानी, थांवर वरलानी, प्राचार्या सुतापा जायसवाल, स्वाति कलवानी, दीपा आहूजा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मजहबी तकरीर के साथ होगी इज्तिमा की शुरुआत, इंतजामिया कमेटी की तैयारी पूरी

# एक दिन पहले बंदों से भरा आधा पंडाल पहले दिन अदा करेंगे जुमा की नमाज

जमातों के पहुंचने का सिलसिला, रविवार रात तक रहेगा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के ईटखेड़ी स्थित घासीपुरा में शुक्रवार सुबह से 78वें आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आगाज होगा। इसके पहले गुरुवार रात तक इज्तिमा स्थल का मुख्य पंडाल आधे से अधिक भर गया था। इस तरह रविवार रात तक जमातियों के आने का सिलसिला जारी रहेगा।

यह आयोजन 17 नवंबर तक सामुहिक दुआ तक चलेगा। जिसके लिए इज्तिमा के इंतजामिया कमेटी ने तैयारी पूरी कर ली है। इधर पुराने शहर से लेकर इज्तिमा स्थल तक वॉलेंटियर्स ने भी मोर्चा संभाल लिया है।

राजधानी के ईटेखेड़ी स्थित घासीपुरा में करीब 600 एकड़ के मैदान में चार दिवसीय यह आयोजन 17 नवंबर को सामूहिक दुआ के साथ संपन्न होगा।

देश-विदेश से करीब 12 से 15 लाख जमातियों के पहुंचने की उम्मीद है। इसकी शुरूआत 78 साल पहले 13 लोगों से हुई थी, जबकि आज यह आयोजन 15 लाख तक पहुंच गया है।


इज्तिमा स्थल पर देश-दुनिया से आए बंदों ने अदा की नमाज।


इज्तिमा स्थल पर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी।


इज्तिमा स्थल पर तैयार टैंट।

### तीन हजार सुरक्षाकर्मी संभाल रहे सुरक्षा

भोपाल रेलवे स्टेशन से लेकर नादरा बस स्टैंड तक सुरक्षा के बंदोबस्त किए गए हैं। करीब 850 पुलिसकर्मी, आरपीएफ, जीआरपी और थाना पुलिस के जवान लगातार ड्यूटी पर रहेंगे। डायल-112 की गाड़ियां पूरे क्षेत्र में गश्त करेंगी। प्लेटफॉर्म, स्टेशन परिसर और इज्तिमा स्थल पर अतिरिक्त पुलिस चौकियां बनाई जा रही हैं, जिससे हर स्थिति पर तुरंत नियंत्रण किया जा सके।

### 50 हजार चार पहिया, दो हजार बस ट्रक होंगे पार्क

इज्तिमा परिसर की 300 एकड़ एरिया पार्किंग के लिए आरक्षित रखा गया है। जिसमें 71 पार्किंग जोन बनाए गए हैं, जिनमें डेढ़ लाख दोपहिया, 50 हजार चार पहिया, एक हजार बस और 1000 ट्रक-ट्रैक्टर खड़े किए जा सकेंगे। मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

### असिर के बाद होंगे तीन सौ निकाह

इज्तिमा के इंतजामिया कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ उमर हफीज खान ने बताया कि शुक्रवार को इज्तिमा के पहले दिन असिर की नमाज के बाद करीब तीन सौ निकाह पढ़ाए जाएंगे। यहां होने वाले निकाह की खासियत यह रहती है कि इसमें सादगी से निकाह पढ़ाने के साथ दूल्हा अपनी नई जिंदगी की शुरुआत दीन के माहौल में करता है।

### बेसिक एंबुलेंस रहेगी अलर्ट

इज्तिमा के पंडाल के आसपास बेसिक एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई है, जिसमें आठ से दस बाइक एम्बुलेंस और बैटरी (इलेक्ट्रिक) एम्बुलेंस भी तैनात रहेंगी। जिससे इमरजेंसी मरीजों को समय रहते राहत मिल सके।

**फेक्ट फाइल**

- ईटखेड़ी स्थित इज्तिमागाह में 120 एकड़ में पंडाल
- खानपान, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था रहेगी
- चारों गेट पर 10-10 बेड वाले अस्थायी अस्पताल फायर टीमें तैनात

धर्मावलंबियों की सुविधा के लिए बदला रहेगा रूट

## इज्तिमा के दौरान ईंटखेड़ी मार्ग पर आज से प्रतिबंधित रहेंगे भारी वाहन व बसें, शहर में भी बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

**भोपाल।** राजधानी के ईंटखेड़ी में शुक्रवार से इज्तिमा का आयोजन शुरू होगा। 17 नवंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। यहां आने वाले धर्मावलंबी की सुविधा के लिए यातायात पुलिस की ओर से यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। इसके चलते शुक्रवार सुबह 10 बजे से 17 नवंबर की रात आठ बजे तक इत्जिमा स्थल ईंटखेड़ी तक सभी प्रकार के भारी वाहनों एवं यात्री बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। आयोजन के अंतिम दिन यानी 17 नवंबर की सुबह दुआ की नमाज के समय पुराने शहर से इज्तिमा स्थल की ओर जाने वाले मार्गों पर भारी भीड़ और जाम की स्थिति रहेगी।

### एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन जाने वालों के लिए मार्ग

एयरपोर्ट जाने वाले वाहनः वीआईपी रोड, लालघाटी होकर एयरपोर्ट जा सकेंगे। रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहनः रोशनपुरा, लिंक रोड-2, बोर्ड ऑफिस, चेतक ब्रिज, प्रभात चौक, 80 फीट रोड से प्लेटफॉर्म नंबर-1 की ओर जा सकेंगे।

### बसों का डायवर्जन

- सागर, दमोह, रायसेन, होशंगाबाद, जबलपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल की ओर से आने वाली बसें मिसरोद, आरआरएल तिराहा, हबीबगंज नाका, सांची दुग्ध संघ से होकर आईएसबीटी तक जाएंगी। आगे नादरा बस स्टैंड की ओर बसों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
- विदिशा से आने वाली बसें सूखीसेवनिया बायपास भानपुर रोटरी तक जाएंगी।
- बैरसिया से आने वाली बसें गोलखेड़ी-तारासेवनिया-मुबारकपुर बायपास-खजूरी बायपास से होते हुए बैरागढ़ हलालपुर बस स्टैंड आएंगी।

भारी वाहनों पर रोक

### 15 व 17 को यह रहेगी व्यवस्था

- 15 नवंबर की सुबह 7 बजे से बैरसिया रोड से करोंद चौक तक भारी वाहन, डंपर, मिक्सर आदि का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। 17 नवंबर की सुबह 4 बजे से भोपाल में सभी सीमावर्ती जिलों से भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा।
- 17 नवंबर को सुबह 6 बजे से ही पुराने भोपाल के मुबारकपुर से पटेल नगर नया बायपास, गांधी नगर से अयोध्या नगर बायपास, रत्नागिरी, लांबाखेड़ा से करोंद, भोपाल टॉकीज, पीरगेट, मोती मस्जिद, रॉयल मार्केट, लालघाटी, नादरा बस स्टैंड, भारत टॉकीज, बोगदा पुल आदि इलाकों में यातायात का दबाव रहेगा। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि इन मार्गों से बचकर वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें।

इज्तिमा स्थल की पार्किंग व्यवस्था

### निर्धारित पार्किंग में जाएंगे

- लांबाखेड़ा बायपास चौराहा से निर्धारित पार्किंग में जाएंगे।
- सीहोर और राजगढ़ से आने वाले वाहन मुबारकपुर-मीना बायपास मार्ग से निर्धारित पार्किंग में प्रवेश करेंगे।
- बैरसिया की ओर से आने वाले वाहन गोलखेड़ी जोड़ से निर्धारित पार्किंग क्षेत्र में जाएंगे।
- दोपहिया, चारपहिया, बस और अन्य वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल तय किए गए हैं।

बड़ी संख्या में स्टेशन पर इज्तिमा में शामिल होने वाले मुस्लिम धर्मावलंबियों के पहुंचने का सिलसिला हो गया शुरू

## आलमी तबलीगी इज्तिमा को लेकर रेलवे ने किए इंतजाम, यात्रियों के ठहरने के लिए लगाए टेंट, टिकट के लिए खोले अतिरिक्त काउंटर

**भोपाल।** राजधानी में 14 नवंबर से आयोजित होने वाले आलमी तबलीगी इज्तिमा पर भोपाल रेल मंडल ने मुस्लिम धर्मावलंबियों की सुविधा के लिए रेलवे ने भोपाल स्टेशन पर प्लेटफार्म एक व छः पर एक-एक अनारक्षित बुकिंग काउंटर खोले है। इसके अलावा मंडल द्वारा भोपाल रेलवे आरक्षण कार्यालय में एक विशेष काउंटर धर्मावलंबियों की सुविधा के लिए खोला जाएगा। यहां से इज्तिमा में आने वाले लोग आरक्षित टिकट खरीद सकेंगे। इज्तिमा में बड़ी संख्या में आने वाले लोग भोपाल आते है। इनकी सुविधा के लिए प्लेटफार्म नंबर 6 पर बड़ा पंडाल लगाया गया है। जिसमें बाहर से आने वाले धर्मावलंबियों की रुकने की व्यवस्था की गई है। आपातकालीन चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए मेडिकल अधिकारियों को भी तैयार रहने के लिए कहा गया है। प्लेटफार्म पर गाड़ियों की उद्घोषणा और गाड़ियों की जानकारी देने और साफ सफाई के साथ पीने के पानी और समुचित प्रकाश व्यवस्था की भी तैयारी रेलवे ने की है।

### बिजली विभाग की ओर से लगाए अतिरिक्त ट्रांसफर

भोपाल। इज्तिमा बिजली सप्लाई में किसी तरह की बंधा न आए। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पीआरओ मनोज द्विवेदी ने बताया कि बिजली अपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से जारी रहे। इसके लिए बिजली विभाग की ओर से कुछ अतिरिक्त ट्रांसफर लगाए गए। साथ ही वैकिल्पक बिजली की व्यवस्था की गई।

### आरपीएफ की विशेष व्यवस्था

धर्मावलंबियों को प्लेटफार्म से बाहर निकलने में किसी तरह की दिक्कत व परेशानी न इसके लिए विशेष रूप से रस्सी बांधी गई है। जहां से वह आसानी से निकल सकेंगे। इसके अलावा आरपीएफ जवानों का विशेष बल को लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बाहर से जवानों को बुलाया गया। जो लगातार स्टेशन पर गश्त कर रहे हैं। गुरुवार से ही बड़ी संख्या में स्टेशन पर इज्तिमा में शामिल होने वाले मुस्लिम धर्मावलंबी पहुंचे। जिनको आसानी से स्टेशन के बाहर तक निकलाने में आरपीएफ के जवानों द्वारा मदद की गई।

### स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

इज्तिमा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को बढाया गया है। इज्तिमा के अवसर पर देश के साथ-साथ बड़ी संख्या में विदेश से भी लोग इसमें शामिल होने आते हैं। ऐसे में किसी भी आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए आरपीएफ और जीआरपी के जवानों को 24 घंटे तैनात किया गया है।

---

### खबर संक्षेप

#### सृष्टि भूषण माताजी का मंगल प्रवचन आयोजित

**भोपाल।** सेवा भारती नानक मंडल भोपाल द्वारा मां अन्नपूर्णा भोजन सेवा केंद्र, कैंसर हॉस्पिटल परिसर में आर्यिका 105 सृष्टि भूषण माताजी के सानिध्य में मंगल प्रवचन एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माताजी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि चिंता-मुक्त एवं अनुशासित जीवन ही सच्चे सुख का मार्ग है। इस अवसर पर आर्यिका 105 विश्वयशमति माताजी, आर्यिका 105 विमलमति माताजी एवं क्षुल्लिका 105 आप्तमति माताजी का भी पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ।

#### धूमधाम से निकली बालाजी की बारात

**भोपाल।** रायसेन रोड सज्जन सिंह नगर स्थित एनआरआई संस्थान में लक्ष्मी पद्मावती वेंकटेश बालाजी हनुमान एवं गरुण मंदिर के प्रांगण में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ब्रह्मोत्सव के दूसरे दिन सुबह सें ही श्रद्वालुगण मंदिर प्रांगण जय श्रीमननारायण कें उद्घोष लगाते हुए बहुत उत्साहित थे। ब्रह्मोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को सुबह 9 बजे से सुप्रभात सेवा के बाद भगवान बालाजी को भोग लगाया गया। उत्सव की शुरुआत करने के लिये भगवान गरुण की आकृति वाले ध्वज की पूजा की गई। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वज जिस पर गरुड़ का चित्र अंकित होता है, फहराया गया। यह ध्वज अब अगले तीन दिनों तक लगा रहेगा व ब्रह्मोत्सव की समाप्ति पर इसे उतारा जाएगा।

#### क्षत्रिय क्रांति सम्मेलन कल कई मांगों पर प्रस्ताव होंगे पास

**भोपाल।** क्षत्रिय समाज द्वारा विशाल क्षत्रिय क्रांति सम्मेलन का आयोजन शनिवार को भोपाल के खुशीलाल ग्राउंड में किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारंभ सुबह 11 बजे से होगा।

## पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. कैलाश नारायण सारंग व स्व. प्रसून सारंग की स्मृति पर मातृ-पितृ भक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. कैलाश नारायण सारंग की पुण्यतिथि व उनकी धर्मपत्नी स्व. प्रसून सारंग की जयंती 14 नवंबर को सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के आवाह्न पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

इस अवसर पर कायस्थ महासभा द्वारा देश भर में विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मंत्री सारंग ने कहा कि पूज्य पिता जी स्व. कैलाश सारंग एवं पूज्य माताजी स्व. प्रसून सारंग ने अपना संपूर्ण जीवन जनता की सेवा में समर्पित किया। उनके विचार और आदर्श सदैव मानव के कल्याण के लिये प्रेरित करते हैं। इसीलिये उनकी पुण्यस्मृति में समाज में सेवा का सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से देशभर में वृद्धजनों का सम्मान सहित विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। नरेला विधानसभा में इस अवसर पर विशेष सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें वृद्धजनों का सम्मान, फल एवं कंबल वितरण, भोजन एवं शरबत वितरण, पौधरोपण तथा अन्य जनसेवा कार्यक्रम शामिल होंगे।

**जनता की सेवा में समर्पित किया पूरा जीवन**

## रवांडा एवं यूएन एफपीए के सदस्यों ने किया काटजू अस्पताल का दौरा


निरीक्षण करने पहुंचा प्रतिनिधि मंडल।

**भोपाल।** कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में गुरुवार को रवांडा अफ्रीका के प्रतिनिधिमंडल एवं यूएनएफपीए के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। दौरे का उद्देश्य मध्यप्रदेश में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत समझना और सहयोग की संभावनाओं का आकलन करना था। भ्रमण के दौरान चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ बलराम उपाध्याय भी मौजूद रहे। टीम ने समर्पित स्टाफ एवं रोगी-केंद्रित सेवाओं की सराहना की।

निखिलेश की पुस्तक "जनजाति गौरव बिरसा मुंडा" का विमोचन

## बिरसा मुंडा का देश के पराक्रम और संस्कृति के पुनर्जागरण में अमिट योगदान: अशोक पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान बिरसा मुंडा के सार्धशती समारोह के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित शोधपरक और प्रेरक पुस्तक "जनजाति गौरव बिरसा मुंडा" का विमोचन गुरुवार को गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी द्वारा लिखी गई इस पुस्तक का प्रकाशन मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल द्वारा किया गया है। विमोचन अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक अशोक पांडेय ने कहा कि बिरसा मुंडा का जन्म 1875 में हुआ, जब अंग्रेजों ने इस देश के स्वाभिमान को कुचलने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि अंग्रेज नहीं चाहते थे कि भारत में विद्रोह उठे, लेकिन इस देश की आत्मा को दबाया नहीं जा सका। इसी काल में समाज में चेतना का पुनर्जागरण हुआ। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने देश के पराक्रम और संस्कृति के पुनर्जागरण में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने जनजातीय समाज को अपनी मूल पहचान और संस्कृति से जोड़ा। यज्ञोपवीत धारण, तिलक, जगन्नाथ मंदिर दर्शन जैसी परंपराओं को अपनाने और समाज को भारतीयता की ओर लौटाने का संदेश दिया। बिरसा मुंडा के विचार एकता, अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक हैं।


भगवान बिरसा मुंडा के सार्धशती समारोह के अवसर पर पुस्तक विमोचन करते अतिथिगण।

### राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए प्राण अर्पित किए: सारंग

अध्यक्षीय उद्बोधन में मंत्री सारंग ने कहा कि निखिलेश ने अपनी पुस्तक में बिरसा मुंडा के जीवन चक्र, धर्म परिवर्तन के विरोध, समाज सुधार और शिक्षा जागरण के सभी पहलुओं को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि "मात्र 25 वर्ष की आयु में जनजाति समाज के एक पुत्र ने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण अर्पित कर दिए।

#### डेढ़ महीने में लिखी पुस्तक

यह महेश्वरी की छठी पुस्तक है, जिसे उन्होंने मात्र डेढ़ महीने में लिखा है। सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान प्रज्ञादीप में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक अशोक पांडे रहे जबकि अध्यक्षता विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता विभाग ने की।

बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

## शिक्षा जगत के पथप्रदर्शक स्व. राधारमण सक्सेना को भावपूर्ण श्रद्धांजलि की अर्पित

स्व. सक्सेना ने रखी थी तकनीकी शिक्षा की एक मजबूत नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक एवं प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय राधारमण सक्सेना की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गुरुवार को मानस भवन, श्यामला हिल्स में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, समाज और राजनीति जगत से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि तथा राधारमण समूह के पूर्व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि स्व. सक्सेना ने अपने प्रेरणादायी जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने अपने कर्म, सादगी और दूरदर्शिता से प्रदेश में तकनीकी शिक्षा की एक मजबूत नींव रखी। राधारमण समूह की स्थापना कर उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित किया। स्व. सक्सेना न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि एक संवेदनशील समाजसेवी भी थे।


नरेन्द्र तोमर रहे मौजूद।


स्व सक्सेना को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते नागरिक।

### स्व. सक्सेना के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

वे ब्रह्मलीन संतश्री कृष्ण मुरारी सहाय सक्सेना "शिवायन (पद्म महाशिव पुराण)" के रचयिता के पुत्र थे और अपने पिता की आध्यात्मिक विरासत को कर्मयोग के रूप में आगे बढ़ाया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उनके पुत्र इंजीनियर संजीव सक्सेना, महासचिव–मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा इंजीनियर प्रवीण सक्सेना, अध्यक्ष–जिला कांग्रेस कमेटी, भोपाल (शहर) ने श्रद्धांजलि अर्पित करने आए सभी अतिथियों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। दोनों ही पुत्र प्रदेश की राजनीति में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

शांतिकुंज हरिद्वार का आयोजन

## 21 को भोपाल के 25,000 छात्र देंगे 'भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार (शांतिकुंज, हरिद्वार) द्वारा आयोजित "भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025" का आयोजन इस वर्ष 21 नवंबर, शुक्रवार को भोपाल में किया जाएगा। इस परीक्षा में शहर के लगभग 300 विद्यालयों ओर महाविद्यालयों के करीब 25,000 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

मीडिया प्रभारी रमेश नागर ने बताया कि यह परीक्षा वर्ष 1994 से भोपाल से डॉ.शंकर लाल पाटीदार के मार्गदर्शन में प्रारम्भ हुई थी जो निरंतर आयोजित की जा रही है और आज यह अभियान देश के 22 राज्यों और नेपाल सहित अन्य देशों में भी अपनी पहुंच बना चुका है। भोपाल में परीक्षा संचालन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा सामग्री, जिसमें प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट शामिल हैं, परीक्षा से दो दिन पूर्व सभी केंद्रों पर पहुँचा दी जाएंगी।


परीक्षार्थियों के लिए स्टडी सामग्री वितरित करते हुए भोपाल के परीक्षा प्रभारी।

यह परीक्षा कक्षा चौथी से लेकर महाविद्यालय स्तर तक होती है। प्रत्येक वर्ग के लिए 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाते हैं, जिनका उत्तर ओएमआर शीट पर देना होता है। महाविद्यालय स्तर पर ए और बी ग्रुप बनाए गए हैं, जिनमें प्रथम पुरस्कार 3500, द्वितीय 2000 और तृतीय 1500 रखा गया है। विद्यालय स्तर पर राज्य स्तरीय पुरस्कार क्रमशः 3000, 2000 और 1500 निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा परिणाम लगभग एक माह बाद घोषित किए जाएंगे। परीक्षा का संपूर्ण संचालन कन्हैया लाल पटेल, केपी रावत और पूनम चंद वर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## पेज एक का शेष....

### जनवरी में लाल....

फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी को लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है। दिल्ली पुलिस अभी तक 10 से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर चुकी है। पूछताछ में पता चला है कि आतंकी संगठन अपने विदेशी हैंडलर्स से एन्क्रिप्टेड रूट के माध्यम से संवाद करते थे और इसी माध्यम से उन्हें आदेश भी मिलते थे।

अमोनियम नाइट्रेट, ऑक्साइड और फ्यूल ऑयल जैसे पदार्थों से तैयार किए जाने वाले विस्फोटक को आतंकी शिपमेंट और पैकेज जैसे कोडवर्ड से संबोधित करते थे। जांच एजेंसियों ने आतंकियों के फोन से इन कोडवर्ड्स को बरामद किया है, जिससे उनके संचार के तरीके का पर्दाफाश हुआ है।

**आतंकियों के तुर्किये के आव्रजन टिकट मिले:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें संदेह है कि ये रेकी 26 जनवरी को ऐतिहासिक स्मारक को निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी, जो उस समय क्षेत्र में गहन गश्त के कारण विफल हो गई होगी। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं को उनके पासपोर्ट में तुर्किये के आव्रजन टिकट मिले हैं और वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या दोनों अपनी यात्रा के दौरान किसी विदेशी आका से भी मिले थे। पुलिस द्वारा जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने और तीन चिकित्सकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार करने के कुछ ही घंटों बाद दिल्ली के लाल किला क्षेत्र के पास एक धीमी गति से चलती कार में उच्च तीव्रता वाला विस्फोट हुआ था। पुलिस ने जम्मू कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर लगभग 2910 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर जब्त किया था।

### ऐसी सजा देंगे कि ...

लिंक के जरिए संबोधित किया। शाह ने कहा कि जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है और जो इसके पीछे हैं, उन्हें कानून के कटघरे में लाया जाएगा और सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। भारत सरकार और गृह मंत्रालय इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प कि इस आतंकवादी हमले के सभी जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा दी जाएगी, निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा।

### अब एयर इंडिया ...

धमकी मिली। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी यानी दिल्ली में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान में मौजूद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया। वहीं, दिल्ली एयरपोर्ट पर सभी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रहीं। सुबह दिल्ली पुलिस को फ्लाइट एआई-188 से जुड़ा बम धमकी संदेश प्राप्त हुआ। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी का गठन किया गया।

### अल फलाह यूनिवर्सिटी ....

मिली थी, वह भी डॉक्टर शाहिन की ही थी। उस डिजायर कार में एक एके-47 राइफल मिली थी।

### एग्जिट पोल की....

विनोद सिंह गुंजियाल ने 38 जिलों के डीएम के साथ गिनती की समीक्षा की। काउंटिंग का तरीका और रैंडमाइजेशन हर विधानसभा सीट के लिए मतगणना केंद्र में अलग-अलग कमरे बनाए गए हैं। एक राउंड में 14 ईवीएम की गिनती होगी, जिसके लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। गिनती से पहले सुबह 6 बजे मतगणना केंद्र पर रैंडमाइजेशन किया जाएगा।

रैंडमाइजेशन के बाद ही यह तय होगा कि किस अधिकारी की ड्यूटी किस काउंटिंग टेबल पर होगी। वीवीपैट और सुरक्षा नियम मतगणना के दौरान किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में वीवीपैट की पर्चियों की गिनती की जाएगी। फॉर्म 17सी और ईवीएम डेटा में बेमेल पाए जाने पर भी वीवीपैट की गणना होगी। मतगणना परिसर में मोबाइल ले जाने पर पूरी तरह से रोक है, इसके साथ ही मतगणना परिसर के आसपास विजय जुलूस और नारेबाजी पर भी रोक लगाई गई है।

### योजना की 'शुरुआत ....

रही है। डॉ. यादव ने देवास जिले के सर्वांगीण विकास के लिए 183.25 करोड़ लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। साथ ही हितग्राहियों को जैविक खेती, कृषि यंत्र एवं पीएमएफएमई सहित विभिन्न योजनाओं में हितलाभ वितरित किए।

### देवास में भावांतर ....

इकलौता राज्य है। योजना के तहत देवास जिले में सर्वाधिक किसानों ने पंजीयन कराया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य में किसान हितैषी सरकार है।

### ट्रक का ब्रेक फेल...

में कार सवार 5 लोग जिंदा जल गए। ट्रक ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई। करीब 20 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनर और ट्रक के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकेंड में ही लपटों में घिर गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हादसे में घायल हुए सभी लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में ट्रक ड्राइवर बाहर नहीं निकल सका। लिहाजा उसकी भी जलकर मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, ब्रेक फेल होने के सटीक कारण और संभावित कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

**सीएम फडणवीस ने मदद का ऐलान किया:** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया और मरने वालों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया है।

### क्लर्क 15 लाख...

को यह जानकारी दी। वहीं इस मामले में दीवानी अदालत, मझगांव के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एजाजुद्दीन सालाउद्दीन काजी को वांछित आरोपी बनाया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि हाल के सालों में यह ऐसी पहली ऐसी घटना है, जिसमें किसी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया हो। एसीबी ने क्लर्क चंद्रकांत वासुदेव को गिरफ्तार किया। एंटी करप्शन ब्यूरो के मुताबिक शिकायतकर्ता की पत्नी ने कंपनी की जमीन जबरन कब्जाने के खिलाफ बंबई हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसके बाद जज की ओर से मनचाहे फैसले के लिए शुरू में 25 लाख रुपए की मांग की गई और बाद में राशि 15 लाख रुपए पर तय हुई। जानकारी के मुताबिक घूस के 25 लाख रुपए में से 10 लाख रुपए वासुदेव का हिस्सा था और 15 लाख रुपए न्यायाधीश काजी के लिए रखे गए थे।

**बार-बार कॉल कर मांगी रिश्वत:** बता दें कि उच्च न्यायालय ने 2016 में विवादित जमीन पर तीसरे पक्ष के अधिकार पर रोक लगा दी थी। जमीन का मूल्य 10 करोड़ रुपए से कम होने के कारण मामला मझगांव की दीवानी सत्र अदालत में भेजा गया। एसीबी ने बताया कि नौ सितंबर, 2025 को शिकायतकर्ता के पास वासुदेव का फोन आया।

इसके बाद वासुदेव ने शिकायतकर्ता से चेम्बूर के एक कैफे में मुलाकात कर 25 लाख रुपए की मांग की। शिकायतकर्ता ने बड़ी राशि देने से इनकार किया लेकिन वासुदेव ने बार-बार कॉल कर रिश्वत की मांग की, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने 10 नवंबर को एसीबी में शिकायत दर्ज कराई।

### 12 हजार करोड़ ....

पर छापेमारी की थी। इस दौरान 1.7 करोड़ रुपए नकद, कई वित्तीय दस्तावेज, डिजिटल डेटा और प्रॉपर्टी से जुड़े कागजात जब्त किए थे। बताया जा रहा है कि ये सभी दस्तावेज प्रमोटरों और उनके परिवार के नाम पर मिली संपत्तियों से जुड़े हैं। ईडी ने गौरसन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुलशन होम्ज प्राइवेट लिमिटेड और महागुन रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड जैसी बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों के दफ्तरों में भी तलाशी ली। यह पूरा मामला दिल्ली और यूपी पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के बाद तेज हुआ। इन एफआईआर में जेपी इंफ्राटेक, जयप्रकाश एसोसिएट्स और उनके डायरेक्टर्स व प्रमोटर्स पर धोखाधड़ी, फर्जीवाड़े और साजिश के आरोप लगे हैं। आरोप यह भी है कि बिल्डरों ने लोगों को फ्लैट और प्लॉट देने का झांसा देकर हजारों करोड़ रुपये निवेश करवाए, लेकिन बाद में प्रोजेक्ट पूरे नहीं किए।

### शर्म नहीं आती....

हुए देखा जा सकता है। आंखों में आंसू लेकर सनी देओल अपनी मां सहारा देते दिख रहे हैं।

इसके अलावा बॉबी देओल धर्मेंद्र के पैरों के पास खड़े होकर बार बार उनके पैरों को छूते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो में हेमा मालिनी और उनकी बेटियां नजर नहीं आ रही हैं।

### भोपाल, इंदौर व ...

गया। इसके साथ सीहोर, शाजापुर और शिवपुरी में शीतलहर चली। शुक्रवार को सीहोर, देवास, शाजापुर, शिवपुरी, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, जबलपुर, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर में शीतलहर चलेगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिन मौसम ऐसा ही रहेगा।

बुधवार-गुरुवार की रात प्रदेश के कई शहरों के तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जबलपुर में पारा 9.9 डिग्री रहा। ग्वालियर में 11.4 डिग्री और उज्जैन में 10.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। अन्य शहरों में भी पारा लुढ़का रहा। जबकि हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## लाठी-डंडों के हमले से मामा भांजे-नाना की दर्दनाक मौत

**अशोक नगर।** आठ बीघा जमीन के लिए दो सगे भाइयों में विवाद हो गया। तलवार, लाठी-डंडों के हमले में मामा-भांजा और नाना की मौत हो गई। नाना और भांजे की मौके पर मौत हो गई, जबकि मामा ने भोपाल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। कचनार इलाके के करैया बैनेट गांव का मामला है। खिलान सिंह अपने बड़े बेटे राजमहेंद्र के साथ रहते थे। राजमहेंद्र ने खेत में सरसों की फसल बोई थी। खिलान का बेटा कृष्णभान अपने भांजे पवन के साथ ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंचा और पहले से बोए गए खेत में पंजा चलाने लगा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया।

### शास्त्री पदयात्रा में बेहोश, सड़क पर लेटे

## अचार-पराठा खाकर फिर यात्रा शुरू की

एजेंसी ▶▶ मथुरा

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का गुरुवार को सातवां दिन था। यात्रा अब यूपी में दाखिल हो चुकी है। मथुरा पहुंचने से पहले लगातार दूसरे दिन धीरेंद्र शास्त्री की तबीयत बिगड़ गई। यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर उन्हें अचानक चक्कर आ गया। वे सड़क पर ही लेट गए। आसपास मौजूद भक्तों ने संभाला, गमछे से हवा की। थोड़ी देर लेटे रहने के बाद धीरेंद्र शास्त्री उठकर बैठे। अचार के साथ पराठा खाया। बुधवार को भी उन्हें बुखार आ गया था। डॉक्टरों ने उनका चेकअप कर दवा दी थी। थोड़ा आराम करने के बाद धीरेंद्र शास्त्री ने यात्रा आगे बढ़ाई थी। इस बीच होडल में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि दिल्ली ब्लास्ट आतंकवादी हमला था। उन्होंने हमारी पदयात्रा को भी टारगेट कर हिंदुओं को डराने की कोशिश की।

## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

### निविदा आमंत्रण सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में नीचे दर्शाये कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर प्रपत्र-अ में दिनांक 20.11.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| S. No. | NIT No. | Name of Work | P.A.C. (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 13/ 2025-26 | अरेरा कॉलोनी, भोपाल स्थित मेट्रो वाक भवन में बेसमेंट में रिपेयरिंग संबंधी रखरखाव कार्य। | 1,99,729/- | 4,000/- |
| 2. | 14/ 2025-26 | तुलसी नगर, भोपाल स्थित जवाहर बाल भवन अंतर्गत कामकाजी महिला वसति गृह में CPVC नई जलप्रदाय लाइन बिछाने का कार्य। | 1,99,004/- | 4,000/- |

**नोट :-** निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय में निर्धारित मूल्य रु. 1180/- प्रति निविदा जमाकर, निविदा तिथि से एक दिन पूर्व तक (शासकीय अवकाश छोड़कर) प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्य की समयावधि **15 दिवस** होगी। धरोहर राशि कार्यपालन यंत्री, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मंडल संभाग-2 भोपाल के पक्ष में देय राष्ट्रीयकृत एवं शेड्यूल्ड बैंक से DD/FDR के रूप में स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु वैध पंजीयन की प्रति, आयकर/जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

/mphidb /mphidb

कार्यपालन यंत्री
म.प्र. माध्यम/122996/2025 संभाग-2, भोपाल, दूरभाष : 0755-4077895

## कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल

**जोन क्र.-21 (डॉ. भीमराव अम्बेडकर)**
**सहयाद्रि परिसर के पास, भदभदा रोड**

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर निगम भोपाल के स्वामित्व की दुकान / भूखंड के नामांतरण हेतु जोनल कार्यालय क्र.-21 के समक्ष में आवेदनकर्ता द्वारा उनके नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | दुकान क्र. | आवेदक का नाम | आवंटी का नाम | वर्तमान में स्थल पर काबिज का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र. -जी-06, 45 चबूतरे, न्यू मार्केट, टी.टी. नगर 3000000730 | उर्वी अग्रवाल एवं हर्षिता अग्रवाल | श्री शमशुद्दिन पुत्र श्री एन उद्दिन | उर्वी अग्रवाल एवं हर्षिता अग्रवाल | आवेदन पत्र एवं रजिस्टर्ड हस्तांतरण पत्र |

उक्त दुकान से संबंधित राजस्व अभिलेखों में उपरोक्तानुसार खातों में नाम परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति को कोई वैधानिक आपत्ति है तो वह 15 दिवस के अंदर नगर निगम भोपाल के जोनल कार्यालय क्र.-21 (डॉ. भीमराव अम्बेडकर) सहयाद्रि परिसर के पास, भदभदा रोड को लिखित सूचित कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो नगर निगम भोपाल नाम परिवर्तन करने के लिये सक्षम होगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**जोनल अधिकारी**
**जोन क्र.-21**
सू.क्र.2663/025/026 **नगर निगम भोपाल**

## पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/103/2025

(भंडार आपूर्ति हेतु ई–निविदा सूचना सख्या ईपीएस/103/2025 प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएगे। पूर्ण/विनिर्देश के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| कमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 40252837B | Tri कलर LED-3–सेल टोर्च | 25598 नंबर. | '01/12/2025 |
| 2 | 81245107 | Manufacutre एंड सम्लाई of मेटल लाइनर | 2762867 नंबर. | 02/12/2025 |
| 3 | 38255010A | CASNUB 22HS कास्ट स्टील बोगीज | 260 नंबर. | 04/12/2025 |
| 4 | 38252406A | इनर स्प्रिंग फॉर CASNUB 22HS, | 18090 नंबर. | 09/12/2025 |
| 5 | 40252023A | Low मेंटनेंस लीड एसिड बैटरी सेट 110V 75 AH | 104 सेट. | 11/12/2025 |
| 6 | 20254146B | सेट ऑफ रोलर बेअरिंग | 353 सेट. | 15/12/2025 |
| 7 | 61252427A | फायर Retardant डेकोरेटिव Thermosetting | 7359 नंबर. | 29/12/2025 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता.)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

खंड-I
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्यप्रदेश शासन**

## कार्यालय - सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल, जिला बैतूल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 1804/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 7-11-2025**

वनमंडलाधिकारी, सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेसिफिकेशन | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रूट ट्रेनर | Sizes and Specifications :- (see below) विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेजो के भाग-2 में दिया गया है। | आवश्यकता अनुसार | 50,000/- | 1000/- |

| S.No | Capacity | No.of Cells (Cavities) | Length (mm) | Breadth (mm) | Depth (mm) | Cavity Diameter (mm) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 150cc | 20 Cells | 300 | 240 | 100 | 50 |
| 2 | 300cc | 12 Cells | 320 | 250 | 140 | 68 |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड/इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 11.11.2025 शाम 05:00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

**वनमंडलाधिकारी**
जी - 21393/25 स्वच्छता ही सेवा **सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल**

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

### नाम परिवर्तन

मैं लक्ष्मी नारायण वामनकर पुत्र श्री चिंदुलाल वामनकर आयु 71 वर्ष, निवासी वार्ड न. 14. गुरूनानक विद्यालय के पास भीम नगर, आमला, बैतूल म.प्र.। मेरे शासकीय अशासकीय दस्तावेजो में मेरा अंग्रेजी व हिन्दी में नाम व सरनेम लक्ष्मी नारायण वामनकर (LAXMI NARAYAN WAMANKAR) पुत्र श्री चिंदुलाल वामनकर (CHINDHULAL WAMANKAR) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे पी.पी.ओ.मे मेरा नाम (LN WAMANKAR) त्रुटिवश अंकित हो गया है । अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरा नाम लक्ष्मी नारायण वामनकर (LAXMI NARAYAN WAMANKAR) पुत्र श्री चिंदुलाल वामनकर (CHINDHULAL WAMANKAR) के नाम से जाना व पहचाना जावे ।
शपथ पत्र क्रमांक DF 326262

### CHANGE OF NAME


I, Abhay Saraf, s/o Shri Rajmal Saraf, resident H. No. 05, Yashoda Vihar Chuna Bhatti, Kolar Road, Bhopal, have my name listed as Abhay Kumar Saraf in my passport, which is an error. My correct name is Abhay Saraf, which is also listed on my Aadhaar card and PAN card. I want to have this correct name entered in my passport.

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm



Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## शब्द पहेली - 6047



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 6046 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

### सूडोकु नवताल - 6057

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6056 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## राशिफल

**मेष:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष:** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन:** नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क:** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह:** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या:** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु:** नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर:** वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

## खबर संक्षेप

### कैनन ने इमेजफोर्स सीरीज पेश की

**नई दिल्ली।** कैनन इंडिया ने अपनी इमेजफोर्स सी5100 कलर सीरीज और 6100 मोनो सीरीज लांच की। ये मल्टीफंक्शन डिवाइस आधुनिक वर्कप्लेस की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं। ये नैक्स्ट-जनरेशन की एमएफडी व्यवसायों को सुरक्षा, विश्वसनीयता, कनेक्टिविटी और सस्टेनेबिलिटी के साथ बेहतर क्षमताएं प्रदान करेंगी। इनमें इंटेलिजेंट ऑटोमेशन है, जो वर्कफ्लो को आसान बना देता है। महत्वपूर्ण डेटा की रक्षा आधुनिक सुरक्षा विशेषताएं करती हैं।

### सैमसंग केयर प्लस में एक्सटेंडेड वारंटी प्लांस

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपनी लोकप्रिय सैमसंग केयर प्लस सेवा का दायरा बढ़ाते हुए घरेलू उपकरणों के लिए एक्सटेंडेड वारंटी प्लांस की शुरुआत की है। ग्राहक 1 से 4 साल की अवधि के बीच कोई भी प्लान चुन सकते हैं, जिनकी कीमत मात्र 2 रुपए प्रतिदिन से शुरू होती है। सैमसंग केयर प्लस अब इंडस्ट्री में पहली बार सॉफ्टवेयर अपडेट और स्क्रीन खराबी (बिना किसी फिजिकल डैमेज) को भी कवर करता है।

### आयशर प्रो एक्स डीज़ल रेंज में ट्रक और बस लांच

**नई दिल्ली।** आयशर ट्रक्स एंड बसेज़ ने आइशर प्रो एक्स डीज़ल के लांच की घोषणा की, जिससे उसने 2 से 3.5 टन के छोटे वाणिज्यिक वाहन सेगमेंट में अपनी नई पीढ़ी की पेशकश का विस्तार किया है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में आयशर प्रो एक्स ईवी के सफल लांच के बाद, डीजाल वेरिएंट का परिचय आयशर की ईंधन दक्षता और अग्रणी विशेषज्ञता को उन ग्राहकों और क्षेत्रों के लिए जोड़ता है ।

### एक्सिस बैंक ने एमजी मोटर से की साझेदारी

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के साथ मिलकर एक अभिनव डुअल लोन प्रोग्राम पेश किया है। एमजी के बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल पर आधारित इस पहल के तहत ग्राहक वाहन और उसकी बैटरी के लिए अलग-अलग लोन ले सकते हैं यह प्रोग्राम 100 फीसदी ऑन-रोड फंडिंग और बैटरी के लिए 8 साल तक की अवधि का विकल्प प्रदान करता है।

### बेसिलिक फ्लाई का मुनाफा बढ़ा

**चेन्नई।** बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। बीएफएस ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में शानदार वित्तीय और परिचालन उपलब्धियां हासिल कीं। कंपनी का राजस्व 190.5 करोड़ हो गया। एबिटडा में 107.0 फीसदी और शुद्ध लाभ में 117.1 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। भारत के व्यवसाय में वृद्धि नए प्रोजेक्ट्स की जीत से प्रेरित रही।

### सर्वेश्वर का शुद्ध लाभ 15.25 करोड़ रुपए दर्ज

**नई दिल्ली।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने अपनी अनऑडिटेड वित्त वर्ष 2026 के दूसरी तिमाही और पहली छमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा की। दूसरी तिमाही में कंपनी कुल आय 637.85 करोड़ रुपए, एबिटडा 35.79 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 15.25 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के अध्यक्ष रोहित गुप्ता ने कहा कि आर्थिक वर्ष 2025–26 की पहली छमाही में हमारा प्रदर्शन हमारी सतत विकास और संचालन दक्षता पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है।

### जियो हॉटस्टार पर ड्रामा सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जियोहॉटस्टार ने ड्रामा सीरीज 'ज़िद्दी इश्क' का ट्रेलर जारी किया। इसमें आदिति पोहनकर, परमब्रत चट्टोपाध्याय, सुमीत व्यास, बरखा बिष्ट और रिया सेन मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज 21 नवंबर को सिर्फ जियोहॉटस्टार पर दिखाई जाएगी। बंगाल के खूबसूरत बैकग्राउंड पर बनी 'ज़िद्दी इश्क' में एक जवान बंगाली लड़की मेहुल की कहानी है।

---

कई संभावनाएं मगर आवश्यक ईकोसिस्टम और अवसरों की कमी

# राजधानी में एआई इंडस्ट्री के विकास की मांग, सांसद से मिला 'कमाल का कारवां'

## भोपाल में आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्मार्ट इंडस्ट्रीज की विशाल संभावनाएं

मध्यप्रदेश टेक्नोलॉजी इंजन बनकर भारत के चौथी औद्योगिक क्रांति के विजन में भी योगदान दे सकेगा

भोपाल को एआई लाइटहाउस सिटी के रूप में किया जा सकता है विकसित, तेज ग्रोथ के लिए अनुभव साझा किए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

इंवेस्टमेंट एंड डेवलपमेंट' कम्युनिटी भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी भोपाल को देश के अग्रणी टेक्नोलॉजी हब के रूप में स्थापित करने के लिए 'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर मनोज मीक के नेतृत्व में देश के अन्य प्रमुख टेक सिटीज में कार्यरत कैपिटल रीजन के युवाओं और प्रोफेशनल्स के साथ सांसद आलोक शर्मा से भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के समक्ष यह साझा चिंता रखी कि राजधानी भोपाल में आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्मार्ट इंडस्ट्रीज की विशाल संभावनाएं होने के बावजूद यहां आवश्यक ईकोसिस्टम, पॉलिसी सपोर्ट और इंडस्ट्रियल अवसरों की कमी है। परिणामस्वरूप, भोपाल के प्रशिक्षित और प्रतिभाशाली युवाओं को स्किलिंग, रोजगार और एंटरप्रेन्योरशिप के लिए अन्य शहरों की ओर पलायन करना पड़ रहा है।

### सिलिकॉन वैली बेंगलुरू से आए रजत पल्लव ने साझा किया अनुभव


सांसद आलोक शर्मा से मिला क्रेडाई का प्रतिनिधिमंडल

सिलिकॉन वैली बेंगलुरू से आए रजत पल्लव सिंह ने टेक सिटी की आर्थिक गतिविधियों के कारण हो रही तेज ग्रोथ पर अपने अनुभव साझा किए, अनिल सरना ने कैपिटल रीजन में चालू हो रही इंडस्ट्रियल गतिविधियों की जानकारी दी, सोशल मीडिया पर सक्रिय पीयूष शाह ने भोपाल के प्रति बढ़ते आकर्षण पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि भोपाल को एआई लाइटहाउस सिटी के रूप में विकसित कर देश के पहले क्लीन कम्प्यूट कैपिटल के रूप में स्थापित किया जा सकता है, जहां डेटा सेंटर, एआई फैक्ट्री, स्टार्टअप ग्रोथ हब और रिसर्च संस्थान एक साथ विकसित हों। इससे राजधानी मध्यप्रदेश का टेक्नोलॉजी इंजन बनकर भारत के चौथी औद्योगिक क्रांति के विजन में भी योगदान दे सकेगी।

### राजधानी के युवाओं के साथ राज्य की भी प्रगति, 'कमाल का कारवां' बढ़ रहा : आलोक

सांसद आलोक शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल के सुझावों को दूरदर्शी बताते हुए कहा कि राजधानी के युवाओं की यह आकांक्षा न केवल न्यायसंगत है बल्कि राज्य की प्रगति के लिए आवश्यक भी है। सांसद ने कहा मनोज मीक के विजनरी और ठोस प्रयासों से शासन-प्रशासन बखूबी अवगत है उनका 'कमाल का भोपाल' नागरिक अभियान राजधानी में विमर्श का विषय बन गया है। खुशी की बात है कि 'कमाल का कारवां' बढ़ रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी संसद सत्र में भोपाल की रोड कनेक्टिविटी और स्मार्ट इंडस्ट्रीज़ के विस्तार के लिए क्रमशः केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक में मनोज मीक के साथ उपस्थित प्रतिनिधियों में 'भोपाल इन्वेस्टमेंट एण्ड डेवलपमेंट कम्युनिटी' के रजत सिंह, आशीष कोलारकर, पियूष जैन, पियूष शाह, स्वप्ना मेनन, अनिल सरना, गौरव परिहार सहित टेक इंडस्ट्री के अनेक जानकार शामिल रहे।

---

फैलाई जा रही अफवाह कि जनवरी 2026 में बढ़ेंगे दाम

# जीएसटी कटौती से 10 फीसदी गिरे दाम को सरफ्लस करने की फिराक में कंपनियां

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जीएसटी कांउसिल परिषद द्वारा सीमेंट में लागू 28 फीसदी की जीएसटी दर में 10 फीसदी की कटौती करते हुए सीमेंट को 18 फीसदी जीएसटी के दर में लाया गया। जिसके चलते बाजार सीमेंट के दाम 10 फीसदी नीचे आने चाहिए थे। स्थानीय लोहा-सीमेंट कारोबारियों के अनुसार बाजार में सीमेंट जो पहले 330 रुपए 340 रुपए प्रति बोरी थी वह 10 फीसदी जीएसटी कटौती के बाद 297 रुपए और 306 रुपए प्रति बोरी होने चाहिए थी। ज्ञात को सरकार ने भी सीमेंट कंपनियों को जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं देने की हिदायत दी थी।

इसके बावजूद सीमेंट कंपनियों उपभोक्ताओं को जीएसटी कटौती को पूरा लाभ नहीं दी है। स्थानीय राजधानी के बाजारों में सीमेंट 315 से 320 रुपए प्रति बोरी के दाम पर बिक रही है। खबर है कि सीमेंट कंपनियों सिंडीकेट बनाकर सरकार द्वारा जीएसटी कटौती के बाद घटे दाम को सरफ्लस करने के लिए यह अफवाह फैला रही है कि सीमेंट की मांग बढ़ी है और कंपनियां जनवरी 2026 में सीमेंट के दाम में मूल्य वृद्धि संभव है।

*केंद्र सरकार दे चुकी है सीमेंट कंपनियों को जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं देने की हिदायत*



विभिन्न कंपनियों के सीमेंट

### जीएसटी कटौती का पूरा लाभ नहीं मिला रहा उपभोक्ताओं को

*भोपाल लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ अध्यक्ष वलदेव खेमानी सहित अन्य सीमेंट कारोबारियों से इस पूरे मामले में चर्चा की तो उन्होंने कहाकि केंद्र सरकार द्वारा सीमेंट के दाम में 10 फीसदी की कटौती जीएसटी दर में की गई थी, उस कटौती का पूरा-पूरा लाभ भी उपभोक्ताओं ने नहीं मिला रहा है। कंपनियों के जो रेट पहले थी वह अभी भी है। स्थानीय बाजार में सीमेंट के दाम 315 रुपए प्रति बोरी बोली जा रही है। विक्रेताओं के कहना है कि रही बात मांग की तो अभी कोई ज्यादा फर्क बाजार में दिखाई नहीं दे रहा है। बाजार जानकारों का कहना है कि सीमेंट कंपनियों सिंडीकेट बनाकर मुनाफाखोरी करने सीमेंट के दाम बढ़ने की अफवाहें फैला रहे है ताकि उपभोक्ताओं में घबराहट उत्पन्न हो और वे सीमेंट खरीदी कर स्टॉक जमा करें। बाजार जानकारों कहना है कि सीमेंट कंपनियां अब इस फिराक में जुटने लग गई है कि जीएसटी कटौती से घटे दाम को किस प्रकार से सरफ्लस किया जाए।*

---

# बाल दिवस पर: टाइटन आईप्लस ने 'एक तारा टेस्ट' नामक एक अनूठा अभियान शुरू किया

*3 करोड़ से ज्यादा बच्चों में कमजोर दृष्टि की समस्या, एक रचनात्मक प्रतिक्रिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेंगलुरू

टाइटन आई प्लस बाल दिवस के मौके पर भारत भर के अभिभावकों से अपने बच्चों की दृष्टि की जांच के लिए एक दिव्य कथा का उपयोग करने का आग्रह कर रहा है। ब्रांड ने 'एक तारा टेस्ट' नामक एक अनूठा अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों में संभावित दृष्टि समस्याओं का पता लगाने के लिए एक सरल, सुलभ और मनोरंजक प्रारंभिक नेत्र-जांच उपकरण प्रदान करना है। यह अभियान शिकारियों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले एक पुराने नेत्र परीक्षण से प्रेरणा लेकर शुरू किया गया है। यह पहल 3 करोड़ से ज्यादा बच्चों में कमजोर दृष्टि की समस्या की मूक महामारी के प्रति एक रचनात्मक प्रतिक्रिया है,




जिसका पता नहीं चल पाता और जो बच्चे के प्रारंभिक वर्षों में बाधा बनती है।

इस अभियान की कहानी को एक फिल्म में प्रभावशाली ढंग से जीवंत किया गया है, जो साहिबा नामक एक युवा स्कूली छात्रा की कहानी पर आधारित है, जिसकी धुंधली दृष्टि से जूझना उसके दैनिक जीवन को प्रभावित करता है। यह फिल्म अभिभावकों के बीच एक आम गलत धारणा को उजागर करती है कि कमज़ोर दृष्टि एक ऐसी स्थिति है जो उम्र के साथ आती है, जिससे बच्चों की नियमित आंखों की जांच नहीं हो पाती। इस चुनौती से पार पाने के लिए, टाइटन आईप्लस ने एक प्राचीन पद्धति को एक मनोरंजक और प्रभावी नेत्र-जांच उपकरण में बदल दिया है।

टाइटन कंपनी लिमिटेड के नेत्र देखभाल प्रभाग के मार्केटिंग प्रमुख, मनीष कृष्णमूर्ति ने कहाकि हर पांच में से एक बच्चा धुंधली दृष्टि से प्रभावित होता है और उनमें से एक बड़ी संख्या चुपचाप इस समस्या से जूझती है। टाइटन आई प्लस अभियान इस वास्तविकता को भावनात्मक रूप से दर्शाता है और जागरूकता बढ़ाने के लिए 'एक तारा परीक्षण' को एक सरल और अभिनव समाधान के रूप में प्रस्तुत करता है। एक प्राचीन तकनीक को पुनर्जीवित करके, हम न केवल एक समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं।

---

# विल्लोर इंस्टीट्यूट में 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू, इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) मॉरीशस ने अपने प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यक्रमों के फरवरी और अगस्त 2026 सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान ने महत्वाकांक्षी विद्यार्थियों को अपने सपनों के करियर की दिशा में अगला कदम बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया है।

विद्यार्थी अब www.vitmauritius.mu पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए किसी प्रवेश परीक्षा की आवश्यकता नहीं है — प्रवेश केवल हाई स्कूल के प्रदर्शन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के



आधार पर दिया जाएगा। मेधावी और आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियाँ भी उपलब्ध हैं। साथ ही, विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान पार्ट-टाइम काम करने के अवसर और पढ़ाई पूरी होने के बाद 3 वर्षों का पोस्ट-स्टडी वर्क परमिट भी प्रदान किया जाएगा।

---

# केंद्रीय मंत्री उइके ने जनजातीय व्यवसाय सम्मेलन 2025 प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जनजातीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने द्वार का स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित "जनजातीय व्यवसाय सम्मेलन 2025" में थीम पेविलियन और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के डीपीआईआईटी, जनजातीय कार्य मंत्रालय


जनजातीय व्यवसाय सम्मेलन

तथा संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में 250 से अधिक जनजातीय उद्यमियों को आमंत्रित किया गया है, ताकि जनजातीय क्षेत्रों में उद्यम-आधारित विकास को गति देने के लिए एक दिवसीय संवाद स्थापित किया जा सके। प्रदर्शनी में स्वदेशी कला, शिल्प और उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

---

## बिजनेस प्लस

### एलएन आयुर्वेद कॉलेज में राष्ट्र स्तरीय क्विज प्रतियोगिता



**भोपाल।** एलएन कॉलेज में नेशनल आयुर्वेद क्विज कांटेस्ट का आयोजन डॉ. शंकर दयाल शर्मा आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय भोपाल मप्र में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से आयुर्वेद महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया था। जिसमें एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल के आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत विभाग के मार्गदर्शन में छात्र-छात्रा (दिव्या अहिरवार, श्रुति अग्रवाल, मनस्वी साहू, अंजलि तथा वत्सल टांक) ने भाग लिया था। जिसमें प्रथम पुरुस्कार राशि 50 हजार पीएमटी प्रवरा मेडिकल ट्रस्ट का आयुर्वेद कॉलेज महाराष्ट्र व द्वितीय पुरूस्कार शासकीय धंवतरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज उज्जैन म.प्र.25 रुपए एवं तृतीय पुरूस्कार एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल रू. 15,000/- ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं आयुर्वेदिय पुस्तक विजेता टीम के प्रत्येक प्रतिभागियों को प्रदान की गई। एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल की टीम ने पुरूस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

### एमपी में ग्रियू एनर्जी के सोलर सेल प्लांट के लिए आईनॉक्स एयर ने किए साइन

**भोपाल।** आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट ने ग्रियू एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ दीर्घकालिक साझेदारी की है। इस समझौते के तहत आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स, ग्रियू एनर्जी की आगामी 3 गीगावॉट सोलर पीवी सेल निर्माण फैसिलिटी, नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश के लिए अल्ट्रा-हाई प्योरिटी (यूएचपी) नाइट्रोजन की आपूर्ति करेगा। समझौते के अनुसार, आईएनओएक्सएपी अपने मौजूदा एयर सेपरेशन यूनिट (एएसयू) से एक समर्पित पाइपलाइन नेटवर्क के विकास में महत्वपूर्ण निवेश करेगा और उसे डेवलप करेगा ताकि विश्वसनीय और 24x7 सप्लाई सुनिश्चित की जा सके। आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स ग्रियू एनर्जी की नर्मदापुरम फैसिलिटी में फोटो-वोल्टाइक सोलर सेल निर्माण की सटीक उत्पादन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अल्ट्रा-हाई प्योरिटी (यूएचपी) नाइट्रोजन की आपूर्ति करेगा। यह दीर्घकालिक साझेदारी भारत के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर स्वच्छ ऊर्जा वाला इकोसिस्टम बनाने के साझा विश्वास को दर्शाती है।

### सोनालीका की गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में एंट्री

**नई दिल्ली।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने बांग्लादेश स्थित डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी एसीआई मोटर्स लिमिटेड द्वारा एक ही दिन में अब तक की सबसे बड़ी ट्रैक्टर डिलीवरी करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है, जिससे कंपनी की वैश्विक श्रेष्ठता को और अधिक बल मिला है। यह असाधारण उपलब्धि बांग्लादेश के दिनाजपुर में 'सोनालीकर बिशोजॉय' थीम पर आयोजित भव्य समारोह में हासिल हुई। ये प्रगति, उत्पादकता और साझेदारी का उत्सव रहा जिसमें 350 ट्रैक्टरों की डिलीवरी सिर्फ 4 घंटे में की गई। डॉ. दीपक मित्तल, मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा कि सोनालीका की विरासत इस दृढ़ विश्वास से प्रेरित है कि भारत की श्रेष्ठता दुनिया को प्रेरित कर सकती है और इसलिए सोनालीका का प्रत्येक ट्रैक्टर भारत की किफायती इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और ब्रांड की अदम्य भावना का प्रतीक है, जो दुनिया भर में लाखों सपनों को ताकत प्रदान करती है। बांग्लादेश के हमारे डिस्ट्रीब्यूटर एसीआई मोटर्स द्वारा हासिल किया गया यह नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, हमारे सफर में विश्वास रखने वाले हर किसान और हर साथी के प्रति हमारा आभार है।

---

# नगरीय विकास संचालनालय में क्रेडाई की उच्च स्तरीय बैठक

## *शहरी सुधार-एआई इंडस्ट्री रोडमैप पर हुई विस्तृत चर्चा*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास संचालनालय में कमिश्नर नगरीय विकास संकेत भौंडवे की अध्यक्षता में क्रेडाई भोपाल के प्रतिनिधिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में डायरेक्टर टाउन प्लानिंग, कलेक्टर भोपाल, कमिश्नर नगर निगम, स्मार्ट सिटी सीईओ, बीडीए सीईओ सहित शहरी विकास से जुड़े सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। क्रेडाई की ओर से अध्यक्ष मनोज मीक, विपिन गोयल, सुनील गुप्ता, दिनेश गोयल, नीरज मेकर, शिवनव प्रधान, नमन अग्रवाल और रौनक संहिता बैठक में शामिल हुए।

अध्यक्ष मनोज मीक ने राजधानी के शहरी विकास, रियल स्टेट रेगुलेशन, प्रक्रियागत चुनौतियों, बुनियादी ढांचे और निवेशक-अनुकूल वातावरण से



नगरीय विकास संचालनालय

जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सुझाव प्रस्तुत किए। क्रेडाई के प्रतिवेदन के प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत समीक्षा की गई। कमिश्नर ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए और क्रेडाई को विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर व्यावहारिक समाधान तैयार करने को कहा। कमिश्नर ने बताया कि भोपाल में एआई आधारित स्मार्ट इंडस्ट्रीज के विकास हेतु राज्य सरकार एक समग्र रूपरेखा तैयार कर रही है। इस विषय पर 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट के प्रस्ताव की अलग से समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। रेरा और मास्टर प्लान जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बहुत संक्षिप्त चर्चा हुई। डायरेक्टर टाउन प्लानिंग ने कहा कि मास्टर प्लान को प्रकाशित करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है।

क्रेडाई ने भोपाल विकास योजना, भूमि विकास नियम, रेरा, नगरीय विकास, और नगर निगम से संबंधित विषयों पर 34 बिंदुओं का प्रतिवेदन कमिश्नर को सौंपा।बैठक को राजधानी में शहरी सुधार, पारदर्शिता और निवेशक-अनुकूल माहौल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। कमिश्नर ने कहा कि नगरीय प्रणाली को पूर्णतः डिजिटल और पारदर्शी बनाकर वास्तविक ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुनिश्चित किया जा रहा है।

### मुख्य निर्णय व निर्देश

मास्टर प्लान प्रक्रियाधीन, अधिसूचना तक धारा 16 के प्रकरणों पर विचार संभव। नए भूमि विकास नियमों को भोपाल में पूर्ण रूप से लागू करने हेतु टाउन प्लानिंग निदेशक को निर्देश। अर्बन लॉकर प्रणाली शीघ्र प्रारम्भ होगी; प्रोजेक्ट दस्तावेज डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे जाएंगे। फायर एक्ट और लिफ्ट एक्ट लागू करने की तैयारी। टीडीआर पोर्टल को सरल और उपयोगकर्ता–अनुकूल बनाने के निर्देश। मॉडल टेनेंसी एक्ट लागू करने पर विचार। मेट्रोपॉलिटन सिटी नियम 15 दिनों में अधिसूचित किए जाएंगे। एलआईजी/ईडब्ल्यूएस आवास अब बहुमंजिला भवन स्वरूप में विकसित किए जा सकेंगे। फायर एनओसी में विलंब दूर करने हेतु विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। चार एवं पाँच स्टार ग्रीन बिल्डिंग्स को अतिरिक्त एफएआर उपलब्ध होगा। परमिशन सॉफ्टवेयर का अपग्रेड किया जाएगा, क्रेडाई से सुझाव लिए जाएंगे। नगर निगम के सभी लंबित मुद्दों पर आयुक्त संस्कृति जैन एवं क्रेडाई की बैठक होगी।

---

### मुथूट माइक्रोफिन और एजेस फेडरल के बीच हुई साझेदारी

**मुंबई।** एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने जीवन बीमा समाधानों को देश भर में ज्यादा-से-ज्यादा लोगों तक पहुँचाने के लिए मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के साथ बेहद अहम डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप की घोषणा की है। यह साझेदारी निजी कारोबारियों और लघु एवं मध्यम उद्यमों के साथ-साथ उन सभी ग्राहकों तक पहुंचने के लिए की गई है, जिनके लिए ऐसी सेवाएँ आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। लिहाजा, इस साझेदारी से शहरी और ग्रामीण दोनों बाज़ारों मेंवित्तीय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी और इन सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाया जा सकेगा।

# बैंड-बाजा और बारात के आगाज के साथ फिर बढ़ने लगे सोने-चांदी के भाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

देवउठनी एकादशी की बाद वैवाहिक मुहूर्त निकलना शुरू हो गए है। अतः बैंड-बाजा और बारात के आगामी आगाज को देखते हुए स्थानीय सराफा बाजार में एक बार फिर सोना-चांदी के भाव उछलने शुरू हो गए हैं।

सोने चांदी के वायदा भाव कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के भाव गुरूवार को तेजी के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,26,700 रुपए, जबकि चांदी के भाव 1,64,150 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के वायदा भाव तेजी और सोने के नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 121 रुपए की तेजी के साथ 1,26,344 रुपए के भाव पर खुला और यह कॉन्ट्रैक्ट 232 रुपए की तेजी के साथ 1,26,697 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। जबकि चांदी के वायदा भाव एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 1,500 रुपए की तेजी के साथ 1,63,591 रुपए पर खुला ।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **प्रेम, पुत्रः** रवि शंकर, **पताः** गांव बगराड़िया, थाना–मसरोड, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश, ने **FIR No.: 238/2020, U/s: 279/337/338 IPC, थानाः** आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **प्रेम,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **प्रेम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 238/2020, U/s: 279/337/338 IPC, थानाः** आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **प्रेम,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री प्रणव जोशी, एलडी.**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–01**
**कमरा न. 02, ग्राउंड फ्लोर, मेन बिल्डिंग**
**पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/14643/IGIA/2025**
**(Court Matter)**

## चिंतन

# शिक्षा के मंदिर पर कैसे पड़ा आतंक का साया

स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय शिक्षा के मंदिर होते हैं जो हमें सांसारिक शिक्षा व बौद्धिक ज्ञान के साथ संस्कार भी देते हैं। वैसे भी हमारी शिक्षा विश्व भर में सर्वश्रेष्ठ रही थी। इसलिए भारत को विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित किया गया था। विश्वभर के लोग, भारत में शिक्षा ग्रहण एवं अध्ययन करने आते थे। हमारे पूर्वज शिक्षित और ज्ञानवान थे। भारतीय ज्ञान, परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर, भारतीय समाज में परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित हुई हैं। भारतीय समाज, विशुद्ध रूप से वैज्ञानिक दृष्टिकोणधारक समाज है। इसके पीछे हमारी शिक्षा व्यवस्था ही है। आज भी स्कूल, कोचिंग, विश्वविद्यालय समाज का सहयोग करने, नई पीढ़ी को सही और गलत का अंतर सिखाने में अहम भूमिका निभाते हैं। क्योंकि यही वे लोग हैं जो हमारे देश का भविष्य बनेंगे और उनके लिए यह जानना बेहद ज़रूरी है कि वे किसी परिस्थिति का विश्लेषण कैसे करेंगे और उसे कैसे संभालेंगे। पहले, शिक्षा भक्ति, विचार और संस्कृति से प्रेरित होती थी, जिसमें व्यवसाय और सीखने जैसी चीज़ों पर ज़ोर दिया जाता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। यह सच नहीं रहा कि स्कूल और कॉलेज, विश्वविद्यालय ही वो जगहें हैं जहां छात्रों को परिपक्व, सफल और ईमानदार इंसान बनने के लिए उचित माहौल मिलता है। वे पटरी से उतर गए हैं। किसी न किसी तरह वे अपनी राह से भटक गए हैं। इन संस्थानों में अनेक तरह की बुराइयां जन्म ले रही हैं। अब फरीदाबाद के मुस्लिम बहुल गांव धौज में बनी अल फलाह यूनिवर्सिटी को ही लें। दिल्ली ब्लास्ट के बाद ये विश्वविद्यालय टेरर मॉड्यूल से जुड़े डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में है। केंद्र सरकार ने इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट को यूनिवर्सिटी के फंडिंग की जांच के आदेश दे दिए हैं। अब तक यूनिवर्सिटी के तीन डॉक्टर डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. शाहीन सईद और डॉ. उमर नबी का नाम दिल्ली धमाके में आ चुका है। दिल्ली धमाके में डॉ. उमर की मौत हो चुकी है। डॉ. निसार-उल-हसन, जो मेडिसिन डिपार्टमेंट में प्रोफेसर थे, इन्हें 2023 में जम्मू-कश्मीर के एलजी द्वारा टेरर लिंक्स के लिए बर्खास्त किया गया था, फिर भी यहां भर्ती कैसे हो गए। क्या विवि ने उनके पूर्व कार्यकाल की जांच तक करना भी जरूरी नहीं समझा। बताया जा रहा है कि वर्ष 1995 में स्थापित अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित इस विश्वविद्यालय की शुरुआत 1997 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। 2013 में अल-फलाह इंजीनियरिंग कॉलेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से मान्यता प्राप्त हुई। अल-फलाह मेडिकल कॉलेज भी इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध है। दिल्ली ब्लास्ट के बाद 76 एकड़ में फैला यह विश्वविद्यालय जांज एजेंसियों के निशाने पर है। हर पहलू की जांच हो रही है। यह तो जांच के बाद पता लगेगा कि विवि प्रशासन कसूरवार है या नहीं, लेकिन इतना तो तय हो गया है कि इसी शिक्षा के मंदिर में आतंकवाद का सांप पल रहा था, जिसने देश की राजधानी में 18 जिंदगियों को लील लिया। सरकार को ऐसे ही अन्य संस्थानों की कड़ी निगरानी करनी होगी जहां युवा पीढ़ी राह भटक रही है।



**बिहार चुनाव**
प्रमोद भार्गव

# चुनावी पूर्वानुमानों में राजग को बहुमत

> बिहार में आजादी के बाद जो ऐतिहासिक मतदान हुआ है, वह सभी परंपराओं को नकारते हुए जदयू-भाजपा को एक बार फिर सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रहा है। बिहार में पहले चरण में 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। हालांकि कभी भी एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसलिए जिन दलों के विरुद्ध अनुमान गए हैं, उन्हें 14 नवंबर को वास्तविक परिणाम नहीं आने तक निराश होने की जरूरत नहीं है। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण एक नया विषय है। पेड न्यूज के सिलसिले में तो मीडिया पहले ही अपना विश्वास खो चुका है और अब पेड ओपिनियन और एग्जिट पोल खालिस मुनाफाखोरी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव में हुए ऐतिहासिक मतदान के बाद आए पूर्वानुमानों ने राजग गठबंधन को स्पष्ट बहुमत से जीत दिला दी है। सभी अनुमान बता रहे हैं कि राजग को आसानी से 122 के जरूरी बहुमत के आंकड़े को पार करते हुए 140 से 150 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, महागठबंधन 84 सीटों पर सिमटता दिख रहा है। भाजपा को सबसे ज्यादा 75 सीटें मिलने का दावा है। जबकि वोट चोरी के आरोप को मुद्दा बनाने में लगे रहे राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस को 22 सीटों पर सिमटता दिखाया जा रहा है। प्रशांत किशोर जो बड़ी उम्मीद के साथ बिहार में नई पार्टी जनसुराज का निर्माण कर दो साल से जोर-शोर से प्रचार करते हुए बिहार की बुनियादी समस्याओं को उभार रहे थे, उन्हें चुनावी सर्वेक्षणों ने मात्र 1 से 3 सीटें मिलते दिखाया है। यानी बिहार का मतदाता फिलहाल बुनियादी मुद्दों के निदान के पक्ष में दिखाई नहीं दे रहा है।

बिहार में आजादी के बाद जो ऐतिहासिक मतदान हुआ है, वह सभी परंपराओं को नकारते हुए जदयू-भाजपा को एक बार फिर सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रहा है। बिहार में पहले चरण में 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। हालांकि कभी भी एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसलिए जिन दलों के विरुद्ध अनुमान गए हैं, उन्हें 14 नवंबर को वास्तविक परिणाम नहीं आने तक निराश होने की जरूरत नहीं है। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण एक नया विषय है। यह 'सेफोलॉजी' मसलन जनमत सर्वेक्षण विज्ञान के अंतर्गत आता है। भारत के गिने-चुने विश्वविद्यालयों में राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम के तहत सेफोलॉजी को पढ़ाने की शुरुआत हुई है। जाहिर है, विषय और इसके विशेषज्ञ अभी अपरिपक्व अवस्था में हैं। परिपक्व चुनाव विश्लेषक के रूप में अब तक योगेन्द्र यादव और फिर प्रशांत किशोर को माना जाता रहा है। इस नजरिए से यादव और किशोर का सम्मान और विश्वसनीयता भी जनता में बरकरार थे, लेकिन बाद में राजनीति से सीधे जुड़ने के बाद वे सर्वे के अनुमानों से बाहर हैं। सर्वेक्षणों पर शक की सुई इसलिए भी जा ठहरती है कि पिछले कुछ सालों में निर्वाचन-पूर्व सर्वेक्षणों की बाढ़ सी आई हुई है। इनमें तमाम कंपनियां ऐसी हैं, जो धन लेकर सर्वे करती हैं। गोया, छोटे पर्दे पर नतीजे इकतरफा नहीं आने के क्रम में कांग्रेस प्रवक्ता सुष्मिता देव ने एजेंसियों के सर्वेक्षण पर तंज कसते हुए कहा था कि इन्हें अभी और सीखने की जरूरत है, जिससे परिणाम परिपक्व दिखें। चूंकि कई बार अनुमान सटीक नहीं बैठे, बावजूद एजेंसियों ने कभी दलों और मतदाताओं से विनम्रता के साथ माफी नहीं मांगी। बेबाकी के लिए मशहूर दिग्विजय सिंह ने तो यहां तक दावा किया था कि 'धन देकर पार्टियां अपने अनुकूल सर्वे करा लेती हैं।' इसे नकारने की बजाय, गंभीरता से लेने की जरूरत है। दिग्विजय सिंह की यह बात भरोसा करने वाली है कि सर्वे संस्थान धन लेकर जनमत सर्वेक्षण करने में लगे हैं। वैसे भी किसी भी प्रदेश के करोड़ों मतदाताओं की मंशा का आकलन महज कुछ हजार मतदाताओं की राय लेकर सटीक नहीं जानी जा सकती है। कभी-कभी ये अटकलें खरी उतर जाती हैं। ओपिनियन पोल मतदाता को गुमराह कर निष्पक्ष चुनाव में बाधा बन रहे हैं। इसीलिए पूर्व महाधिवक्ता गुलाम ई वाहनवती ने केंद्र सरकार को निर्वाचन पूर्व सर्वेक्षणों पर रोक लगाने की सलाह दी थी। वैसे भी ये सर्वेक्षण वैज्ञानिक नहीं हैं, क्योंकि इनमें पारदर्शिता की कमी है और ये किसी नियम से बंधे नहीं हैं। साथ ही ये सर्वे कंपनियों को धन देकर कराए जा सकते हैं। बावजूद इन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ढोया जा रहा है। जबकि ये पेड न्यूज की तर्ज पर 'पेड ओपिनियन पोल' में बदल गए हैं। इसीलिए इसके परिणाम भरोसे के तकाजे पर खरे नहीं उतरते। सर्वे कराने वाली एजेंसियां भी स्वायत्त होने के साथ जवाबदेही के बंधन से मुक्त हैं। गोया, इन पर भरोसा कैसे किया जाए? दरअसल चुनाव आयोग ने 21 अक्टूबर 2013 को सभी राजनीतिक दलों को एक पत्र लिखकर, चुनाव सर्वेक्षणों पर राय मांगी थी। दलों ने जो जवाब दिए, उससे मत भिन्नता पेश आई। वैसे भी बहुदलीय लोकतंत्र में एकमत की उम्मीद बेमानी है। जाहिर है, कांग्रेस ने सर्वेक्षण निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले बताए थे। बसपा ने भी असहमति जताई थी। माकपा की राय थी कि निर्वाचन अधिसूचना जारी होने के बाद सर्वेक्षणों के प्रसारण और प्रकाशन पर प्रतिबंध जरूरी है। तृणमूल कांग्रेस ने आयोग के फैसले का सम्मान करने की बात कही थी। जबकि भाजपा ने इन सर्वेक्षणों पर प्रतिबंध लगाना संविधान के विरुद्ध माना था। दरअसल ज्यादातर चुनाव सर्वेक्षण भाजपा के पक्ष में आते रहे हैं। भाजपा ने तथ्य दिया था कि सर्वेक्षणों में दर्ज मतदाता या व्यक्ति की राय भाषण या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार क्षेत्र का ही मसला है। तय है, दलों की दलीलें अलग-अलग रुझान, भ्रम और गुमराह की मनस्थिति पैदा करने वाली थीं, इसलिए आयोग भी हाथ पर हाथ धरे बैठा रह गया। राजनैतिक दलों और सर्वेक्षण कंपनियों के जो पैरोकार इन सर्वेक्षणों को अभिवयक्ति की स्वतंत्रता के बहाने जारी रखने की बात कह रहे हैं, उन्हें सोचने की जरुरत है कि संविधान के अनुच्छेद 19-



1 में दर्ज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की आजादी के मौलिक अधिकारों के प्रावधानों का दुरुपयोग भी हुआ है। हर एक चुनाव में पेड न्यूज के जरिए दलों और उम्मीदवारों का प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मिडिया ने कितना आर्थिक दोहन किया, यह सक्रिय राजनीति और पत्रकारिता से जुड़ा हर व्यक्ति जानता है ? दरअसल संविधान की मूल भावना, 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' की ओट में ही मीडिया का उम्मीद से ज्यादा व्यवसायीकरण हुआ है। मीडिया में मीडिया से इतर व्यवसाय वाली कंपनियों ने बड़ी पूंजी लगाकर प्रवेश किया और देखते-देखते मीडिया के अनेक निष्पक्ष स्वायत्त घरानों, मंचों, पत्रकार समितियों व संस्थानों पर कब्जा कर लिया। नतीजतन मीडिया पर स्वामित्व मुट्ठी भर लोगों का हो गया। इसी का परिणाम है कि भूमि, खनिज, शराब और चिटफंड कंपनियों का भारतीय मीडिया पर एकाधिकार हो गया है। जाहिर है, पेड न्यूज के सिलसिले में तो मीडिया पहले ही अपना विश्वास खो चुका है और अब पेड ओपिनियन और एग्जिट पोल खालिस मुनाफाखोरी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**बाल दिवस विशेष**
डा. रमेश ठाकुर



# बालमन को समझने वाला चाहिए एक और 'चाचा'

बाल समस्याओं की भरमार है। कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिन्हें समझने वाले और महसूस करने वालों का अकाल है। आज 'बाल दिवस' है जिसका सीधा संबंध पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू उर्फ चाचा से है। पर, ज्यादातर ये नहीं जानते कि नेहरू जी आखिर बच्चों के 'चाचा' बने कैसे? इस रहस्य से अधिकांश अनभिज्ञ है। वैसे, 'बाल दिवस' आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। जबकि, ये दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत 20 नवंबर को पूरे विश्व भर में मनाया जाता है। साल 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद, भारतीय संसद में उनके जन्मदिन को देश में आधिकारिक तौर पर 'बाल दिवस' के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव एकमत से जारी किया गया। क्योंकि वह बच्चों के नितांत प्रिय हुआ करते थे। उनका बच्चों के प्रति लगाव देखने लायक था। सन् 1954 में, संयुक्त राष्ट्र की ओर से 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस घोषित किया गया था। पर, भारत ने इस दिवस को 14 नवंबर यानी पंडित नेहरू के जन्मदिन पर मनाने का निर्णय लिया। हिंदुस्तान में इस दिन को बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण देना और उनकी शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर केंद्रित होता है। बच्चों के प्रति बढ़ते अत्याचार, बाल श्रम, और शिक्षा की कमी जैसी समस्याओं पर जागरूकता निरंती फैलती रहनी चाहिए। बच्चों को बचपन में सही मार्गदर्शन और प्यार दिया जाना चाहिए। सभी के बच्चे बिना किसी भेदभाव के स्वतंत्र रूप से सीखने और बढ़ने का अधिकार रखते हैं। पंड़ति नेहरू की जैसे ही नजर बच्चे के रोने पर पड़ी, उन्होंने अपना भाषण रूकवाया और तुरंत अपने अंगरक्षक जोगेंद्र सिह को बच्चा और उसकी मां को मंच पर लाने को कहा, मां अपने बच्चे के साथ जैसे ही मंच पर चढ़ी, नेहरू ने आगे बढ़कर स्वंय बच्चे को अपने गोद में उठा लिया। बच्चा पंड़तिजी की गोद में जाते ही चुप हो गया और उनके जेब में लगे पेन से खेलने लगा। बच्चे के प्रति नेहरू के प्यार-स्नेह को देखकर सभा में उपस्थित लोग अचंभित हो गए और उसी समय से लोगों ने उन्हें 'चाचा' कहना शुरू कर दिया। बच्चों के प्रति उनकी उदारता, दयालुपन, स्नेहभाव और दीवानगी की ललक हम सभी में भी जगे, उसी मकसद को आज का ये खास दिवस पूरा करता है। बच्चे से प्यार तो हर कोई करता है। पर, नेहरू का प्यार बेशकीमती, अद्भुत, चमत्कारी होता था। रोते हुए बच्चे भी उनके सम्मुख जाकर एकाएक चुप हो जाते थे। बच्चों को चुप कराने की उनके पास पता नहीं कौनसी अद्भुत कला थी, जो सभी आश्चर्यचकित करती थी। सालाना हिंदुस्तान में 'बाल दिवस' बड़े उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। ये दिवस बच्चों को ढेर सारा स्नेह, उपहार और लाड-प्यार देने को समर्पित होता है। जवाहरलाल नेहरू शुरू से बच्चों के अधिकारों और एक शिक्षा प्रणाली के पक्षधर और समर्थक रहे थे। वह प्रत्येक बच्चे को देश का आने वाला भविष्य कहते थे, बच्चा बेशक कितना भी नटखट क्यों न हो, वह उनकी भी भरपूर सराहना करते थे। फूलपुर की चुनावी सभा में नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषणों में एक बार कहा था कि बच्चे बगीचे में कलियों की तरह होते हैं और उनका सावधानीपूर्वक और प्यार से पालन-पोषण करना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। मौजूदा वक्त में जिस बेहिसाब से समूचे देश के नौनिहालों के प्रति अत्याचार, विभिन्न किस्म की समस्याएं और अपराध बढ़े हैं, वो अगर जिंदा होते तो बहुत दुखी होते। एनसीआरबी की सालाना रिपोर्ट बच्चों के गायब होने के जो आंकड़े प्रस्तुत करती है, वो निश्चित रूप से डरावने होते हैं। तमाम हुकूमती कोशिशों के बावजूद बाल समस्याएं रुकने का नाम नहीं लेती। बाल दिवस के मौके पर आज देशभर के स्कूलों में गायन, निबंध, वाद-विवाद, खेलकूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। दरअसल, 'नेशनल बाल दिवस' पं. नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि देने का भी दिन कहा जाता है, जो उसके हकदार भी हैं। नेहरू बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते थे। साथ ही वह अक्सर नौनिहालों को मुल्क का सबसे कीमती संसाधन के रूप में भी संदर्भित करते थे। इसलिए, अपने युवा नागरिकों के जीवन की बेहतरी के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस दिवस के जरिए बच्चों में खुशियां, उनके अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए जागरूकता भी फैलाई जाती है। बच्चों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और शिक्षा से भरपूर जीवन देने के लिए आज सभी को संकल्पित भी होना चाहिए।

(लेखक बाल संरक्षण कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
**दर्शन**

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है।

# शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित
**प्रेरणा**

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा-'तुम हँसे क्यों ? हँसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों पर विपरीत असर डालता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। *- राजेश सोनी, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# लंदन में भारतीय रेस्तरां को बचाने ब्रिटिश शेफ आगे आएं


ब्रिटेन के कुछ प्रमुख खानसामा बृहस्पतिवार को लंदन के सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां में से एक 'वीरास्वामी' को बचाने की मुहिम में शामिल हुए। इस रेस्तरां के पट्टे को लेकर गतिरोध पैदा हो गया है जिससे रीजेंट स्ट्रीट से इसे हटाए जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। 'द टाइम्स' में प्रकाशित एक खुले पत्र में, साइरस टोडीवाला, रेमंड ब्लैंक और मिशेल रूक्स जैसे जाने-माने शेफ और रेस्तरां मालिकों ने विक्ट्री हाउस के मालिक क्राउन एस्टेट से अपील की है कि वह 'जिम्मेदारी से काम करें'। विक्ट्री हाउस में अप्रैल 1926 से लगभग 100 वर्षों से यह रेस्तरां स्थित है। गत गर्मियों में, 'वीरास्वामी' के मालिक एमडब्ल्यू ईट को सूचित किया गया कि उनके पट्टे का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा, क्योंकि क्राउन एस्टेट भवन की ऊपरी मंजिलों पर स्थित कार्यालयों के लिए भूतल के स्वागत क्षेत्र का विस्तार करना चाहता है। खानसामों ने पत्र में लिखा, 'ऐसे रेस्तरां को कार्यालय में परिवर्तित करना अनुचित होगा। इससे लंदन के रेस्तरां परिदृश्य और हमारी पर्यटन अर्थव्यवस्था, जो शहर के अद्वितीय और विविध स्थलों पर फलती-फूलती है, दोनों के लिए एक गंभीर क्षति होगी।'



## ऑफ बीट

# मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?

हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल-कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला-आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।



## ट्रेंड

### भारत-नेपाल रेल संपर्क



भारत और नेपाल के बीच विनिमय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, इससे दोनों देशों के बीच रेल व्यापार संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री अनिल कुमार सिन्हा के साथ मेरी द्विपक्षीय बैठक के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### टीबी मुक्त भारत अभियान



टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से, हमारा देश शीघ्र पहचान, आधुनिक निदान और सामुदायिक भागीदारी में नए मानक स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी टीबी उन्मूलन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### ईवी बस सेवा



दिल्ली से सोनीपत तक नई अंतरराज्यीय बस सेवाओं की शुरुआत हमारे जन-सुविधा के संकल्प को और मजबूत बनाती है। ये आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल ईवी बसें राजधानी और हरियाणा के बीच यात्रा को और अधिक सहज, तेज़ और भरोसेमंद बनाएंगी।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### नवीकरणीय ऊर्जा



कल्पना कीजिए कि आपके पास 6-लेन का राजमार्ग है, जिसका एक हिस्सा केवल दो लेन का है। वहां ट्रैफिक जाम होगा, राजमार्ग पर गति का लाभ खो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में यही हो रहा है।
**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

तस्करों से साढ़े 25 किलो गांजा बरामद, तस्करी में इस्तेमाल कार भी की जब्त

# क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, ओडिशा से गांजा लेकर भोपाल में बेचने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से साढ़े 25 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपी ओडिशा से कम कीमत पर गांजा लेकर भोपाल आते थे और उसे महंगे दाम में बेचते थे। क्राइम ब्रांच ने आरोपियों से गांज के अलावा तस्करी में इस्तेमाल अल्टो कार भी जब्त की है। एडिशन डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना आकर सूचना दिया कि बागसेवनिया स्थित आरआरएल पुल के पास तीन संदिग्ध सफेद रंग की अल्टो कार में हैं।



कार्रवाई में जब्त की गई कार।

उनके पास कार में मादक पदार्थ हो सकता है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच ने इलाके की घेराबंदी करते हुए कार में बैठे तीनों संदिग्धों के पास पहुंची।

## तीनों आरोपी करते हैं ड्राइवरी

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम आकाश यादव पिता सुधीर यादव (23) बिलकिसगंज, जिला सीहोर बताया। दूसरे संदिग्ध ने अपना नाम संजय गिरी पिता राधेश्याम गिरी (23) मल्टी ईदगाह हिल्स, कोहेफिजा और आकाश ठाकरे पिता सुरेश ठाकरे (26) झुग्गी कोटरा, सुल्तानाबाद, कमला नगर बताया। तीनों ने बताया कि वह ड्राइवरी करते हैं। ओडिशा से सस्ते दाम में गांजा खरीदकर लाते थे और उसे भोपाल और आसपास के जिलों में महंगे दाम पर बेचते थे।

जाटखेड़ी मल्टी क्षेत्र से आबकारी विभाग ने अवैध शराब बरामद की

# मल्टी के बंद कमरे में मिली शराब, तस्कर भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के जाटखेड़ी मल्टी क्षेत्र से आबकारी विभाग ने अवैध शराब बरामद की है लेकिन तस्कर मौके से फरार हो गया था। यहां पर आरोपी ने एक बंद कमरे में शराब का स्टाक कर रखा था।आबकारी विभाग ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। आबकारी विभाग के मुताबिक मुखबिर ने सूचना दी थी कि जाटखेड़ी मल्टी में एक बंद कमरे से बड़ी मात्रा में शराब का क्रय - विक्रय किया जाता है।इससे टीम को मौके पर भेजकर जांच करवाई गई तो सूचना सही मिली, जिसके बाद टीम ने बुधवार को देर रात दबिश देते हुए एक कमरे से आठ पेटी लगभग 64 लीटर अवैध शराब बरामद की है।



बंद कमरे से मिला शराब का स्टाक जब्त किया गया।

## शराब की कीमत 32 हजार रुपए

टीम ने आसपास के क्षेत्र में शराब रखने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटाई और तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। बरामद की गई अवैध शराब की कीमत करीब 32 हजार रुपये बताई गई है। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र धाकड़ का कहना है कि टीम के द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### इंडिगो की बेंगलुरु के लिए तीसरी उड़ान कल

**संतनगर।** भोपाल वासियों को नई बेंगलुरु के लिए तीसरी उड़ान 15 नवंबर से मिलने जा रही है। यह उड़ान सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को आवाजाही करेगी। बेंगलुरु के लिए बढ़ती मांग को देखते हुए प्रमुख एयरवेज़ कंपनी इंडिगो एयरवेज़ कंपनी 15 नवम्बर से इस रूट पर सप्ताह में दो दिन शनिवार व रविवार को अतिरिक्त (तीसरी) उड़ान शुरू करने जा रही है। यह उड़ान संख्या 6ई-6336 सुबह 9:30 बजे बेंगलुरू से रवाना होकर 11:25 बजे भोपाल पहुंचेगी। वापसी में उड़ान संख्या 6ई-5369 दोपहर 12 बजे भोपाल से रवाना

### क्षत्रिय क्रांति सम्मेलन कल, गो माता को

**भोपाल।** क्षत्रिय समाज द्वारा विशाल क्षत्रिय क्रांति सम्मेलन का आयोजन शनिवार को भोपाल के खुशीलाल ग्राउंड में किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारंभ सुबह 11 बजे से होगा। इस संबंध में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा ने जानकारी देते हुए कहा कि इस सम्मेलन में सरकार के समक्ष 15 प्रमुख मांगे रखी जाएंगी। इनमें प्रमुख रूप से हरदा प्रकरण में न्याय की मांग, ईडब्ल्यूएस आरक्षण की पुनर्समीक्षा, गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा, किसान हितों की सुरक्षा जैसी मांगें शामिल हैं।

### 'नैक मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई अनियमितता'

**भोपाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्यप्रदेश प्रांत द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) को पत्र लिखकर राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के नैक मूल्यांकन में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। अभाविप के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी द्वारा निदेशक, नैक को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि आरजीपीवी ने एसएसआर नवंबर 2024 में अपलोड की, जो न केवल पूर्व प्रत्यायन की समाप्ति (जून 2022) के दो वर्ष बाद है, बल्कि 45 दिवस की निर्धारित सीमा से भी अत्यधिक विलंबित है।

### 15 नवंबर को कैदियों की होगी रिहाई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अब हर साल 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य की जेलों में अच्छे आचरण वाले आजीवन कारावासियों को समय से पूर्व रिहा करने की परंपरा शुरू की जा रही है।

चार इमली क्षेत्र और सड़कों पर रात में संदिग्धों की मौजूदगी और पुलिस रहती है नदारद

# जहां पर लूट की वारदात हुई, उस चौराहे पर बैरिकेड्स लगाकर चले गए पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले दिनों डिप्टी कलेक्टर और आईजी इंटेलीजेंस के साथ चोरी और लूट की घटना के बाद भोपाल पुलिस जागी नहीं है। घटना के 24 घंटे बाद चार इमली इलाके में पुलिस ने दो बैरिकेड्स लगाकर छोड़ दिया। रात 8 से 10 बजे के बीच चार इमली इलाके में कोई भी पुलिसकर्मी की पेट्रोलिंग नजर नहीं आई। यहां तक की दिखावे के लिए सिर्फ बैरिकेड करके पुलिसकर्मी चले गए, जबकि उसी चौराहे पर आईजी इंटेलीजेंस के साथ मोबाइल लूट की घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया था। उसी चौराहे से महज 50 मीटर दूर डीजीपी कैलाश मकवाना का घर है और 100 मीटर की दूरी पर डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह का आवास है। पुलिस की गैर मौजूदगी बताती है कि इन घटनाओं के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान बिल्कुल नहीं है।

- चार इमली में आने-जाने के 17 पॉइंट, एक डायल 112 के भरोसे प्रदेश के 115 आईएएस-आईपीएस और एक दर्जन कैबिनेट मंत्री
- डिप्टी कलेक्टर और आईजी इंटेलीजेंस के साथ चोरी, लूट के मामलों के बाद भी नहीं कार्रवाइ तेज नहीं हुई



चार इमली क्षेत्र की सड़क किनारे बेरिकेड्स लगाए गए।

## पूर्व विधायक और दो मंत्रियों के करीबियों को भी बनाया निशाना

उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुपम राजन के घर में चोरी की घटना होते-होते बची थी। चोर दाखिल हुआ लेकिन बाद में उसे पड़कर पुलिस को सौंप दिया। इससे पहले पूर्व विधायक जयवर्धन सिंह के घर पर बदमाशों ने हमला बोला था। फिर कुछ दिनों पहले जिस दिन आईजी इंटेलिजेंस के साथ घटना हुई। उसी दिन पूर्व गृहमंत्री के निजी सहायक के बेटे के फोन को लूटकर बदमाश भाग गए। जिस दिन डिप्टी कलेक्टर के घर में चोरी हुई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के निजी सहायक का फोन लेकर बदमाश भाग गए। यह घटना बताती है कि चार इमली इलाके में बदमाश सक्रिय है और पुलिस पूरी तरीके से नदारद है।

### सिर्फ एक डायल-112 के भरोसे सुरक्षा

चार इमली इलाके में 17 आने जाने वाले रास्तों पर नजर रखने के लिए सिर्फ एक ही डायल 112 की गाड़ी है। वह भी शाम को एक पॉइंट पर खड़ी रहती है और गस्ती के नाम पर एक दो चक्कर ही लगाती है। चार इमली दो से तीन झुग्गी बस्तियों के बीच घिरा है, चार इमली क्षेत्र में रात को मुख्य सड़कों और कॉलोनी में संदिग्धों की मौजूदगी रहती है और पुलिस नदारद। इस बीच घटनाएं हो जाती है और फिर बाद में पुलिस को सूचना मिलती है। हबीबगंज थाना के प्रभारी संजीव चौकसे का कहना है कि समय-समय पर इलाके में अतिरिक्त बल लगाया जाता है, लेकिन चुनौती सबसे ज्यादा है कि बहुत सारे आने-जाने के रास्ते हैं। कहां पर कितने पुलिसकर्मी लगाए जा सकते हैं।

### डिप्टी कलेक्टर के घर के सामने आईपीएस का आवास

डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह के घर के सामने आईपीएस नागेंद्र सिंह का आवास है। ऐसे में सवाल है कि आईपीएस के घर के सामने ही चोरी हो जाए और किसी को भनक ना लगे इस पर भी बड़ा आश्चर्य होना स्वाभाविक है। घटना के सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद जानकारी मिली है कि डिप्टी कलेक्टर के घर के बाहर लगी जाली को फांदकर बदमाश अंदर दाखिल हुए थे। उन्होंने गेट का ताला नहीं तोड़ा। बल्कि पूरी कुंडी ही उखाड़ कर फेंक दी। नीचे बेडरूम में तलाशी के बाद जब कुछ नहीं मिला तो ऊपर कमरे में गए और अलमारी में रखे जेवर और महंगे सामान लेकर भाग निकले। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। हालांकि शिनाख्त नहीं हो पाई, क्योंकि बदमाशों ने नकाब पहना हुआ था। पुलिस को अंदेशा है कि बदमाश घटना से पहले रैकी कर चुके थे, क्योंकि चंद्र मिनट में ही घर में दाखिल हुए और सामान लेकर फरार हो गए।

# वर्क फ्रॉम होम का काम दिलाने का झांसा देकर युवक से जालसाजों ने की डेढ़ लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साइबर जालसाजों ने एक युवक को वर्क फ्रॉम होम का जॉब दिलाने का झांसा देकर टास्क पूरा कराने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए की ठगी कर ली। आरोपियों ने इंस्टाग्राम पर उन्हें मैसेज किया किया था। इसके बाद वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ लिया। काम कराने के बाद कुछ दिन बोनस दिया फिर निवेश कराने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए की ठगी कर ली। पुलिस के अनुसार विनोद कुमार अहिरवार, गौतम नगर कॉलोनी, गौतम नगर में रहते हैं। उन्होंने ईएफआईआर के माध्यम से पुलिस को शिकायत की। शिकायत में उन्होंने बताया कि 11 सितंबर को किसी व्यक्ति ने टेलीग्राम आईडी से मैसेज किया। बाद में वॉटसएप नंबर से मैसेज भी किया।

- इंस्टाग्राम आईडी से लिया नंबर, वाट्सएप ग्रुप पर जोड़कर टास्क पूरा करने के नाम पर की धोखाधड़ी

जिस पर नाम प्रियंका मोहन लिखा था। मैसेज में कहा गया कि हमारी कंपनी का नाम रेंट है। आपको वर्क फ्रॉम होम दिया जाएगा, जिसमें आपको कैशबैक मिलेगा। विनोद को 25 लीज पूरी करने का टास्क दिया गया था। लीज पूरी करने पर बोनस मिला। शुरुआत में जालसाजों ने विनोद को बोनस दिया। 17 सितंबर 2025 को कंपनी ने उनसे 50 हजार रुपए यूपीआई के माध्यम से लिए। कंपनी ने कहा था कि आपको 25 प्रतिशत लाभ जोड़कर कुल 80 हजार रुपए लौटाए जाएगे, लेकिन रुपए नहीं लौटाए गए।

## 1 लाख 36 हजार रुपए मांगे

वाट्सएप के माध्यम से कहा गया कि आपको 1 लाख 36 हजार रुपए पे करना पड़ेगा। इसके बाद भी लाभ आपके खाते में भेजा जाएगा। विनोद ने रुपए देने से इंकार किया तो 21 सितंबर को उन्हें टेलीग्राम पर मैसेज आया कि 47 हजार 893 रुपए पे करने पर पुराना अमाउंट और नया अमाउंट मिलाकर 1 लाख 55 हजार रुपए का सैटलमेंट कर दिया जाएगा। सैटलमेंट के नाम पर विनोद ने यूपीआई के माध्यम से 47 हजार 893 रुपए भेज दिए। इसके बाद भी सैटलमेंट नहीं किया गया। आरोपी अब उनसे कहने लगे कि 51 हजार 241 रुपए और भेजों तब आपको पूरा रिफंड कर देंगे। एक बार उन्होंने फिर कंपनी पर विश्वास करते हुए 51 हजार 241 रुपए यूपीआई के माध्यम से दे दिए। कंपनी ने उन्हें टास्क दिया और कहा कि आपको 80 हजार रुपए देने पड़ेगे। विनोद ने रुपए देने से इंकार कर दिया। उन्होंने यूपीआई के माध्यम से दिए गए कुल 1 लाख 49 हजार134 रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें ब्लॉक कर दिया। रुपए जाने के बाद ठगी का अहसास होने पर विनोद ने साइबर क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी।

# मप्र के हर जिले में बनेगी सीन ऑफ क्राइम यूनिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में अब गंभीर अपराधों के घटनास्थल से मीडिया को दूर रखा जाएगा। यदि जरुरत पड़ी तो पुलिस बल का भी सहारा लिया जा सकता है। दरअसल प्रदेश में अब हर जिले में सीन ऑफ क्राइम यूनिट का गठन किया जा रहा है। जिसमें फोटो यूनिट, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड शामिल रहेंगे। इसके साथ ही इस टीम में सीनियर वैज्ञानिक अधिकारी रहेंगे। यह टीम घटना स्थल पर जाकर रिक्रिएशन भी करेगी।

सात साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराधों में इस यूनिट को अपनी जांच करना ही होगी। यह निर्देश एसएफएल के निदेशक शशिकांत शुक्ला ने सभी जिलों को दिए हैं। दरअसल भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत नए आपराधिक कानूनों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए सीन ऑफ क्राइम यूनिट का गठन करने का निर्णय लिया है।

## गोपनीयता बनाए रखने के लिए मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर रहेगा बैन

इस सीन ऑफ क्राइम यूनिट को दिए गए टिप्स में यह भी बताया गया है कि घटनास्थल की गोपनीयता और निजता को बनाए रखने के लिए मीडिया और प्रेस कर्मियों को घटनास्थल पर नहीं आने देना चाहिए। इस यूनिट को घटना स्थल पर पहुंचते ही सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि अन्य पुलिस कर्मियों के लिए कोई तात्कालिक खतरा न हो। क्षेत्र में ऐसे दृश्य, ध्वनियां और खासकर गंध का निरीक्षण करना होगा। इसके साथ ही घटनास्थल को सुरक्षित करना होगा, अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगानी होगी।

# थार में सहेली को छोड़ने जा रही युवती से मनचलों ने की छेड़छाड़

**भोपाल।** गोविंदपुरा पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर थार सवार दो युवकों पर छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि वह थार गाड़ी से अपनी सहेली को चेतक ब्रिज से इंदपुरी पिपलानी छोड़ने जा रही थी, तभी एक अन्य थार में सवार दो बदमाशों ने उसका पीछा किया और उसकी थार को रोकने का प्रयास भी किया। पुलिस के अनुसार 25 साल की युवती ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह थार से सहेली को छोड़ने के लिए इंद्रपुरी जा रही थी। चेतक ब्रिज पर अन्य थार गाड़ी ने ओवरटेक किया। आरोपी इंद्रपुरी तक पीछा करते रहे और कमेंट्स करते रहे। आरोपी पीछा करते हुए आईएसबीटी पर पहुंच गए। युवती ने भाई को बुलाया तो आरोपियों ने भाई से मारपीट कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

82 फीसदी मतदाताओं को गणना पत्रक बांटने का दावा

# फील्ड में नहीं, टेबल-कुर्सी पर बैठकर गणना पत्रक बांट रहे बीएलओ, फोटोकॉपी करने के लिए कह रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सात विधानसभा सीटों पर 2029 बीएलओ को गणना पत्रक बांटने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चार नवंबर से चल रहे काम में अब तक 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं में से 82 फीसद के फार्म बांटने का दावा किया जा रहा है। जबकि 8 हजार 309 मतदाताओं के गणना पत्रक की जानकारी बीएलओ एप पर अपलोड की गई है। इधर एसआईआर के काम में लगे बीएलओ भी मनमानी कर रहे हैं।

नरेला क्षेत्र के बाग दिलकुशा एरिया में बीएलओ घर में टेबल कुर्सी लगाकर पर्ची बांट रहे हैं। इधर बूथ नंबर 201 के बीएलओ फील्ड में ही नहीं आ रहे। नरेला विधानसभा



के बूथ नंबर 210 के बीएलओ देवेंद्र जाटव जनता को दो की जगह एक फॉर्म देकर उनको फोटोकॉपी कराने का बोल रहे थे। जबकि बूथ नंबर 201 के बीएलओ हेमंत कुमार यादव ड्यूटी पर मौजूद नहीं थे। जिसको लेकर कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला की शिकायत पर बीएलओ को नोटिस दिए जा रहे हैं।

## नरेला में मतदाताओं को बांटे जा रहे दो की जगह सिर्फ एक फॉर्मः शुक्ला



केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर शहर में चल रहे मतदाता सर्वे कार्य में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। नरेला विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल अधिकारी भाजपा नेताओं के घर में बैठकर काम कर रहे हैं। इलाके में मतदाताओं को दो आवेदन फार्म वितरण किए जाने चाहिए जबकि बूथ लेवल अधिकारी सिर्फ एक आवेदन फार्म देकर लोगों को इसकी फोटो कॉपी करने के निर्देश दे रहे हैं। धांधली की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने मौके पर ही बूथ लेवल अधिकारियों से सवाल जवाब किया। नरेला विधानसभा के बूथ क्रमांक 210 के बीएलओ देवेंद्र जाटव जनता को दो की जगह एक फॉर्म देकर उनको फ़ोटोकॉपी कराने का बोल रहे थे और बूथ क्रमांक 201 के बीएलओ हेमंत कुमार यादव ड्यूटी से नदारद मिले। शुक्ला को मौके पर जब संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई तो उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता को मौके से फोन कर घटना बताई गई। जिस पर उन्होंने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया ।

मुख्यमंत्री आवास में भाजपा संगठन पदाधिकारियों और मंत्रियों की हुई बैठक

# निगम-मंडलों में नियुक्ति हाई कमान करेगा तय, संगठन की तरफ से जल्द भेजी जाएगी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निगम मंडल में नियुक्ति, जनजाति गौरव दिवस को लेकर मुख्यमंत्री आवास में 3 घंटे तक बैठक चली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी बीएल संतोष, अजय जामवाल, हितानंद शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल डिप्टी सीएम और मंत्री मौजूद रहे।

सबसे पहले निगम मंडल में नियुक्ति पर चर्चा हुई। कई नाम को लेकर मंथन हुआ। यह तय किया गया कि सूची हाईकमान को भेजी जाएगी। हाईकमान के आदेश के बाद ही मध्य प्रदेश में निगम-मंडलों में नियुक्ति होगी।



सीएम हाउस में चर्चा करते मुख्यमंत्री, मंत्री और भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी।

## नियुक्तियों में कार्यकर्ताओं के पुराने रिकॉर्ड और उनकी सक्रियता की भूमिका भी रहेगी अहम

निगम-मंडलों की नियुक्ति को लेकर कुछ सुझाव भी दिए गए हैं। कार्यकर्ताओं के पुराने रिकॉर्ड और उनकी सक्रियता की भूमिका भी अहम होगी। खास तौर पर जिन विधायकों को मंत्री नहीं बनाया गया है। उन्हें भी निगम मंडल में जगह देकर मुख्य धारा में लेकर आया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से पूछा है कि उनके विभाग के अंतर्गत आने वाले निगम मंडलों में कितना काम हुआ है। अभी मौजूदा समय में अध्यक्ष के न होने पर क्या स्थिति बन रही है। इस संबंध में मंत्रियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जल्द ही नियुक्ति के संबंध में फैसला किया जाएगा। फिलहाल अभी यह तय नहीं हुआ है कि आखिर हाई कमान के पास सूची कब भेजी जाएगी। माना जा रहा है कि इस साल के अंत तक नेताओं की ताजपोशी निगम मंडलों में हो जाएगी। हालांकि पिछली दौर की बैठक में ही यह हुआ था कि जल्द ही नियुक्ति करना है लेकिन बिहार चुनाव की व्यवस्था की चलते 2 महीने नियुक्ति में देरी हुई है।

### संगठन और नेताओं के करीबियों को जगह मिलने की ज्यादा उम्मीद

पिछले दिनों प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी भी गठित की थी। उसमें सिंधिया समर्थक को भी जगह मिली थी। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कुछ करीबी नेताओं को भी शामिल किया गया। अध्यक्ष ने भी कुछ अपने नाम सुझाव के तौर पर रखें। जिस पर कार्यकारिणी जारी हुई है। नेताओं के करीबियों को भी जगह मिल सकती है।

### गौरव दिवस पर मंत्री, विधायक स्थानीय जनप्रतिनिधि आयोजनों में शामिल हों

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस बैठक के बाद 15 नवंबर को मनाया जाने वाले जनजाति गौरव को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में आयोजन किया जा रहा है। इसमें मंत्रियों की भी भूमिका अहम रखी गई है। विधायकों और साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शामिल होना है। खास तौर पर यह जानकारी आदिवासी वर्ग को लेकर देनी है कि सरकार ने अब तक उनके लिए क्या-क्या काम किए हैं। इस विषय मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सड़क से लेकर सोलर बिजली तक उपलब्ध आदिवासी अंचल तक पहुंचा है। ऐसी तमाम सारी योजनाओं के बारे में जनजाति वर्ग के लोगों को देनी है।

# डॉ. जैन ने इंटरवेंशनल विशेषज्ञ को मेडिकल कमांडो समान काम करने के दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुंबई के क्रिटिकल केयर मेडिसिन एक्सपर्ट और विशेषज्ञ डॉ. पीके जैन ने सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मरीजों की क्रिटिकल केयर पर अहम जानकारी साझा की। डॉ. पीके जैन को क्रिटिकल केयर मेडिसिन में 36 वर्षों से अधिक का अनुभव है और उन्हें एशिया में क्रिटिकल केयर में योगदान के लिए ग्लोबल क्लेरिस इंटरनेशनल क्रिटिकल केयर अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। वह भारत की पहली क्रिटिकल केयर सोसाइटी, इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के संस्थापक भी रहे हैं।

इतने अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टर ने मरीजों की जान बचाने वाली क्रिटिकल केयर मेडिसिन पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने के लिए भोपाल का दौरा किया है। डॉ. पीके जैन का स्वागत सागर ग्रुप के निदेशक सागर सुधीर अग्रवाल,



डायरेक्टर डॉ. आदित्य अग्रवाल और सीईओ डॉ. अतुल अडानिया ने किया और उन्हें मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की। आईसीयू और रोगीयों के देखभाल सुविधाओं की सराहना करते हुए, डॉ. जैन ने क्रिटिकल केयर पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और बताया कि क्रिटिकल केयर में परिणामों को कैसे बेहतर बनाया जाए और रोगी की जान कैसे बचाई जाए। सत्र में भोपाल के विभिन्न अस्पतालों के क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों सहित 120 से अधिक डॉक्टरों की उपस्थिति रही और समापन डायरेक्टर डॉ. आदित्य अग्रवाल ने किया।

# तालियों की गूंज में सुनाई दी आत्मनिर्भर भारत की धड़कन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी मेले में गुरुवार का दिन मातृशक्ति के नाम रहा। रंगों, रचनाओं और रिश्तों की इस महकती शाम में मातृशक्ति उद्यमी सम्मान समारोह ने एक नई ऊर्जा का संचार किया। मंच पर जब महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया, तो तालियों की गूंज में आत्मनिर्भर भारत की धड़कन सुनाई दी। इस अवसर पर शहर की कई महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। जिमसें डॉ. सीमा सक्सेना, शालिनी गुप्ता, प्रतिभा कुलश्रेष्ठ, रेणु नायक, नित्या तलरेजा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। जिन्होंने अपने कौशल, साहस और स्वदेशी संकल्प से समाज में मिसाल कायम की है। कार्यक्रम की रूपरेखा में दीपा शर्मा ने कुशल संयोजन का परिचय दिया। वहीं, संचालन और आयोजन में सीमा भारद्वाज, प्रतिभा शुक्ला, अंशिका सोनी, संध्या अग्रवाल, आशा साहू, प्रीति सक्सेना, माया, काजल, सुनीता, साधना, राखी सहित अनेक बहनों ने अपनी सृजनशील उपस्थिति दर्ज कराई।

एमवीएम ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेले में मातृशक्ति का हुआ सम्मान


स्वदेशी मेले में गुरुवार को सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करतीं कालाकार।


नृत्य प्रस्तुत करती कालाकार।

## मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी मानद उपाधि से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी को मानद उपाधि (डी.लिट.) से सम्मानित किया गया। श्रीराम तिवारी को यह सम्मान सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, द्वारा गुरुवार को आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह में दी गई। उन्हें यह सम्मान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी। श्रीराम तिवारी को यह उपाधि श्रीराम तिवारी को उनके सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय विचार पुनरुत्थान में उत्कृष्ट योगदान के लिए दी गई है।



श्रीराम तिवारी को सम्मानित करते केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

### बिट्टन मार्केट में 'केरल फेस्ट- 2025' के शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

# 'तिरुवातिरकली' के माध्यम से 100 महिलाओं ने प्रस्तुत किया स्त्री-शक्ति और एकता का जीवंत उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'तिरुवातिरकली' से हुआ, केरल की महिलाओं द्वारा किया जाने वाला पारंपरिक समूह नृत्य है, शहर की करीब 100 महिलाओं ने जब सज-संवरकर इस नृत्य की प्रस्तुति दी तो सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पारंपरिक मुंडू नेरियाथु और चमेली के फूलों से सजी जटाओं में प्रस्तुत 'तिरुवातिरकली' अक्सर धार्मिक अनुष्ठानों, खासकर ओणम और तिरुवथिरा के त्योहारों के दौरान किया जाता है। इस प्रस्तुति के माध्यम से शहर की महिलाओं ने शिव और पार्वती की स्तुति करते हुए पारंपरिक संगीत पर थिरकते हुए नृत्य की प्रस्तुति ने केरल की संस्कृति का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया।

केरल की समृद्ध कला, संस्कृति के साथ केरल के व्यंजनों का जीवंत उत्सव का रूप केरल फेस्ट में देखने को मिला। गुरुवार से यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन (यूएमए) द्वारा बिट्टन मार्केट दशहरा ग्राउंड में केरल फेस्ट 2025 का शुभारंभ किया गया। भारत की विविधता एवं एकता के उत्सव के रूप में इस फेस्ट का शुभारंभ मप्र राज्यपाल मंगूभाई भाई पटेल ने किया। उन्होंने महोत्सव को सामुदायिक एकता और संगठन की 41 वर्षों की सेवा, सामाजिक कल्याण तथा सांस्कृतिक सौहार्द्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।


केरल के लोक नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।


'तिरुवातिरकली' कार्यक्रम के दौरान माता की आराधना करते हुए।


शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति देतीं कलाकार।

### काली व राक्षस दारिका के बीच युद्ध दर्शाती 'मुडियेट्टू' की प्रस्तुति जिसे मिला यूनेस्को से मान्यता

इसके बाद यूनेस्को से मान्यता प्राप्त 'मुडियेट्टू' नृत्य नाट्य की प्रस्तुति खास रही, देवी भद्रकाली को समर्पित 'मुडियेट्टू' केरल का एक अनुष्ठानिक नृत्य-नाट्य है, जिसमें काली व राक्षस दारिका के बीच युद्ध की पौराणिक कहानी को दर्शाया गया। अमूमन यह नृत्य भद्रकाली मंदिरों में फसल कटाई के बाद फरवरी और मई के बीच किया जाता है। इस कला का उद्देश्य देवी को सम्मान देना है और इसमें विस्तृत वेशभूषा, संगीत और नृत्य का मिश्रण होता है।


नृत्य करते हुए अतिथियों के बीच पहुंचे कलाकार।

### फूड और हैंडीक्राफ्ट फेयर का अनोखा संयोजन

इसके अलावा महोत्सव में फूड और हैंडीक्राफ्ट फेयर का आयोजन भी किया गया। जहां आगंतुकों ने केले के पत्तों में परोसी जाने वाली साद्या, अप्पम विद स्टू, पुट्टू और कडाला करी सहित विविध पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। तो वहीं हैंडलूम से सजी प्रदर्शनी भी खास रही जिसमें नारियल उत्पाद, आभूषण और आयुर्वेदिक वस्तुएं भी प्रदर्शित की गईं।


नृत्य की प्रस्तुति देते कालाकार।

### कलारीपयट्टू की प्रस्तुति रखी खास

केरल के लोकनृत्यों की इस प्रस्तुति में जहां राज्य की सांस्कृतिक परंपराओं, जीवंत वेशभूषा और तालबद्ध संगीत की झलक दिखी तो वहीं प्राचीन मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू की प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांच और हैरत में डाल दिया।


केरल का लोक नृत्य प्रस्तुत करते हुए कलाकार।

### सांस्कृतिक सौहार्द्र बढ़ाने का किया प्रयास

यूएमए के अध्यक्ष ओडी जोसेफ ने कहा कि इस कार्यक्रम के द्वारा जहां सांस्कृतिक सौहार्द्र बढ़ाने का प्रयास किया तो वहीं केरल और मध्यप्रदेश के बीच सामूहिक जुड़ाव को मजबूत करना भी इस फेस्ट को आयोजित करने का उद्देश्य है।

## 60 गायकों ने अपनी सुर लहरियों से समां बांधा

### व्यास म्यूज़िकल ग्रुप ने आयोजित किया 'ज्योत से ज्योतज गाते चलो' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में व्यास म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा आयोजित ज्योत से ज्योत जगाते चलो कार्यक्रम ने संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

घर में पधारो गजानन जी भजन से प्रारंभ हुए इस आयोजन में भोपाल के लगभग 60 गायकों ने युगल गीतों के माध्यम से अपनी सुर-लहरियों से समां बांधा।



### सुरमयी प्रस्तुतियों से गूंजा अंजनी सभागार

संगीतमय शाम में बेबी अलीज़ा खान, सारिका सप्रे, सलील माथुर, बसंत बाथरे, एडवोकेट राजेश वर्मा सहित कई कलाकारों ने एकल और युगल गीतों की शानदार प्रस्तुतिया दीं।

### माला की मधुर आवाज़ ने जीता दर्शकों का दिल

माला उइके ने अपनी मधुर आवाज़ से दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजिका एवं एंकर निवेदिता व्यास ने ज्योत से ज्योत जगाते चलो पर्दे में रहने दो और रम्भा हो हो हो जैसे गीतों पर मंच में ऊर्जा भर दी।

## शहर के महेश को 100 किलोमीटर की दौड़ में मिला द्वितीय पुरस्कार



**भोपाल।** पश्चिम बंगाल राज्य के दार्जिलिंग जिले में स्थित संदकफू में आयोजित की गई 100 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता में शहर के महेश खुराना को पुरुष प्रतिभागियों की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें ट्रॉफी प्रदान की गई।

# 258 भावी डॉक्टर्स को मिली उपाधि, चरक शपथ के साथ समाज सेवा का लिया प्रण

### मानसरोवर समूह के महाविद्यालयों में ग्रेजुएशन डे सेरेमनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डेंटल और आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में ग्रेजुएशन डे सेरेमनी का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल (मिंटो हॉल) में किया गया। इस दौरान 258 विद्यार्थियों को उपाधि भेंट की गई, वहीं भावी डॉक्टर्स ने चरक शपथ के साथ ही समाज सेवा का भी प्रण लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, विशिष्ट अतिथि हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक वार्ष्णेय सहित मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की कुलाधिपति मंजुला तिवारी, प्रतिकुलाधिपति इंजी. गौरव तिवारी ने मंचासीन संस्थान प्रमुखों सहित दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने नवीन चिकित्सकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन को सार्थक बनाना है तो सेवा और समर्थन का भाव रखें। यदि आप अपने कृतित्व के प्रति गंभीर हैं तो परिणाम निश्चित ही बेहतर मिलेंगे। हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति लोक कल्याणकारी है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्ति ईश्वर और गुरु के बाद चिकित्सकों पर सबसे ज्यादा विश्वास करता है।


विधायक रामेश्वर का स्वागत करते हुए।


विस अध्यक्ष का स्वागत करते हुए।

## चौथा आदर्श नाट्य समारोह का आज होगा शुभारंभ

**भोपाल ।** आदर्श शिक्षा एवं सेवा समिति द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से आदर्श नाट्य समारोह एलबीटी सभागार में आज से आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में तीनों ही नाट्य प्रस्तुतियों के केंद्र में स्त्री है। यह पूरा समारोह स्त्री सशक्तिकरण की बात करता है। समारोह में आज ज्यां पॉल सार्त्र का फेमस नाटक द रिस्पेक्टफुल प्रोस्टिट्यूट का मंचन एकजुट थियेटर एंड वेलफेयर समिति भोपाल द्वारा खुशबू चौबिटकर के निर्देशन में किया जाएगा। दूसरे दिन 15 नवंबर को रंगाभरण जबलपुर द्वारा अक्षय सिंह ठाकुर के निर्देशन में गिरीश कर्नाड का बहुचर्चित नाटक हयवदन मंचित होगा। समारोह के तीसरे और अंतिम दिन हम थियेटर ग्रुप भोपाल द्वारा सादात भारती के निर्देशन में सआदत हसन मंटो की प्रसिद्ध कहानी पढ़िए कलीमा का सोलो मंचन किया जाएगा। इस नाटक में रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता बालेंद्र सिंह बालू अभिनय करते नजर आएंगे। सभी नाटक शाम सात बजे से होंगे।

■ तीनों ही नाट्य प्रस्तुतियों के केंद्र में स्त्री है

# महर्षि राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में गुवाहाटी ऑल ओवर चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों के तीन दिवसीय महर्षि राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में गुवाहाटी रीजन ऑल ओवर चैंपियन रहा जबकि द्वितीय स्थान पर हैदराबाद रीजन रहा। गुरुवार शाम पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ । इस दौरान मंत्री विश्वास सारंग और महर्षि संस्थान के प्रमुख ब्रह्मचारी गिरीश मौजूद थे। गुवाहाटी ने जिसने सबसे अधिक 8 विधाओं में पुरस्कार अर्जित किए, जबकि हैदराबाद रीजन उप विजेता रहा।

मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि हम हिंदुस्तान को एक शक्तिशाली एवं संपन्न राष्ट्र बनाएंगे। जिस तरह स्वामी विवेकानंद जी ने पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति को मजबूत किया था। महर्षि महेश योगी ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय ज्ञान एवं संस्कृति की पताका फैलाई थी। सारंग का कहना था कि महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों के माध्यम से हम संस्कृति संरक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य कर सकते हैं एवं आप सभी छात्र अत्यंत भाग्यशाली हैं कि आप सब इसमें न केवल अध्ययन कर रहे हैं बल्कि भारतीय ज्ञान एवं संस्कृति को आत्मसात कर रहे हैं।



महर्षि राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में पुरस्कार के साथ बच्चे और अतिथि।

## बाल सृजन और कला का उत्सव 7वीं टैगोर चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता 16 नवंबर को को

**भोपाल।** क्रिएटिविटी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वरंग द्वारा आयोजित 7वीं टैगोर चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 16 नवम्बर (रविवार) को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी परिसर, में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। प्रतिभागी चार श्रेणियों में भाग ले सकेंगे जिसमें कक्षा 3 से 5, कक्षा 6 से 7, कक्षा 8 से 9, तथा कक्षा 10 से 12 के विद्यार्थी की कैटेगरी शामिल हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थी अपनी पसंद के विषय पर रचनात्मक कलाकृतियां बना सकते हैं। वे स्केचिंग, मंडला आर्ट, नेचर पेंटिंग, सामाजिक विषयों पर चित्र या किसी प्रेरणादायक संदेश पर आधारित कलाकृति तैयार कर सकेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य है कि बच्चे अपनी कल्पना शक्ति और रंगों के माध्यम से अपनी सोच को अभिव्यक्त करें।

### अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव में गायन, रंगोली, पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटीशन आयोजित

# देशभक्ति के रंग में रंगा युवा उत्सव का दूसरा दिन...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित युवा उत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन देशभक्ति के रंगों में रंगा नजारा ऐसा अद्भुत था कि श्रोताओं ने देशभक्ति के इस सरोवर में खूब गोते खाए, जहां किसी ने जहां डाल-डाल पे सोने की चिड़िया... सुनाया तो वहीं किसी ने ऐ मेरे वतन के लोगों... गीत सुनाकर श्रोताओं की आंखें नम कर दी। युवा उत्सव के दूसरे दिन का आगाज एकल गायन, समूह गायन से हुई, जिसमें आठ जिलों के प्रतिभागियों ने ऐसा सुंदर मनभावन नजारा प्रस्तुत किया कि समा संगीतमय हो गया।

इसके अलावा कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत, वाद-विवाद, रंगोली, पोस्टर, और कोलाज प्रतियोगिताएं भी शामिल रहीं। जिसमें प्रतिभागियों ने अपने भीतर छिपी कला का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। 'युवाओं का विदेश पलायन देश की हानि' विषय पर हुई वाद विवाद प्रतियोगिता में जहां युवाओं ने अपने देश में रहने और माटी की सेवा करने के बारे में अपने विचार पेश किए तो कइयों ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तित्व और विदेशों में कार्यरत सफल भारतीयों के उदाहरण भी दिए।



बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित युवा उत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं कलाकार।

### भारतीय विविधता को दर्शाती रंगोली और पोस्टर

कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति विषय पर रंगोली प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने रंगों से जमीं पर अपनी कल्पना के रंग उकेरे, रंगोंली के माध्यम से किसी ने भारतीय विविधता को दर्शाया तो किसी ने अपनी परम्पराओं से जुड़े रहने की सीख दी। इसके अलावा पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटीशन में भारतीय संविधान विषय पर भी विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर बनाए और दर्शकों की खूब वाह-वाही बंटोरी।

## पद्मश्री श्रीधर को सौंपी गई महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री


पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर को सिंधी भाषा के समाचार पत्रों की प्रतियां सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वाधीनता सेनानी स्व. दादा पमनदास मनवानी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित नाटक वतन आजाद देखूं (लेखक :अशोक मनवानी) सहित पुराने दुर्लभ अखबारों की प्रति माधव राव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय को सौंपी गई। संग्रहालय के संस्थापक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने संग्रहालय के लिए प्राप्त पुस्तक, पुस्तिकाओं और अन्य सामग्री पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर विकास दवे जी निदेशक साहित्य अकादमी भी उपस्थित थे। श्रीधर को अखंड सिंधु संसार भोपाल सहित अन्य सिंधी भाषा के समाचार पत्रों की प्रतियां भी सौंपी गईं।










# आज साफ हो जाएगा कि किसका होगा बिहार? किसकी होगी जीत...किसकी होगी हार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों का इंतजार जल्द खत्म हो जाएगा। शुक्रवार सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी, जिसके बाद शुरुआती रुझान सामने आने लगेंगे। पूरे राज्य में मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। वहीं, लगभग सभी सर्वेक्षण एजेंसियों के एग्जिट पोल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बड़ी जीत का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने की संभावना जताई गई है। राजग गठबंधन में जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तान अवामी मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) शामिल हैं। उधर, हरियाणा के नतीजे के समान महागठबंधन को अपनी अरसकार बनाने का आस है।

**8** बजे से शुरू होगी मतगणना | **38** जिलों में होगी काउंटिंग | **44** मतगणना केंद्रों पर तैयारी पूरी | **14** काउंटिंग टेबल का निर्धारण

## बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम आज आएंगे


मतगणना स्थल जाने वालों पर यातायात पुलिस की नजर

### मतगणना के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए

बिहार में शुक्रवार को होनी वाली मतगणना के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना का कार्य राज्य के सभी 38 जिलों में स्थित 44 मतगणना केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शुरू होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने बताया है कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतगणना के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों और राज्य पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

### सबसे बहले मोकामा और अंत में आएगा दीघा का नतीजा

पटना जिले की मोकामा सीट का रिजल्ट पहले आएगा। सबसे आखिर में दीघा सीट का रिजल्ट आएगा। एएन कॉलेज में मतगणना केंद्र है। 14 काउंटिंग टेबल का निर्धारण किया गया है। पोस्टल बैलेट काउंटिंग के लिए में निर्धारित संख्या में अलग से काउंटिंग टेबल की व्यवस्था की गई है।

### जहां बदली गईं वीवीपैट मशीनें, वहां पर्ची मिलान के बाद होगी गिनती

बिहार विधानसभा चुनाव के जिन मतदान केंद्रों पर वीवीपैट मशीन बदली गई थीं, वहां अब वोटो की गिनती पहले जैसी नहीं होगी। चुनाव आयोग ने नया निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब उन सभी जगहों पर जहां मशीनें बदली गई हैं, वहां वीवीपैट पर पर्चियों का मिलान पहले किया जाएगा, उसके बाद ही वोटो की गिनती शुरू होगी।

### सीसीटीवी के साथ 2 लेयर सिक्योरिटी के बीच होगी काउंटिंग

चुनाव के नतीजे आने से पहले सुरक्षा के लिए मुस्तैदी से इंतजाम किए जा रहे हैं। मतपेटियों और वीवीपैट की सुरक्षा पूरी मुस्तैदी से की जा रही है। सभी ईवीएम को कड़े सुरक्षा घेरे के अंदर रखा गया है। आयोग के अनुसार राज्य सरकार की पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बलों की टुकड़ी को भी सुरक्षा के लिए लगाया गया है। निर्वाचन आयोग ने राज्यभर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा है। मतदान में उपयोग की गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को दो स्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। आयोग का कहना है कि जनता के फैसले को सुरक्षित और किसी भी तरह के नुकसान या छेड़छाड़ से बचने के लिए सभी सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

*रिजल्ट से ठीक एक दिन पहले जेडीयू वॉर रूम पहुंचे नीतीश*

## चुनाव और मतगणना से जुड़ी निगरानी और रणनीति तैयार की

चुनाव के नतीजों से ठीक एक दिन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को अचानक जदयू के वॉर रूम पहुंच गए। बताया जा रहा है कि यह वॉर रूम चुनाव और मतगणना से जुड़ी निगरानी और रणनीति के लिए तैयार किया गया है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा पहले से तय नहीं था।नीतीश चुनाव से जुड़े अपडेट संबंधित तैयारी का निरीक्षण करने के लिए जेडीयू के वॉर रूम पहुंचे। इस दौरान वहां काम करने वाले कर्मचारी भी हैरान हो गए।




### डेटा के विश्लेषण की जानकारी ली

जदयू का यह वार रूम हाईटेक मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस है। यहां बड़ी स्क्रीन पर रियल टाइम में वोट गिनती और रुझान की निगरानी की जाएगी। हर सीट पर एजेंट्स और कोऑर्डिनेटर्स से लगातार फीडबैक लिया जाएगा। सीएम ने चुनावी डेटा के विश्लेषण की भी जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि मतगणना के दिन अफवाहों से बचा जाए।

### 'टाइगर जिंदा है' के लगे पोस्टर

नतीजे से पहले ही पटना में पोस्टर लगने लगे हैं। महागठबंधन ने एग्जिट पोल का बहिष्कार कर रहे हैं। एनडीए नेताओं का जोश हाई है। पटना में अभी से पोस्टर वार शुरू हो गया है। नीतीश कुमार के समर्थकों ने 'टाइगर अभी जिंदा है' का पोस्टर लगाया है।

*केंद्रीय मंत्री गिरिराज का बड़ा दावा*

## 2010 चुनाव से भी ज्यादा सीटें जीतेगा एनडीए



भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक पर भ्रष्ट नेताओं का कथित रूप से समर्थन करने का आरोप लगाया और बिहार चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का विश्वास जताया। सिंह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि गठबंधन 206 से ज्यादा सीटें जीतेगा, जो 2010 के विधानसभा चुनावों से भी बेहतर प्रदर्शन होगा क्योंकि लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक का हिस्सा राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव एक भ्रष्ट व्यक्ति हैं जो सिर्फ अपने परिवार के लिए जीते हैं और इसलिए कोई भी व्यक्ति उन्हें वोट नहीं देना चाहेगा। सिंह ने कहा कि चाहे अखिलेश यादव हों, लालू हों, तेजस्वी यादव हों या राहुल, बिहार में कोई इन लोगों को वोट क्यों देगा? लालू जैसे भ्रष्ट व्यक्ति को कोई वोट क्यों देगा?

**तेजस्वी ने नतीजों से पहले की उम्मीदवारों से बात, कहा**

## वह हर हालात के लिए तैयार रहें, राजनीतिक हलचल तेज



बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने वाले हैं। उससे पहले ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तेजस्वी यादव ने अपने विधायकों से बात की है और उनसे कहा है कि वह हर हालात के लिए तैयार रहें। कहा यह भी जा रहा है कि विधायकों को कहीं शिफ्ट करने की तैयारी है ताकि बहुमत न मिलने की स्थिति में उन्हें टूटने से बचाया जा सके। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही तेजस्वी यादव एक्टिव हो गए हैं। उन्होंने अपने सभी उम्मीदवारों से संपर्क साधा है और उनसे हर हालात के लिए तैयार रहने को कहा है।

### बिहार के नतीजों से पहले कांग्रेस को याद आया हरियाणा

इस बीच कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एग्जिट पोल्स को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को याद करिए। तब कहा गया था कि हरियाणा में कांग्रेस को बंपर जीत मिलेगी, लेकिन क्या हुआ? अब यहां के नतीजों पर भी इंतजार करिए। एग्जिट पोल गलत साबित होंगे।



**नतीजों से पहले बोली आप**


### बिहार में चोरी हो गए 80 लाख वोट




बिहार में नतीजों से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने 80 लाख वोटों की चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 80 लाख लोगों के मताधिकार को छीना गया है।

**केआरके ने किया बड़ा दावा**

### ईसीआई भाजपा को कभी नहीं हारने देगा



चुनाव को लेकर भाजपा के इरादों पर भी कई सवाल उठे। लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने मोदी सरकार पर कई निशाने साधे। केआरके ने दावा किया कि चुनाव आयोग भाजपा को चुनाव नहीं हारने देगा। केआरके ने एक्स पर एक ट्वीट में लिखा है, वो सब लोग मूर्ख हैं जो सोच रहे हैं कि विपक्ष बिहार चुनाव जीत जाएगा। ऐसा नहीं होने वाला। ईसीआई भाजपा को बिहार और यूपी कभी नहीं हारने देगा। इस ट्वीट के साथ केआरके ने अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को भी टैग किया है।

---

## खबर संक्षेप

### मुकुल रॉय की विधानसभा की सदस्यता रद्द



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के करीबी और तृणमूल कांग्रेस के नेता मुकुल रॉय को कलकत्ता हाई कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने रॉय की विधानसभा की सदस्यता दल-बदल विरोधी कानून के तहत गुरुवार को रद्द कर दी। रॉय भाजपा के टिकट पर सदन के लिए चुने गए थे, बाद में टीएमसी में चले गए।

### छत्तीसगढ़ में 27 लाख इनामी 6 माओवादी ढेर




**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने नेशनल पार्क क्षेत्र के घने जंगलों में बड़ी कार्रवाई की है। खुफिया सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। गोलीबारी में 6 कुख्यात माओवादी मारे गए। इन पर 27 लाख रुपए का इनाम था।

### राजभवन के पास पेट्रोल हमले के आरोपी को जेल



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने राजभवन गेट के बाहर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में आरोपी करुक्का विनोद को 10 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। यह घटना 25 अक्टूबर 2023 की है, जब आरोपी ने राजभवन के गेट नंबर 1 के पास दो पेट्रोल बम फेंके थे।

### भूपेश के बेटे की 61.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क




**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई है।

---

## बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

*शीर्ष न्यायालय ने सिब्बल से कहा*

# स्थिति बहुत गंभीर है! अभी मत आइए अदालत, मास्क को बताया 'अपर्याप्त'

कोर्ट ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के बजाए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदूरकर की पीठ ने यह टिप्पणी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने न केवल गंभीर चिंता जताई है बल्कि एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि स्थिति 'बहुत गंभीर' है। इसके साथ ही कोर्ट ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंद्रूकर की पीठ ने गुरुवार को यह टिप्पणी की। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि स्थिति बहुत गंभीर है! आप सभी यहां क्यों उपस्थित हैं? हमारे पास वर्चुअल सुनवाई की सुविधा है। कृपया इसका लाभ उठाएं। यह प्रदूषण स्थायी नुकसान पहुंचाएगा। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि हम मास्क का उपयोग कर रहे हैं। इस पर जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि मास्क भी पर्याप्त नहीं हैं। यह पर्याप्त नहीं होगा। हम मुख्य न्यायाधीश से भी इस बारे में बात करेंगे।

## सुनवाई के लिए अदालत ने कहा- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं

### *दिल्ली में तीसरे दिन भी एक्यूआई गंभीर श्रेणी में*



सुप्रीम कोर्ट

राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को भी दिन में घना कोहरा छाया रहा और वायु गुणवत्ता लगातार तीसरे दिन 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गयी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ओर से जारी सुबह के वायु गुणवत्ता बुलेटिन में एक्यूआई 404 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के मुताबिक, 37 निगरानी केंद्रों में से 27 ने एक्यूआई का स्तर 'गंभीर' श्रेणी में बताया, जिनमें बुराड़ी (433), चांदनी चौक (455), आनंद विहार (431), मुंडका (438), पूसा (302), बवाना (460) और वजीरपुर (452) शामिल हैं।

**ईवी वाहनों को बढ़ावा देने दिया सुझाव**

### लग्जरी पेट्रोल-डीजल गाड़ियों पर चरणबद्ध तरीके से लगे बैन

सुप्रीम कोर्ट ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक अहम सुझाव देते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल से चलने वाली लग्जरी गाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से बंद करने पर विचार किया जा सकता है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने कोर्ट को बताया कि सरकार भी इस विचार से सहमत है। सरकार इस दिशा में अग्रसर है। इस प्रोजेक्ट से 13 मंत्रालय सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह सुझाव दिया। इस याचिका में सरकार की ईवी को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की गई है।



### यहां पहले महंगी गाड़ियों पर बैन से शुरुआत संभव

जस्टिस सूर्य कांत ने कहा कि अब बाजार में बड़े और उच्चस्तरीय इलेक्ट्रिक वाहन भी उपलब्ध हैं, इसलिए शुरुआत उच्च श्रेणी के पेट्रोल/डीजल वाहनों पर प्रतिबंध से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अब इलेक्ट्रिक वाहनों में भी बड़े और आरामदायक मॉडल आ गए हैं तो क्यों न पहले बहुत महंगी गाड़ियों पर रोक लगाई जाए? इससे आम आदमी प्रभावित नहीं होगा क्योंकि ऐसी गाड़ियां केवल बहुत कम लोग खरीद सकते हैं।

### सीजेआई की बेंच कर रही सुनवाई

एक दिन पहले ही यानी बुधवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई ) जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से उनके राज्यों में पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए की गई कार्रवाई के बारे में रिपोर्ट तलब की है। पराली जलाना दिल्ली और गंगा के मैदानी इलाकों के अन्य राज्यों में वायु प्रदूषण को बढ़ाने वाले कारकों में से एक है।

### वायु प्रदूषण से ये परेशानी होगी

दरअसल, 'गंभीर' एक्यूआई स्वस्थ व्यक्तियों के लिए भी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है और सांस या हृदय संबंधी समस्याओं वाले लोगों को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। राजधानी और आसपास के शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वायु प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि इमारतें और सड़कें मुश्किल से दिखाई दे रही हैं।

---

**यूआईडीएआई ने ईसीआई को जानकारी**

## पश्चिम बंगाल में 34 लाख आधार कार्ड धारक 'मृत' मिले

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल में आधार पहचान प्रणाली की शुरुआत के बाद से अब तक करीब 34 लाख आधार कार्ड धारक 'मृत' पाए गए हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने यह जानकारी निर्वाचन आयोग को दी है। यूआईडीएआई ने बताया कि राज्य में लगभग 13 लाख ऐसे लोग भी थे जिनके पास आधार कार्ड नहीं था, लेकिन अब उनकी मृत्यु हो चुकी है। यह जानकारी बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल और यूआईडीएआई अधिकारियों की बैठक में साझा की गई। बैठक मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत हुई, जिसका उद्देश्य मृत, फर्जी और दोहराए गए मतदाताओं की पहचान कर मतदाता सूची को शुद्ध करना है। आयोग ने निर्देश दिया है कि यदि किसी आवेदक का नाम ऐसे व्यक्ति के साथ जुड़ा पाया गया जो आधार डाटाबेस से हटाया जा चुका है, तो संबंधित अधिकारी उसे सत्यापन के लिए बुला सकता है। मतदान अधिकारियों ने बताया कि चूंकि अधिकांश आधार बैंक खातों से जुड़े हैं, इसलिए बैंकों से भी उन खातों की जानकारी ली जा रही है जिनमें वर्षों से केवाईसी अपडेट नहीं हुआ, ताकि मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जा सकें।

**एसआईआर का दूसरा चरण**

### देश के 12 राज्यों में 37 करोड़ वोटरों ने लिया प्रपत्र

देश के 12 राज्यों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में एक और रिकॉर्ड आयोग ने अपने नाम किया है। इसके तहत 12 नवंबर तक 37 करोड़ मतदाताओं को गणना प्रपत्र- ईएफ वितरित किए गए हैं। आयोग ने कहा कि कोई वैध मतदाता छूटे न और अवैध मतदाता जुड़े न इस भावना के साथ आयोग काम कर रहा है। यद्यपि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्य इसका विरोध कर रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक अब तक 50.69 करोड़ ईएफ मुद्रित किए गए हैं। इस तरह से मुद्रण का काम 99.41 फीसदी पूरा हो गया है। इसमें से 72.66 प्रतिशत 37.05 करोड़ वितरित किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरु किया है।



---

**कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला**

## आरएसएस को दी चित्तापुर में मार्च निकालने की इजाजत

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक हाईकोर्ट ने गुरुवार को आरएसएस को चित्तापुर में मार्च निकालने की इजाजत दे दी। हाईकोर्ट ने आरएसएस के कलबुर्गी के संयोजक की एक याचिका पर ये फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने आगामी 16 नवंबर को 300 लोगों और 50 सदस्यीय बैंड के साथ मार्च निकालने की अनुमति दी। जस्टिस एमजीएस कमल ने यह दर्ज किया कि चित्तापुर के तहसीलदार की ओर से कुछ शर्तों के साथ मार्च निकालने के लिए अनुमति पहले ही दी जा चुकी थी। बीते हफ्ते राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया था कि वह याचिकाकर्ता के प्रस्ताव पर सकारात्मक रूप से विचार करेगा। कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने इस आदेश पर कहा कि सरकार ने हाईकोर्ट में आरएसएस को मार्च निकालने की इजाजत दी। आरएसएस ने सरकार से कोई अनुमति नहीं मांगी थी।




**कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय ने बीज बिल सार्वजनिक किया**

## सरकार ने मांगे सुझाव, किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाएंगे

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा- बजट सत्र में पेश करेंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय ने बीज विधेयक, 2025 को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार हितधारक 11 दिसंबर तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में संकेत दिया था कि मंत्रालय संसद के बजट सत्र के दौरान नया बीज कानून पेश करेगा। बयान में कहा गया है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिसने मंत्रालय के अंतर्गत मसौदा तैयार किया है, ने विधेयक के अंतिम संस्करण को आकार देने में हितधारकों की भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया है।

### *यह आधुनिक कृषि और बाजार जरूरतों के अनुरूप बनाने पर जोर*


शिवराज सिंह चौहान

प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य बीज अधिनियम, 1966 और बीच (नियंत्रण) आदेश, 1983 को बदलकर बीज नियमन को आधुनिक कृषि और बाजार जरूरतों के अनुरूप बनाना है। नया विधेयक बीज गुणवत्ता को नियंत्रित करने, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने, नकली उत्पादों पर रोक लगाने वाला है।

**छोटे अपराध क्षम्य करने का प्रस्ताव**

विधेयक में अनुपालन बोझ को कम करने के लिए छोटे अपराधों को गैर-अपराधीकरण करने का प्रस्ताव है। वहीं गंभीर उल्लंघनों के लिए कठोर दंड बरकरार रखा गया है, यह कारोबार सुगमता पहल के अनुरूप है।

### बीज विधेयक 2025 ड्राफ्ट के मुख्य प्रावधान

- सभी प्रकार के बीजों का पंजीकरण बिक्री से पहले अनिवार्य है।
- बीज उत्पादकों को बाजार में बिकने वाले बीजों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करनी होगी।
- मानदंडों के पालन के लिए अधिकृत एजेंसियों द्वारा बीज सर्जिफिकेशन उपलब्ध कराए जाएंगे।
- बीजों की उचित लेबलिंग अनिवार्य है। इसमें वैरायटी, स्रोत, गुणवत्ता और अंकुरण दर बताना होगा।
- गलत विवरण या निम्न गुणवत्ता वाले बीजों की बिक्री पर कानूनी कार्रवाई एवं दंड का प्रविधान है।
- बीज परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी जो गुणवत्ता की जांच और विवाद निपटारे में सहायता करेंगी।
- बीजों का आयात नियमों के अनुसार ही हो सकेगा, ताकि खराब क्वालिटी के बीज न आ सकें।

युद्धाभ्यास 'अखंड प्रहार'

# जैसलमेर के रेगिस्तान में सैन्य क्षमता का जबरदस्त प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*एक्सरसाइज अखंड प्रहार के अंतर्गत कोणार्क कोर की पूर्ण स्पेक्ट्रम युद्ध क्षमता का सफल परीक्षण किया गया। इसमें थलसेना की विभिन्न शाखाओं और सेवाओं का समन्वित संचालन शामिल था*

भारतीय सेना ने जैसलमेर के रेगिस्तानी इलाके में जबरदस्त सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया है। यहां ड्रोन, मानवरहित प्रणालियां, एंटी-ड्रोन सिस्टम तथा इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर ग्रिड का प्रदर्शन किया गया। भारत में बने ये स्वदेशी हथियार व प्रौद्योगिकी 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना को सशक्त बनाते हैं। यहां 'एक्सरसाइज अखंड प्रहार' के अंतर्गत कोणार्क कोर की पूर्ण स्पेक्ट्रम युद्ध क्षमता का सफल परीक्षण किया गया।

इसमें थलसेना की विभिन्न शाखाओं और सेवाओं का समन्वित संचालन शामिल था। इसमें मैकेनाइज्ड और इन्फैंट्री युद्धाभ्यास, 'रुद्र ब्रिगेड' द्वारा भूमि अभियानों का निष्पादन, स्पेशल हेलिबोर्न ऑपरेशन्स तथा आर्मी एविएशन के अटैक हेलीकॉप्टर मिशनों का समन्वय किया गया। इस दौरान भारतीय थलसेना और भारतीय वायुसेना के बीच निर्बाध तालमेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को भी मिला। सेना अब और तेज गति वाले अभियानों के लिए तैयार है।

**भारतीय थलसेना और वायुसेना के बीच बेहतर तालमेल दिखा**

**स्वदेशी ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम का उपयोग किया**



दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ कोणार्क कोर की पूर्ण स्पेक्ट्रम युद्ध क्षमता का निरीक्षण करते हुए

### कोणार्क कोर की तैयारियों की समीक्षा की



जनरल धीरज सेठ जवानों से चर्चा करते हुए

दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएम, एवीएसएम, ने त्रिसेवा अभ्यास के भाग के रूप में रेगिस्तानी क्षेत्र में आयोजित युद्धाभ्यास अखंड प्रहार के दौरान कोणार्क कोर की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। यह अभ्यास दक्षिणी कमान की साझेदारी, तकनीकी आत्मसात और परिचालन उत्कृष्टता की भावना को मूर्त रूप देता है।

भारत-अमेरिका वायु सेनाओं ने दिखाया दम

## संयुक्त अभ्यास में तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन

भारतीय वायुसेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेना के बीच चल रहा 4 दिवसीय संयुक्त युद्धाभ्यास गुरुवार को संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य वायु सेनाओं के बीच आपसी समझ, सामरिक सहयोग और अंतर संचालन क्षमता को बढ़ाना है। अभ्यास में अमेरिकी वायुसेना ने अपने अत्याधुनिक बी-1बी लांसर सुपरसॉनिक बमवर्षक विमान के साथ भाग लिया है। बी-1बी लांसर अपनी लंबी दूरी की प्रहार क्षमता और सटीक टारगेट तकनीक के लिए प्रसिद्ध है। भारतीय वायुसेना की ओर से यहां विभिन्न अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, परिवहन विमान और वायु रक्षा प्रणालियों ने हिस्सा लिया है। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं ने एक साथ कई जटिल युद्ध परिदृश्यों पर कार्य किया है। इनमें एयर डिफेंस ऑपरेशन, स्ट्राइक मिशन, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, हवा में ईंधन भरना और संयुक्त मिशन योजना शामिल रही। इस दौरान पायलटों और तकनीकी दलों ने एक-दूसरे की रणनीतियों, तकनीकों और संचालन प्रक्रियाओं से महत्वपूर्ण अनुभव साझा किया।



अमेरिका का बी-1बी लांसर सुपरसॉनिक बमवर्षक विमान

**स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया**

भारतीय सेना ने बताया कि यहां वायुसेना के लड़ाकू जमीनी हमले अभियानों के माध्यम से भारतीय वायुसेना के साथ सहज तालमेल का प्रदर्शन किया गया। इस अभ्यास में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण किया गया। 'अखंड प्रहार' अभ्यास ने कोणार्क कोर की आधुनिक, फुर्तीली और नेटवर्क-सक्षम क्षमता को उजागर किया है।

---

**खबर संक्षेप**

### भारतीय सिख श्रद्धालु दर्शन कर पाक से रवाना



**लाहौर।** गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती से संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए 10 दिनों की पाकिस्तान यात्रा पर आए 2000 से ज्यादा भारतीय सिख तीर्थयात्री गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच भारत के लिए रवाना हुए। मुख्य कार्यक्रम 5 नवंबर को लाहौर से लगभग 80 किलोमीटर दूर गुरुद्वारा जन्मस्थान ननकाना साहिब में आयोजित किया गया था, जहां गुरु नानक का जन्म हुआ था। यात्रा के अंतिम चरण में लाहौर के गुरुद्वारा डेरा साहिब में ठहरे भारतीय सिखों को सुरक्षा में वाघा चेक पोस्ट ले जाया गया।

### श्रीलंकाई सेना की गिरफ्त में 328 भारतीय मछुआरे



**कोलंबो।** श्रीलंका ने कथित तौर पर उसके जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में इस साल कम से कम 328 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और मछली पकड़ने की उनकी 41 नौकाएं जब्त की हैं। श्रीलंका के मत्स्य पालन उप मंत्री रत्ना गामागे ने कहा कि भारतीय मछुआरों की नवीनतम गिरफ्तारी 10 नवंबर को की गई। श्रीलंकाई नौसेना ने जाफना के अनलातिवु द्वीप के पास अपनी जल सीमा में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी मछली पकड़ने की नौका जब्त कर ली।

---

दिल्ली बम धमाके में हो रहे रोज नए खुलासे, सबूत इकट्ठा कर रहीं सुरक्षा एजेंसियां

# धमाके से दस दिन पहले दिल्ली में ही था डॉ. आदिल, बाहर कचरे से मिला फ्लाइट टिकट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*दिल्ली से 535 किलोमीटर दूर यूपी की राजधानी लखनऊ की डॉ. शाहीन सिद्दकी को दिल्ली बम ब्लास्ट में संदिग्ध माना जा रहा है। डॉ. शाहीन सिद्दकी दो माह (60 दिन) पूर्व राजधानी लखनऊ आई थी। हालांकि वह कहां ठहरी थी और किन लोगों से संपर्क में थी। इस बारे में पता लगाया जा रहा है*

दिल्ली बम धमाके के पीछे और कौन-कौन लोग हैं, सुरक्षा एजेंसियां इसे लेकर तेजी से जांच कर रही हैं। मामले में जांच एजेंसियों द्वारा प्रतिदिन नए खुलासे किए जा रहे हैं। आरोपी डॉ. आदिल अहमद के घर के बाहर कचरे से फ्लाइट का टिकट मिला है, जो 31 अक्तूबर का है। यह टिकट श्रीनगर से दिल्ली का है। इससे साफ स्पष्ट होता है कि धमाके से 10 दिन पहले आदिल दिल्ली में था। वहां से कब सहारनपुर लौटा था यह जांच का विषय है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डॉ. आदिल अहमद को सहारनपुर से 6 नवंबर को गिरफ्तार किया था।

पूछताछ के बाद उसके कश्मीर स्थित घर से एके-47 बरामद हुई थी। डॉ. आदिल की गिरफ्तारी के बाद ही फरीदाबाद में विस्फोटक सामग्री मिली थी। 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धमाका हुआ था। डॉ. आदिल सहारनपुर में थाना कुतुबशेर क्षेत्र के मानकमऊ स्थित अमन विहार कॉलोनी में किराये के मकान में रहता था। वह जिस मकान में रहता था, उसके बराबर और सामने खाली प्लॉट है। बुधवार को घर के बाहर कचरे में डॉ. आदिल का फ्लाइट का टिकट मिला है। टिकट पर आदिल का नाम और तिथि अंकित है। टिकट 31 अक्तूबर का श्रीनगर से दिल्ली का है। यानी डॉ. आदिल ने 31 अक्तूबर को श्रीनगर से दिल्ली की यात्रा की थी। टिकट पर आदिल का नाम दर्ज है। यानी धमाके से 10 दिन पहले आदिल दिल्ली में था। उसके बाद ही सहारनपुर लौटा था। फ्लाइट के टिकट को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**» 3 लाख रुपए से 20 क्विंटल एनपीके उर्वरक खरीदा**

**» अल-फलाह यूनिवर्सिटी के पास नहीं मान्यता**



डॉ. आदिल अहमद





इंडिगो एयरलाइंस का टिकट

### एनआईए की हिरासत में खाद-बीज विक्रेता

फरीदाबाद से पकड़े गए डॉ. मुजम्मिल को विस्फोटक सामग्री उपलब्ध कराने के आरोप में हरियाणा के मेवात जिले के पिनगवां कस्बे में अग्रवाल खाद बीज एजेंसी के मालिक दिनेश कुमार अग्रवाल उर्फ डब्बू को जांच एजेंसी की टीम ने पूछताछ के लिए उठा लिया। उसे दिल्ली ले जाया गया, जहां पर उससे पूछताछ होगी। जांच में सामने आया है कि वह अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर मे अब तक करीब तीन सौ किलो अमोनियम नाइट्रेट की सप्लाई कर चुका है। आरोपी डॉ. मुजम्मिल, डॉ. अदील, उमर और शाहीन ने मिलकर लगभग 20 लाख रुपए नकद जुटाए, ये रुपए उमर को सौंपे गए थे। बाद में उन्होंने गुरुग्राम, नूंह और आसपास के इलाकों से आईईडी तैयार करने के लिए 3 लाख रुपए का 20 क्विंटल से ज्यादा एनपीके उर्वरक खरीदा।

### अल-फलाह यूनिवर्सिटी की सदस्यता रद्द की गई

नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (एनएएसी) ने यूनिवर्सिटी को फर्जी एक्रेडिटेशन क्लेम के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अलावा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी यूनिवर्सिटी की फंडिंग पर फॉरेंसिक ऑडिट करने जा रहा है। एनएएसी के डायरेक्टर गणेशन कन्नाबिरण ने 12 नवंबर को जारी नोटिस में कहा कि अल फलाह यूनिवर्सिटी ने अपनी वेबसाइट पर गलत दावा किया है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी (एआईयू) ने यूनिवर्सिटी की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है।

### विस्फोट स्थल से 300 मीटर दूर मिला कटा हाथ

गुरुवार को फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) और दिल्ली पुलिस की एक संयुक्त टीम को एक व्यक्ति का कटा हुआ हाथ मिला है जो विस्फोट स्थल से करीब 300 मीटर दूर बताया जा रहा है। यह कटा हाथ लाल किला कॉरिडोर के सामने स्थित लाजपत राय मार्केट के पास बने शौचालय की छत से एक हाथ मिला है।

### एक प्रोफेसर और एक छात्र गिरफ्त में

यूपी के हापुड़ के पिलखुवा स्थित जीएस मेडिकल कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. फारुख को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसके अलावा यूपी के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने कानपुर से हृदय रोग की शिक्षा प्राप्त कर रहे 32 वर्षीय मोहम्मद आरिफ मीर को हिरासत में लिया है। वह जीएसवीएम में प्रथम वर्ष का छात्र है।

**सोपोर में पिस्तौल और ग्रेनेड के साथ आतंकी अरेस्ट**

*जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर इलाके में सुरक्षा बलों ने एक पिस्तौल और दो ग्रेनेड के साथ दो हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस हाइब्रिड आतंकवादी को एक ऐसे आतंकवादी के रूप में परिभाषित करती है जो सामान्य जीवन जीता है और जिसका एक नियमित व्यवसाय होता है। उसके आका उसे एक काम सौंपते हैं जिसे वह अंजाम देता है और उसके बाद फिर अपनी सामान्य दिनचर्या शुरू कर देता है।*

---

यूएस विदेश मंत्री रुबियो ने स्वीकारा

## भारत में हुआ आतंकी हमला 'संयमित, सतर्क व पेशेवर' तरीके से की जा रही जांच

**कनाडा।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट की जांच में भारत ने 'बहुत संयमित, सतर्क और अत्यंत पेशेवर' तरीके से काम किया है। रुबियो ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से एक आतंकी हमला था। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने जांच में 'मदद की पेशकश' की है लेकिन भारत इस तरह की जांच करने में 'बेहद सक्षम' है। रुबियो ने बुधवार को कनाडा के हैमिल्टन शहर में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हां, हम इस घटना की गंभीरता और उसके संभावित प्रभाव से अवगत हैं। लेकिन मेरा मानना है कि भारतीय अधिकारियों की सराहना की जानी चाहिए, उन्होंने बहुत संयमित, सतर्क और पेशेवर तरीके से जांच की है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है।



यूएस के विदेश मंत्री मार्को रुबियो

### आतंकवाद के खिलाफ भारत को समर्थन

दुनियाभर के कई नेताओं ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए घातक आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए भारत को अपना समर्थन दिया है। हमले की निंदा करते हुए, सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून ने इस भयानक हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। भारत में आयरिश राजदूत केविन केली ने कहा कि समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। मिस्र के राजदूत कामेल जायेद गलाल ने कहा कि किसी भी आपराधिक मामले को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। हम इसका समर्थन करते हैं।

### भारत की जांच का कर रहे इंतजार

रुबियो ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से एक आतंकी हमला था। एक कार में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी, जो फट गई और कई लोगों की जान चली गई। लेकिन भारत बहुत अच्छी तरह से जांच कर रहा है और मेरा विश्वास है कि जब उनके पास सभी तथ्य होंगे, तो वे उन्हें सार्वजनिक करेंगे। रुबियो ने कहा कि हम इस घटना के संभावित परिणामों से वाकिफ हैं। हमने इस पर थोड़ी चर्चा भी की है कि इसका दायरा कितना बढ़ सकता है। लेकिन हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि भारत की जांच क्या सामने लाती है।

---

20 हजार उड़ानें रद्द, 10 लाख लोगों को नहीं मिला वेतन


43 दिनों के बाद अमेरिका में शटडाउन समाप्त

## पार्टियों में समझौता, 31 जनवरी 2026 तक बिना रोक-टोक कामकाज होगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में 43 दिनों तक चले शटडाउन का आखिरकार अंत हो गया है। बुधवार शाम को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शटडाउन खत्म करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस से पारित विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए।

हस्ताक्षर करने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेट्स द्वारा लगाए गए शटडाउन ने भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके चलते 20 हजार फ्लाइट्स या तो रद्द हुईं या फिर उनमें देरी हुई।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### » सरकार को पूरी तरह से चालू होने में समय


ट्रंप ने कहा कि शटडाउन से हुए नुकसान की गणना करने में अभी हफ्तों का समय लगेगा और महीने भी लग सकते हैं। अभी भी सरकार को पूरी तरह से चालू होने में हफ्ते भर का समय लग सकता है। उड़ानों को पूरी तरह से संचालित होने में भी कुछ दिन लगेंगे।

### तीन विधेयकों में दी राशि

*शटडाउन खत्म करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच जो समझौता हुआ है, उसके तहत 31 जनवरी 2026 तक बिना रोक-टोक कामकाज हो सकेगा। शटडाउन खत्म करने के समझौते के तहत तीन वार्षिक व्यय विधेयकों को वित्तपोषित किया गया है।*

### ओपनएआई भारत के साथ काम करने को उत्साहित

**सैनफ्रांसिस्को।** ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा है कि भारत आने वाले समय में ओपनएआई के सबसे अहम साझेदारों में से एक बनने जा रहा है। उन्होंने यह बात सैनफ्रांसिस्को में हुए इंडिया ग्लोबल फोरम के एक सत्र के दौरान कही। ऑल्टमैन ने कहा कि उन्हें भारत की कंपनियों, इंजीनियरों और उनकी सोच पर बहुत भरोसा है। उन्होंने कहा कि भारत के पास मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्यमशीलता की भावना और अच्छी नीति माहौल है, जिसकी वजह से देश एआई की दुनिया में बड़ा योगदान देने की स्थिति में है।



भारत और नेपाल के बीच डील

## रेल-आधारित माल ढुलाई होगी सुगम मल्टी-मॉडल ट्रेड 'कनेक्टिविटी' होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और नेपाल ने गुरुवार को रेल-आधारित माल ढुलाई को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार में बढ़ोतरी होगी। यह समझौता जोगबनी (भारत) और विराटनगर (नेपाल) के बीच रेलवे माल ढुलाई को सुगम बनाएगा, जिसमें विस्तारित परिभाषा के तहत बल्क कार्गो भी शामिल है। यह उदारीकरण प्रमुख ट्रांजिट कॉरिडोर– कोलकाता-जोगबनी, कोलकाता-नौतनवा (सुनौली) और विशाखापत्तनम-नौतनवा (सुनौली) तक विस्तारित है, जिससे दोनों देशों के बीच मल्टी-मॉडल ट्रेड कनेक्टिविटी और तीसरे देशों के साथ नेपाल के व्यापार को मजबूती मिलेगी। भारत और नेपाल ने ट्रांजिट समझौते के प्रोटोकॉल में संशोधन करते हुए एक विनिमय पत्र का आदान-प्रदान किया।



दोनों देशों के बीच एमओयू का आदान-प्रदान किया

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में रखा पक्ष

## विमान हादसे की प्राथमिक जांच में बताया पायलट जिम्मेदार नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई जारी है। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि प्राथमिक जांच रिपोर्ट में एयर इंडिया के पायलट को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं बताया गया है। नागर विमानन मंत्रालय ने कोर्ट में कहा है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम को अंतरराष्ट्रीय चलन के तहत गठित किया गया था। यह जांच अभी भी जारी है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत गठित की गई है और इसका गठन कानूनी प्रावधानों के तहत किया गया है। जस्टिस बागची ने कहा कि एएआईबी की जांच किसी पर दोषारोपण के लिए नहीं होती।



सुप्रीम कोर्ट

---

विदेश मंत्री मुत्ताकी की दो टूक

## आईएसआईएस को पाकिस्तान ट्रेनिंग देना बंद करे, ये ठीक नहीं

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने पाकिस्तान पर हवाई क्षेत्र का बार-बार उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच इस्तांबुल में तीसरे राउंड की वार्ता हुई थी, जो फेल रही। इसे लेकर मुत्ताकी ने पाकिस्तान पर द्विपक्षीय वार्ता के दौरान अवास्तविक और अनुचित मांग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद की तरफ से अफगान संप्रभुता के बार-बार उल्लंघन के कारण दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। अगर उकसाया गया तो अफगानिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान के अंदर दाएश (आईएसआईएस) के तत्वों को ट्रेनिंग दी जा रही है। यह ठीक नहीं है। पाकिस्तान ट्रेनिंग देना बंद करे, अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा के लिए कैसे जिम्मेदार हो सकते हैं?



विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी

राष्ट्रपति मुर्मू ने बोत्सवाना की राजधानी में नेशनल असेंबली को संबोधित किया

## दोनों देश के बीच रक्षा सहित कई क्षेत्र में सहयोग निरंतर मजबूत हो रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के विकसित भारत 2047 विजन और अफ्रीका के एजेंडा 2063 के तहत दोनों देश मिलकर एक न्यायपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत और बोत्सवाना की साझेदारी लोकतंत्र, मानव गरिमा और समान विकास के साझा मूल्यों पर आधारित है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने गुरुवार को बोत्सवाना की राजधानी गाबोरोन में नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि बोत्सवाना लोकतंत्र, सुशासन और प्रभावी नेतृत्व का उदाहरण है, जहां राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। इस अवसर पर उनका स्वागत स्पीकर दिथापेलो एल केओरापेत्से, उपाध्यक्ष और विपक्ष के नेता ने किया।

**बोत्सवाना के तीन जनजातीय नेताओं को दी श्रद्धांजलि | दोनों देशों की साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित**



बोत्सवाना में नेशनल असेंबली में संबोधन देती हुई राष्ट्रपति मुर्मू

### एक हजार से अधिक युवाओं ने भारत में प्रशिक्षण प्राप्त किया

*राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत और बोत्सवाना के बीच सहयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, कृषि, रक्षा, व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में निरंतर मजबूत हुआ है। भारत बोत्सवाना के मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण में अपनी भागीदारी पर गर्व महसूस करता है। पिछले एक दशक में बोत्सवाना के एक हजार से अधिक युवाओं ने भारत में शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त किया है।*

### डायमंड ट्रेडिंग कंपनी का दौरा किया

*इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मु ने बोत्सवाना की डायमंड ट्रेडिंग कंपनी का दौरा किया, जहां उनका स्वागत खनिज और ऊर्जा मंत्री बोगोलो केनेवेंडो तथा विदेश मंत्री फेन्यो बुटाले ने किया। इसके बाद उन्होंने थ्री दिकगोसि स्मारक का दौरा कर बोत्सवाना की स्वतंत्रता आंदोलन के तीन जनजातीय नेताओं खामा तृतीय, सेबेले प्रथम और बाथोएन प्रथम को श्रद्धांजलि अर्पित की।*

### भारतीय कंपनियां कई क्षेत्रों में सक्रिय

*राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय कंपनियां बोत्सवाना के हीरा, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में सक्रिय हैं और नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल नवाचार, औषधि निर्माण तथा खनन क्षेत्रों में भी व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने दोनों देशों के व्यावसायिक समुदायों से आर्थिक साझेदारी की पूरी क्षमता का उपयोग करने की अपील की।*

# ओलंपिक में 100 साल बाद दिखेगा क्रिकेट, महिलाओं का फाइनल 20 जुलाई और पुरुषों का 29 को

एजेंसी ▸▸| लॉस एंजिल्स

लॉस एंजिल्स ओलंपिक आयोजकों ने 2028 खेलों का पूरा कार्यक्रम जारी किया। इस बार उद्घाटन दिवस पर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ को शामिल किया गया है। 14 से 30 जुलाई तक चलने वाले ये खेल अब तक के सबसे बड़े होंगे, जिनमें 49 स्थानों पर 51 स्पर्धाओं में 11,200 खिलाड़ी भाग लेंगे। पहली बार लैंगिक समानता और नए कार्यक्रम निर्धारण को प्राथमिकता दी गई है, जबकि 'सुपर शनिवार' का आयोजन इस खेल का विशेष आकर्षण रहेगा।




### 100 साल बाद क्रिकेट की हो रही वापसी

*क्रिकेट 100 साल से अधिक समय बाद ओलंपिक में वापसी कर रहा है, जिसमें महिलाओं का फाइनल 20 जुलाई 2028 और पुरुषों का फाइनल 29 जुलाई 2028 को होगा। बेसबॉल को भी दोबारा शामिल किया गया है, जिसके मुकाबले 13 जुलाई से डॉजर स्टेडियम में होंगे ताकि खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस बार अमेरिकी फ्लैग फुटबॉल और स्क्वैश जैसे नए खेल जोड़े गए हैं, जबकि लैक्रोस 1908 के लंदन ओलंपिक के बाद एक बार फिर वापसी करेगा।*




### महिला खिलाड़ियों पर दिया गया विशेष जोर

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 खेल इतिहास में लैंगिक समानता की नई मिसाल कायम करेगा। इस बार कुल प्रतिभागियों में 50.5 प्रतिशत महिला खिलाड़ी होंगी और पहली बार सभी टीम खेलों में पुरुषों के बराबर या उनसे अधिक महिला टीमें भाग लेंगी। 15 जुलाई को उद्घाटन दिवस पर अब तक की सबसे अधिक महिला फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनकी शुरुआत महिला ट्रायथलॉन से होगी और समापन रोमांचक 100 मीटर दौड़ से होगा।

### ओलंपिक में पहली बार होगा ऐसा

ओलंपिक इतिहास में पहली बार एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं पूरे खेल अवधि के दौरान आयोजित की जाएंगी। आयोजकों ने पारंपरिक कार्यक्रम में बड़े बदलाव किए हैं ताकि खिलाड़ियों को बेहतर माहौल मिल सके। मौसम को ध्यान में रखते हुए कई प्रतियोगिताओं का समय बदला गया है। सैंटा एनीटा में होने वाली घुड़सवारी स्पर्धाओं को शाम के सत्र में रखा गया है, ताकि खिलाड़ियों को ठंडे और अनुकूल मौसम में प्रदर्शन करने का अवसर मिले।

### सुपर शनिवार में 23 खेल होंगे

तैराकी प्रतियोगिताओं को दूसरे सप्ताह में स्थानांतरित किया गया है क्योंकि सोफी स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के साथ-साथ तैराकी स्पर्धाएं भी होंगी। 29 जुलाई को सुपर शनिवार के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें 23 खेलों की 26 फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनमें 15 टीम इवेंट्स के स्वर्ण और कांस्य मुकाबले तथा 15 व्यक्तिगत खेलों के फाइनल शामिल हैं। मैराथन दौड़ें अंतिम सप्ताहांत में होंगी। महिलाओं की 29 जुलाई को और पुरुषों की 30 जुलाई को आयोजित की जाएंगी।

### जनवरी से मिलेंगे टिकट

लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए टिकट पंजीकरण जनवरी में शुरू होगा। लगभग 1.4 करोड़ टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनकी कीमतों की जानकारी बाद में जारी की जाएगी। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि टिकटों पर गतिशील मूल्य निर्धारण प्रणाली लागू नहीं होगी। अमेरिका के विभिन्न शहरों में खेले जाने वाले ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट और लॉस एंजिल्स पैरालंपिक से जुड़ी जानकारी भी आगामी समय में घोषित की जाएगी।

---

## खबर संक्षेप



### विश्व कप विजेता दीप्ति का आगरा में जोरदार स्वागत

**आगरा।** अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत को पहली बार महिला विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति शर्मा का यहां अपने घर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान 10 किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया गया। भारत ने दो नवंबर को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया था। जिसमें दीप्ति ने अर्धशतक बनाने के अलावा पांच विकेट भी लिए थे। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं दीप्ति के सम्मान में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रोड शो में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। रोड शो में शामिल हुए तथा रोड शो के मार्ग पर झंडे लहराते हुए और फूल बरसाते हुए नजर आए। समारोह के दौरान सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए 150 से अधिक पुलिस और यातायात कर्मियों को तैनात किया गया था।

### इंडियन पिकलबॉल लीग एक दिसंबर से दिल्ली में



**नई दिल्ली।** पहली इंडियन पिकलबॉल लीग का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में एक से सात दिसंबर तक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि लीग में हिस्सा लेने वाली टीम में भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों को जगह मिलेगी। एक हफ्ते के टूर्नामेंट के दौरान पहले राउंड रोबिन मुकाबले और फिर नॉकआउट दौर होगा। भारतीय पिकलबॉल संघ के अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह भुल्लर ने कहा, ''आईपीबीएल का शुभारंभ भारत में पिकलबॉल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह लीग इस खेल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए आवश्यक पैमाने और संरचना का प्रतिनिधित्व करती है।'' टाइम्स ग्रुप द्वारा शुरू की जा रही आईपीबीएल को आईपीए से स्वीकृति मिली हुई है और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है।

### गुजरात टाइटंस का मुख्य प्रायोजक होगा बिरला एस्टेट्स




**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2026 सत्र के लिए आदित्य बिरला रीयल एस्टेट लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बिरला एस्टेट्स को मुख्य प्रायोजक बनाया। बिरला एस्टेट्स फेंटेसी गेमिंग मंच ड्रीम 11 की जगह लेगा जिसे इस साल अगस्त में वास्तविक धनराशि वाली गेमिंग में प्रतिबंध लगाने वाले केंद्र सरकार के अधिनियम के बाद अपने काम को बहुत सीमित करना पड़ा। बिरला एस्टेट्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ केटी जितेंद्रन ने कहा, ''यह सहयोग हमें भारत और उसके बाहर लाखों प्रशंसकों से जुड़ने और जुनून, दृढ़ता और प्रगति के साझा मूल्यों का जश्न मनाने का अवसर देता है।

---

## पहला टेस्ट सुबह 9:30 बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में

# टीम इंडिया घरेलू मैदान का उठाना चाहेगी फायदा दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों से निपटना कड़ी चुनौती

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच आज 14 नवंबर से कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ तेम्बा बावुमा की कप्तानी में प्रोटियाज टीम कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के बेहतरीन स्पिन आक्रमण के सामने भारत के सितारा बल्लेबाजों के कौशल की असली परीक्षा होगी जब दोनों टीमें दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में आमने सामने होंगी। दक्षिण अफ्रीका का गेंदबाजी आक्रमण इस समय स्पिनरों पर निर्भर है और ऐसे में मेजबान टीम को धीमे गेंदबाजों के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियन दक्षिण अफ्रीका आम तौर पर अच्छे तेज गेंदबाजों के लिये जानी जाती रही है लेकिन इस समय उसके पास धुरंधर स्पिनर हैं।



### लगभग बराबरी का रहा है आपसी मुकाबला

टेस्ट क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 44 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 16 मैच में जीत मिली है और 18 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। 10 मैच दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहे हैं। भारत की धरती पर दोनों टीमों के बीच 19 टेस्ट खेले गए हैं। 11 मैच में भारतीय टीम को जीत और 5 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा (ड्रॉ- 3) है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

राहुल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली घरेलू सीरीज में 3 पारियों में 196 रन बनाए थे। उनका हालिया प्रदर्शन शानदार रहा है। बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 20.76 की औसत के साथ 38 विकेट लिए हैं। वह भारत में 17.59 की औसत के साथ 54 विकेट ले चुके हैं। रबाडा ने भारत के खिलाफ 14 टेस्ट में 22.60 की औसत से 55 सफलताएं हासिल की।

### संभावित एकादश

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (उपकप्तान/विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, रयान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी जोरजी, काइल वेरिन (विकेटकीपर), सेनुरन मुथुसामी, कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर, केशव महाराज, और कगिसो रबाडा।

---

## एशियाई तीरंदाजी

# ज्योति सहित भारतीय महिला और मिश्रित टीम को स्वर्ण पदक



एजेंसी ▸▸| ढाका

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने यहां एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीते।

अनुभवी तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिला व्यक्तिगत वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले उन्होंने दीपशिखा और प्रितिका प्रदीप के साथ मिलकर महिला टीम वर्ग में देश को स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय महिला टीम ने कोरिया को फाइनल में 236-234 से हराया। तीनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया की पार्क येरिन, ओ यूहयून और जुंगियून पार्क को मात दी।

### ज्योति ने हराया हमवतन प्रितिका को

एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति ने कंपाउंड महिला व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में 17 साल की हमवतन प्रितिका पर 147-145 से जीत दर्ज कर खिताब जीता। ज्योति ने सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की सि यु चेन को 149-143 से हराने के दौरान केवल एक अंक गंवाया था जबकि प्रितिका ने अंतिम चार में घरेलू प्रबल दावेदार कुलसुम अख्तर मोन को 146-145 से पराजित किया था।

### अभिषेक और दीपशिखा ने जीता स्वर्ण पदक

कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अभिषेक वर्मा और दीपशिखा ने बांग्लादेश को 153-151 से हराकर स्वर्ण जीता। हालांकि कंपाउंड पुरूष टीम फाइनल में भारत को कजाखस्तान से 230-229 से हार का सामना करके रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में अभिषेक वर्मा, साहिल राजेश जाधव और प्रथमेश फुगे थे जबकि कजाखस्तान टीम में दिलमुखामेत मुसा, बुनियोद मिर्जामितोव और आंद्रेइ युतयुन शामिल थे।

---

## बैडमिंटन

# लक्ष्य जापान मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में, प्रणय हारकर बाहर



एजेंसी ▸▸| कुमामोतो (जापान)

भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन एचएस प्रणय का सफर दूसरे दौर में ही समाप्त हो गया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने 39 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 21-13, 21-11 से हराया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी सेन का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय को हालांकि 46 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में डेनमार्क के रासमस गेम्के के हाथों 18-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



### लक्ष्ये ने शुरू से ही बना ली थी बढ़त

लक्ष्य ने पहले गेम में 8-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद तेह ने कुछ देर के लिए 10-9 की मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी ने फिर बढ़त बना ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच 14-13 के स्कोर तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन इसके बाद लक्ष्य ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और जल्द ही 5-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इंटरवल तक 11-3 की बढ़त बनाकर अपने प्रतिद्वंदी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी और आसानी से मैच जीता।

---

# भारतीय महिला टेनिस टीम की अग्निपरीक्षा आज से

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला टेनिस टीम बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) क्वालीफायर्स में जगह बनाने के लिए आज शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे प्ले ऑफ में नीदरलैंड और स्लोवेनिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को घरेलू मैदान पर हराने की उम्मीद के साथ कोर्ट पर उतरेगी। भारतीय टीम चार नवंबर से शहर में डेरा डाले हुए है। गैर खिलाड़ी कप्तान विशाल उप्पल ने उम्मीद जताई कि 10 दिवसीय अभ्यास शिविर से उनके खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। भारत नीदरलैंड और स्लोवेनिया के साथ ग्रुप जी में है। भारतीय अभियान का नेतृत्व सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती, अंकिता रैना, रिया भाटिया और प्रार्थना थोम्बरे करेंगे।



### भारतीय टीम के मैच का शेड्यूल


शुक्रवार को नीदरलैंड और स्लोवेनिया के बीच मुकाबला होगा। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा और उसके बाद रविवार को वह सातवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड से भिड़ेगा। यह पहला अवसर है जबकि भारत इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है।

---

# यानिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह की पक्की

एजेंसी ▸▸| तूरिन (इटली)

गत चैंपियन यानिक सिनर ने घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के बीच अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। सिनर ने इनडोर हार्ड कोर्ट पर अपनी जीत का सिलसिला 28 मैचों तक बढ़ा दिया है। यह सिलसिला दो साल पहले इस प्रतियोगिता के फाइनल में नोवाक जोकोविच से मिली हार के बाद शुरू हुआ था। यह सिनर की ज्वेरेव पर लगातार पांचवीं जीत है, जिसमें इस वर्ष का ऑस्ट्रेलियाई ओपन का फाइनल भी शामिल है।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन

सिनर दो जीत के साथ ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि ज्वेरेव और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने एक-एक जीत हासिल की है। बेन शेल्टन अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाए हैं। एक अन्य मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त ऑगर अलियासिमे ने शेल्टन को 4-6, 7-6 (7), 7-5 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की।

---

## श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड का फरमान, दूसरा वन-डे आज


# पाक में धमाके के बावजूद श्रीलंका खेलेगी पूरी सीरीज

एजेंसी ▸▸| इस्लामाबाद

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं के बावजूद अपनी टीम को पाकिस्तान का दौरा जारी रखने का आदेश दिया है। कई खिलाड़ियों ने घर लौटने की इच्छा जताई थी, लेकिन बोर्ड ने चेतावनी दी कि ऐसा करने वालों पर औपचारिक समीक्षा की जाएगी। बोर्ड ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह खिलाड़ियों के स्थान पर नए खिलाड़ी भेजेगा। बता दें, हमले में 12 लोगों की मौत और 27 घायल हुए थे।

### शेड्यूल में हुआ बड़ा बदलाव

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दूसरे और तीसरे वनडे मैचों का शेड्यूल बदल दिया है। अब दूसरा मैच गुरुवार की बजाय शुक्रवार (14 नवंबर) और तीसरा मैच शनिवार की बजाय रविवार (16 नवंबर) को रावलपिंडी में खेला जाएगा। पीसीबी के प्रमुख और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सोशल मीडिया पर नया कार्यक्रम साझा करते हुए श्रीलंकाई टीम का आभार जताया है। श्रीलंका ने हालिया सुरक्षा चिंताओं के बावजूद पाकिस्तान दौरा जारी रखने का फैसला किया है।




### श्रीलंका का खिलाड़ियों के लिए आदेश

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि उनकी सभी सुरक्षा चिंताओं पर पीसीबी और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। बोर्ड ने बयान जारी कर कहा कि खिलाड़ियों से तुरंत बातचीत की गई और उन्हें आश्वस्त किया गया कि दौरे पर मौजूद प्रत्येक सदस्य की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### खिलाड़ी अगर घर लौटे तो तुरंत नए सदस्य आएंगे

एसएलसी ने यह स्पष्ट किया कि जो खिलाड़ी या सहयोगी स्टाफ सदस्य घर लौटना चाहेंगे, उनकी जगह तुरंत नए सदस्य भेजे जाएंगे ताकि सीरीज बिना बाधा जारी रह सके। बोर्ड ने कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मौजूदा दौरे की निरंतरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता के तहत लिया गया है। बोर्ड ने दोहराया कि सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।




### अंडर-22 इंटर क्लब/ अकादमी बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट

# अंकुर अकादमी, रेल्वे यूथ और मयंक अकादमी की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल डिवीज़न क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में बाबे अली मैदान पर अंकुर क्रिकेट अकादमी और भोपाल लेपड्र्स क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। अंकुर अकादमी ने 35 ओवर में 8 विकेट पर 145 रन बनाए, जिसमें हिमांश मेवाड़ा ने 36 और रूद्र प्रताप सिंह तोमर ने नाबाद 23 रन बनाए।


रबजीत सिंह मल्ही

भोपाल लेपड्र्स के कृष्णा मिश्रा ने 3, सत्यम और ओजस शुक्ला ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में भोपाल लेपड्र्स ने 21.5 ओवरों में 72 रन बनाए, जिसमे युवराज सिंह ने 13 रन बनाए अंकुर अकादमी से रबजीत सिंह मल्ही ने 4, तन्मय पाण्डेय और हिमांश ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह अंकुर ने भोपाल लेपड्र्स अकादमी को 73 रनो से हराया।

### रेल्वे यूथ ने सेंट माइकल को 1 विकेट से हराया


आदित्य अहिरवार

अंडर-22 बॉयज का दूसरा मैच फ़ेथ क्रिकेट मैदान रातीबड़ पर रेल्वे यूथ अकादमी और सेंट माइकल के मध्य खेला गया, सेंट माइकल 48 ओवर में 164 रन बनाए, जिसमें अजहर मेहमूद ने 47 और आयुष यादव ने 44 रन बनाए। रेल्वे यूथ से गेंदबाजी करते हुए दिव्यांश ने 3, आदित्य अहिरवार, अंजेश और संस्कार ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में रेल्वे यूथ ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 165 रन बनाए, जिसमें आदित्य अहिरवार ने नाबाद 65, अदिब खान ने 57 रन बनाए। सेंट माइकल से गेंरनवीर वैध 4 और संस्कार ने 2 विकेट लिए। इस तरह रेल्वे यूथ ने सेंट माइकल को 1 विकेट से हराया।

### मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने अकीरा अकादमी को 129 रनों से हराया


देवांश यदुवंशी

बीडीसीए अंडर-22 बॉयज का तीसरा मैच ओल्ड फ्रेंड्स मैदान पर मयंक चतुर्वेदी अकादमी और अकीरा क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया, मयंक चतुर्वेदी 50 ओवर में 6 विकेट पर 263 रन बनाए,जिसमें प्रियांशु प्राण ने 58, देवांश यदुवंशी ने 52 और रिषभ पाण्डेय ने नाबाद 51 रन बनाए। अकीरा से इशांक शर्मा ने 3 और आर्यन शर्मा ने 2 विकेट लिए। जवाब में अकीरा ने 43.3 ओवर में 134 ही बना सकी, जिसमें मलय श्रीवास्तव ने 40 और युवराज सिंह ने 35 रन बनाए। मयंक अकादमी से हर्ष सेन और मोनू सिंह ने 3-3 विकेट और देवांश यदुवंशी ने 2 विकेट लिए। इस तरह मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने अकीरा अकादमी को 129 रनों से हराया।

# बीडीसीए प्रेसिडेंट एकादश ने फेथ क्लब को 2 विकेट से हराया

*शानदार बल्लेबाजी के लिए आयुष अवस्थी बने मैन ऑफ द मैच*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्व.हुकुम सिंह ठाकुर स्मृति ग्रीन पैराडाइस कप अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार का मैच बीडीसीए प्रेसिडेंट एकादश और फेथ क्लब के बीच खेला गया। बीडीसीए के कप्तान प्रारब्ध मिश्रा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला किय।

,फेथ क्लब ने 226/10 रन 44..4 ओवरों में बनाए। इनमें अनंत दुबे ने 46, राहुल चन्द्रोल ने 34, प्रंकेश राय ने 32 और आकाश दीप एवं गौरव पिचोनिया ने 31-31 रन बनाए। बीडीसीए की ओर से अनिमेष सिंह ने 3, प्रारब्ध मिश्रा ,प्रथम सेंगर और नीरज ग्रोवर ने 2-2 विकेट लिए। बीडीसीए ने जवाबी पारी खेलते हुए 47.1 ओवर में 226/8 रन बना कर मैच को 2 विकेट से जीत लिया। आयुष अवस्थी ने नाबाद शतक 123 रन,तनिष्क यादव ने 38 जबकि विकास शर्मा ने 29 रन बनाए। फेथ की ओर से प्रथ्वीराज तोमर ने 3 जबकि युवराज नेमा और अलंक्रित सिंह ने 2-2 विकेट लिए। मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए आयुष अवस्थी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ क्रिकेट कोच सुरेश खड़से, विभव मिश्रा व अतिन श्रीवास द्वारा प्रदान किया गया।


आयुष अवस्थी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

# 72 की उम्र में ओम साधेंगे भोपाल शूटिंग चैंपियनशिप में निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शुरू हुई 10 मीटर एयर पिस्टल और राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में देशभर के निशानेबाजों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में खास आकर्षण 72 वर्षीय ओम मेहरा रहने वाले हैं, जो साबित करेंगे कि उम्र केवल एक संख्या है, जज़्बा और लगन ही सफलता की असली कुंजी है। आगरा की संकल्प शूटिंग एकेडमी के प्रशिक्षु ओम मेहरा को उनके कोच विक्रम सिंह तोमर ने प्रतियोगिता के लिए तैयार किया है।

उन्होंने बताया कि ओम मेहरा ने कुछ माह पूर्व ही शूटिंग शुरू की थी, लेकिन अल्प समय में ही उन्होंने बेहतरीन निशानेबाजी कर सिल्वर मेडल तक का सफर तय किया है। ओम मेहरा का पेशेवर जीवन भी प्रेरणादायक रहा है। वे जयपुरिया ग्रुप की कई इकाइयों में वरिष्ठ पदों पर कार्य कर चुके हैं और अफ्रीका के ज़िम्बाब्वे में सीओओ के पद पर भी रह चुके हैं। संगीत के शौकीन ओम मेहरा न केवल शूटिंग में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सक्रियता का उदाहरण बने हुए हैं। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र समेत देश के विभिन्न राज्यों से सैकड़ों निशानेबाज भाग ले रहे हैं।


शूटर ओम मेहरा।

# सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**भोपाल।** सारंग लीग बीडीसीए अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट कल से गौतम नगर के खेल मैदान में शुरू होने जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग सुबह 9 बजे करेंगे। यह टूर्नामेंट का 14वां संस्करण है। इस टूर्नामेंट में 20 टीम भाग ले रही हैं, जिसे ग्रेड ए और ग्रेड बी में बांटा गया है।

**खेल मंत्री सारंग करेंगे शुभारंभ**

#### *ग्रेड बी की टीम*

*रायसेन क्रिकेट अकादमी, यंग स्टार क्रिकेट अकादमी, कनारा क्रिकेट अकादमी, अकीरा क्रिकेट अकादमी, नायर क्रिकेट अकादमी, सिली पॉइंट, शिवाय क्रिकेट अकादमी, रेलवे गर्वित (बी), रोबिन मेनेन क्रिकेट अकादमी, अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी, ऐस क्रिकेट अकादमी, रेलवे यूथ (बी)।*

#### ग्रेड ए की टीम

संजय गुप्ता क्रिकेट अकादमी, रेलवे गर्वित, वीएस क्रिकेट अकादमी, रेलवे यूथ, अंकुर क्रिकेट अकादमी, उड़ान क्रिकेट, अकादमी, मयंक क्रिकेट अकादमी और अरेरा क्रिकेट अकादमी।

# मास्टर्स खेल स्पर्धा में पिता-पुत्र ने जीते तीन-तीन गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उज्जैन में आयोजित 5वीं मध्य प्रदेश स्टेट मास्टर्स खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें 15 जोन के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें संत हिरदाराम कॉलेज भोपाल के ग्रुप एडवाइजर पीएस राठौर ने निशानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते।

इसी प्रतियोगिता में उनके पुत्र डॉ. सिद्धार्थ राठौर ने भी तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किया। डॉ. सिद्धार्थ राठौर ने डिस्क डिस्कस, थ्रो शॉट, पुट थ्रो तथा जैवलिन थ्रो में सभी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए तीनों प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीते। पीएस राठौर ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ एवं डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीते। पिता पुत्र को एक साथ तीन-तीन गोल्ड मेडल जीतने पर मास्टर्स गेम्स संगठन मध्य प्रदेश के सचिव अमानत खान ने बधाई दी एवं 27 से 31 जनवरी 2026 में नासिक में होने वाले राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स के लिए शुभकामनाएं दी।


स्वर्ण पदकों के साथ संत हिरदाराम कॉलेज के पीएस राठौर व उनके पुत्र डॉ. सिद्धार्थ राठौर।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट में भोपाल ने सभी 4 श्रेणियों में रजत पदक जीते

## सभी खिलाड़ियों का एमपी की स्टेट टीम के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा में 7 नवंबर से 11 नवंबर तक आयोजित एसजीएफआई राज्यों के बैडमिंटन टूर्नामेंट में भोपाल ने सभी 4 श्रेणियों यानी अंडर 17 लड़कियों, अंडर 19 लड़कियों, अंडर 17 लड़कों और अंडर 19 लड़कों में 4 रजत पदक जीते। छिंदवाड़ा के कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने सभी विजेताओं को ट्रॉफियां दीं। इन खिलाड़ियों का एमपी की स्टेट टीम के लिए चुनाव हुआ और ये सभी नेशनल लेवल पर मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।




#### ये रहे सर्वश्रेष्ठ

*अंडर-19 लड़कियां: इशिता आर्य*
*लड़के: धीरेंद्र खुशवाहा, आर्यन उपाध्याय*
*अंडर-17 लड़के: आदित्य शर्मा, मन्नत सभलोक*

## लाइफ स्टाइल

### टीवी मसाला



# टीआरपी लिस्ट जारी, अनुपमा और तुलसी के बीच कड़ा मुकाबला

**नई दिल्ली।** 44वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा' ने अपना दबदबा कायम रखा है। इस हफ्ते भी सीरियल टॉप पर रहा। 'अनुपमा'सीरियल को 2.1 की टीआरपी मिली है। वहीं, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' दूसरे नंबर पर है। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। तीसरे स्थान पर 'उड़ने की आशा'और चौथे नंबर पर 'तुम से तुम तक'सीरियल है। दोनों सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पांचवे नंबर पर है। इस बार इस सीरियल को 1.7 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल लगभग 17 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। सलमान खान शो 'बिग बॉस 19' को होस्ट करते हैं। सलमान के स्वैग के बावजूद यह शो इस बार दर्शकों को पसंद नहीं आ रहा है। इस बार शो में सिंगर अमाल मलिक, इंफ्लुएंसर तान्या मित्तल, टीवी एक्टर गौरव खन्ना जैसे लोग बतौर प्रतियोगी शामिल हैं। शो में खूब ड्रामा होता है लेकिन इसके बावजूद 44वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में

## सोढ़ी ने धर्मेंद्र के लिए मांगी दुआ

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नजर आ चुके गुरुचरण सिंह का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वो धर्मेंद्र के बारे में बातें करते दिख रहे हैं। इस वीडियो में उन्होंने धर्मेंद्र के लिए प्रार्थना करते हुए काफी कुछ कहा है। गुरुचरण सिंह से धर्मेंद्र को लेकर सवाल किया गया जिसपर वो कहते दिख रहे हैं, 'मैंने तो आज पढ़ा कि वो हॉस्पिटल से आ गए वापस।' इसपर सवाल पूछने वाले कहते दिख रहे हैं- हां, वो घर आ गए। इसके बार गुरुचरण सिंह कह रहे हैं- यार, ऐसे टेंशन में मत डालो। मैंने पढ़ा कि हॉस्पिटल से आ गए हैं घर। हम उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं.. वो हमेशा मेरे आइडियल हैं। वो बहुत बढ़िया रहें, फर्स्ट क्लास रहें।' उन्होंने आगे कहा, 'उनको देख-देख कर हम बड़े हुए हैं। उनसे सीख-सीख के हमें लगा कि हमें भी इंडस्ट्री में आना चाहिए। धर्मेंद्र पाजी जल्दी-जल्दी अच्छे हो जाएं और हम फिर से उनसे मिलें।' इस वीडियो पर लोगों ने कुछ कॉमेंट भी किए हैं। एक ने कहा- आप शो में वापस क्यों नहीं आ जाते? वहीं किसी ने पूछा- ये वापस आ गए? बता दें कि हाल ही में गुरुचरण सिंह ने फैन्स को खुशखबरी दी थी।



# धर्मेंद्र का हाल देख अमिताभ टूटे लिखा दिल कचोटने वाला पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन 12 नवंबर को धर्मेंद्र के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उन्हें देखने उनके घर पहुंचे थे। धर्मेंद्र का हाल देख अमिताभ और टूट गए और अब सोशल मीडिया पर दिल कचोटने वाला पोस्ट लिखा है। दोस्त धर्मेंद्र की नासाज तबीयत ने अमिताभ बच्चन की भी रातों की नींद उड़ा दी है। दोस्त को देखने और हालचाल लेने के बाद अमिताभ ने एक पोस्ट किया है, जिसमें उनका दुख साफ झलक रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे हर दिन के दुख को झेलने और सर्वाइव करने के लिए हिम्मत चाहिए। अमिताभ ने लिखा, 'सुलह करो, और जो है उससे सुलह करे। जब सुलह से कुछ पैदा न हो...हर दिन एक मुश्किल पल... और उससे निपटने और जीवित रहने के लिए जरूरी ताकत चाहिए।' बाबूजी हरिवंशराय बच्चन की कुछ लाइनें लिखीं। ये थीं- वो किसे दोषी ठहराएं, और किसको दुख सुनाएं, जबकि मिट्टी साथ मिट्टी के करे अन्याय।' धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन की दोस्ती की बात करें, तो इसकी शुरुआत साल 1975 से हुई थी। तब धर्मेंद्र पहले से ही सुपरस्टार थे, और अमिताभ 'एंग्री यंग मैन' बनकर उभरे थे। उस साल अमिताभ और धर्मेंद्र 'शोले' और 'चुपके चुपके' में नजर आए थे। दोनों फिल्में सुपरहिट रही थीं और अमिताभ-धर्मेंद्र की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इसके बाद उन्होंने साथ में कई और फिल्में की थीं।



# लॉस एंजिल्स में हुई होमबाउंड की स्क्रीनिंग साथ नजर आए ईशान और विशाल

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर एक खास जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। फिल्म 'होमबाउंड' की स्क्रीनिंग लॉस एंजिल्स में हुई, जिसकी तस्वीरें करण ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर खुशी जाहिर की है। करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर पोस्ट शेयर किया है। करण ने दो तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें 'होमबाउंड' के स्टार विशाल जेठवा और ईशान खट्टर के अलावा कई लोग नजर आ रहे हैं। 'होमबाउंड' दो दोस्तों की कहानी है, जो पुलिस अधिकारी बनने के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक असमानता और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इस फिल्म में विशाल जेठवा और ईशान खट्टर और जान्हवी कपूर ने अहम भूमिका निभाई है। 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा की फिल्म 'होमबाउंड' न्यूयॉर्क टाइम्स के एक निबंध से प्रेरित है।




### सिनेप्रेमियों के लिए बहुत ही शानदार साबित होने वाला है बाल दिवस

# सिनेमाघरों में आज रिलीज होंगी ये शानदार फिल्में

*मुंबई। 14 नवंबर का दिन सिनेप्रेमियों के लिए बहुत ही शानदार साबित होने वाला है। इस दिन थिएटर्स में कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इस कड़ी में दे दे प्यारे दे 2, कांथा से लेकर द रनिंग मैन जैसी फिल्में शामिल हैं।*

#### दे दे प्यार द 2

अजय देवगन और रकुलप्रीत सिंह की फिल्म दे दे प्यार दे 2 सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज होगी। यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई दे दे प्यार दे की सीक्वल है। इस बार फिल्म में अजय देवगन के साथ आर माधवन, गौतमी कपूर और मीजान जाफरी जैसे नए चेहरे नजर आएंगे।

#### कांथा

साउथ अभिनेता दुलकर सलमान की फिल्म कांथा की कल यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में 1950 का दशक दिखाया गया। जुनूनी फिल्ममेकर अय्या अपने बेटे (दुलकर सलमान) को बचपन से हीरो बनाने की तैयारी करता है। लेकिन, आगे चलकर इस वजह से पिता और बेटे के रिश्ते में दूरी आती है, टकराव बढ़ता है। इस फिल्म में दुलकर सलमान के अलावा समुथिरकानी मुख्य भूमिका में हैं।





**काल त्रिघोरी** : नितिन वैद्य द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'काल त्रिघोरी' भी 14 नवंबर को रिलीज होगी। इस हॉरर फिल्म में अरबाज खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म भूत-प्रेत और जादू-टोने जैसी चीजों को दिखाती है। फिल्म में राजेश शर्मा, मुग्धा गोडसे और अन्य कलाकार भी होंगे।

#### दाउद

तमिल फिल्म 'दाउद' भी 14 सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में दथो राधारवी, लिंगा, साई धीना, अभिषेक, जयकुमार और शरा अहम रोल में हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि यह फिल्म कैसा प्रदर्शन करती है।

#### लव ओटीपी

अभिनेता से निर्देशक बने अनीश तेजेश्वर अपनी दूसरी फिल्म 'लव ओटीपी' के साथ निर्देशन में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस फिल्म में अनीश तेजेश्वर, जाह्नविका कलाकेरी और राजीव कनकला भी मौजूद हैं। यह फिल्म तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी।

#### द रनिंग मैन

एडगर राइट के निर्देशन में बनी हॉलीवुड एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द रनिंग मैन' भी 14 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में ग्लेन पॉवेल मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930